धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक


# खबर मन्त्र

रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित | सबकी बात सबके साथ

सुप्रभात
रांची, मंगलवार
01.04.2025
* * नगर संस्करण। पेज : 12

khabarmantra.net | चैत्र, शुक्ल पक्ष, तृतीया/चतुर्थी, संवत् 2082 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 256 | khabarmantralive.com

## मां चौथा स्वरूप : कुष्मांडा



**सुरासम्पूर्णकलशं रुधिराप्लुतमेव च।
दधाना हस्तपद्माभ्यां कूष्माण्डा शुभदाऽस्तु मे॥**

नवरात्र-पूजन के चौथे दिन कूष्माण्डा देवी के स्वरूप की ही उपासना की जाती है। इस दिन साधक का मन 'अनाहत' चक्र में अवस्थित होता है। मान्यताओं के अनुसार, मां कुष्मांडा ने अपनी हंसी से ब्रह्मांड की रचना की है। मां कुष्मांडा ब्रह्मांडीय ऊर्जा की देवी हैं। इनकी पूजा से स्वास्थ्य और शक्ति मिलती है। अपनी मन्द, हल्की हंसी के द्वारा अंड यानी ब्रह्मांड को उत्पन्न करने के कारण इस देवी को कुष्माण्डा नाम से जाना जाता है।

## न्यूज डायरी

### कल वक्फ संशोधन बिल की सदन में पेशी संभव

**नयी दिल्ली।** विपक्ष के विरोध के बावजूद सरकार ने 2 अप्रैल को लोकसभा में वक्फ संशोधन विधेयक पेश करने का फैसला किया है। गृह मंत्री अमित शाह ने साफ कर दिया है कि यह विधेयक संविधान के अनुरूप बनाया जायेगा इससे डरने की जरूरत नहीं है।

### सीबीआइ ने घूस लेते रंगे हाथ चार को दबोचा

**धनबाद।** सीबीआई की टीम ने कोल इंडिया की इकाई ईसीएल मुग्मा एरिया के खुदिया कोलियरी दफ्तर के दो क्लर्क व दो अन्य को घूस लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। एक कोलकर्मी रिटायरमेंट के बाद मिलने वाली राशि भुगतान के लिए रिश्वत की मांग की जा रही थी।

### मां के आशीर्वाद से भक्तों में ऊर्जा का संचार: मोदी

**नयी दिल्ली।** पीएम मोदी ने सोमवार को चैत्र नवरात्रि के दूसरे दिन देशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। एक्स पर एक पोस्ट में पीएम मोदी ने लिखा, नवरात्रि पर देवी मां का आशीर्वाद भक्तों में सुख-शांति और नयी ऊर्जा का संचार करता है।

## राज्यभर में सौहार्दपूर्ण माहौल में मनी ईद



## पारंपरिक धार्मिक अनुष्ठान के साथ प्रकृति पर्व सरहुल शुरू




# नमाज के बाद अमन-चैन की दुआ

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** मुस्लिम समुदाय का पवित्र त्योहार ईद उल-फित्र सोमवार को राजधानी रांची समेत पूरे राज्य में सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाया गया। रांची की प्रमुख ईदगाहों– हरमू, डोरंडा, कडरू, राईन मस्जिद और हव्वारी मस्जिद सहित सभी मस्जिदों में ईद की विशेष नमाज अदा की गयीष ईद की विशेष नमाज के दौरान नमाजियों ने राज्य और देश में अमन-चैन और खुशहाली की दुआ मांगी। लोगों ने एक-दूसरे से गले मिलकर बधाईयां दीं। राज्य के कई इलाकों में वक्फ संशोधन बिल के खिलाफ मुस्लिम समुदाय ने काली पट्टी बांधकर नमाज अदा की। ईद के अवसर पर शहर के गली कूचा, मुस्लिम बहुल मुहल्लों में रंग बिरंगे फूलझड़ियों के साथ ही सुंदर विद्युत सज्जा की गयी थी। (शेष पेज 11 पर)

### ईद अमन-चैन भाईचारे का पैगाम : कादरी

डोरंडा ईदगाह में हजरत मौलाना सैयद शाह अलकमा शिबली कादरी ने कहा कि ईद अमन, शांति और भाईचारे का पैगाम देता है। ईद का मतलब ही होता है खुशी। वह खुशी जो जिंदगी में बार-बार आये। हर व्यक्ति की अपनी ईद होती है। जैसे बीमार व्यक्ति जब ठीक हो जाता है तो उसकी ईद है। जेल में बंद व्यक्ति जब जेल से छूट जाता है तो उसकी ईद है। मस्जिद जाफरिया में हजरत मौलाना हाजी सैयद तहजीबुल हसन रिजवी ने भी मुस्लिम समुदाय के लोगों को संबोधित किया।

#### मोहब्बत का दिया पैगाम

ईद की नमाज के बाद मौलाना असगर मिस्बाही ने अपने संदेश में कहा कि ईद और इस्लाम मोहब्बत का पैगाम देता है। इंसान से इंसान के बीच मोहब्बत का पैगाम देता है। उन्होंने कहा कि हिंदुस्तान में मजहब की आजादी ही यहां की खूबसूरती है। मौलाना असगर मिस्बाही ने कहा कि जो लोग नफरत फैलाना चाहते हैं उनके मंसूबों को हमें प्रेम और भाईचारे से नाकाम करना है।

### हैवान बना पति, पत्नी और बेटे की ली जान

**सरायकेला।** घरेलू विवाद के चलते आरोपी पति ने पत्नी-बेटे की धारधार हथियार से हत्या कर दी। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। कांडाधोरा तामुलिया क्षेत्र की इस घटना ने लोगों का दिल दहला दिया। कपाली थाना क्षेत्र के निवासी सुखराम मुंडा ने अपनी पत्नी रविबारी सिंह और 5 साल के बेटे की धारदार हथियार से बेरहमी से हत्या कर दी। चांडिल के एसडीपीओ अरविंद कुमार बिन्हा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर इसकी जानकारी दी है। कहा कि आरोपी शराब का सेवन करता था।

# आज निकलेगी भव्य शोभायात्रा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** प्रकृति के महापर्व सरहुल के मौके पर मंगलवार को भव्य शोभा यात्रा निकाली जायेगी। सभी तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं। सीएम हेमंत सोरेन मुख्य अतिथि होंगे। सोमवार को परंपरा के अनुसार, केकड़ा-मछली पकड़ने, मुर्गों की बलि और पूजा अनुष्ठान के साथ ही इस प्रकृति पर्व का शुभारंभ हो गया। सुबह ही हातमा, सिरमटोली, देशावली समेत अन्य सरना स्थलों पर पूजा के लिए मिट्टी के घड़ों में पानी भरा। पाहनों ने विधिवत पूजा-अर्चना कर अनुष्ठान संपन्न किया। धार्मिक अनुष्ठान के साथ मंगलवार की सुबह मुख्य पाहन जगलाल पाहन सरना स्थल पर घड़ों में रखे पानी व मौसम की स्थिति का आकलन कर भविष्यवाणी करेंगे कि इस वर्ष बारिश कैसी होगी। सरहुल पूजा होने के बाद दोपहर दो बजे से रांची के विभिन्न मौजा, अखड़ा और सरना स्थलों से शोभायात्रा निकाली जायेगी। सरहुल पूर्व संध्या पर रांची विवि दीक्षांत मंडप में सोमवार को नव सरना युवक संघ द्वारा आयोजित सरहुल पूर्व संध्या समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में कल्याण मंत्री चमरा लिंडा, नेहा शिल्पी तिर्की समेत अनेक गणमान्य लोग शामिल हुए।

**आज भव्य शोभा यात्रा :** मंगलवार दोपहर दो बजे से रांची के विभिन्न मौजा, अखड़ा और सरना स्थलों से भव्य शोभायात्रा निकाली जायेगी। इसमें महिला-पुरुष और बच्चे अपने पारंपरिक वेशभूषा व वाद्ययंत्रों और आकर्षक जनजातीय झांकियों के साथ नाचते-गाते हुए शामिल होंगे। (शेष पेज 11 पर)



# प्रदेश कांग्रेस प्रभारी ने पांच दिवसीय मंथन शिविर में संगठन की मजबूती के लिए खींची नयी लकीर

सत्येन्द्र

**रांची।** लोकसभा और विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को मनमाफिक सफलता नहीं मिलने के बाद झारखंड प्रदेश कांग्रेस द्वारा प्रदेश कांग्रेस संगठन को मजबूत करने के इरादे से बुलाई गयी संगठन सृजन वर्ष-2025 के तहत पांच दिवसीय मंथन कार्यक्रम का समापन पिछले रविवार को हो गया। मंथन कार्यक्रम के बाद पार्टी के अंदर अब यह सवाल उठने लगा है कि इस मंथन से पार्टी संगठन को अमृत के रूप में क्या मिलेगा और क्या इस मंथन बैठक से नेताओं एवं कार्यकर्त्ताओं के अंदर व्याप्त विष बाहर भी निकला है या नहीं। इसके बावजूद नये प्रदेश प्रभारी के राजू के नेतृत्व में झारखंड कांग्रेस के इतिहास में पहली बार पांच दिनों तक चले मंथन



कार्यक्रम के बाद कांग्रेस के कार्यकर्त्ताओं और नेताओं में यह विश्वास जागृत हुआ है कि प्रदेश संगठन की स्थिति सुदृढ़ होगी और जमीन से जुड़े लोगों को संगठन में तरजीह मिलेगी और परिक्रमा करनेवाले नेताओं को बाहर का रास्ता देखना होगा।

इस बैठक के बाद प्रदेश प्रभारी के. राजू ने भी कुछ बातें स्पष्ट कर दी हैं। उन्होंने स्पष्ट रूप से यह कहकर संकेत दे दिया है कि पार्टी संगठन की कमजोरी और लोकसभा-विधानसभा चुनाव में आपसी सामंजस्य में कमी की वजह से नतीजा बेहतर नहीं हो सका। ऐसे में संगठन और सरकार के बीच सामंजस्य जरूरी है। चुनाव के वक्त संगठन के प्रति वफादारी नहीं निभानेवाले नेताओं पर कार्रवाई भी होगी।

ज्ञात हो कि पांच दिवसीय झारखंड कांग्रेस मंथन कार्यक्रम के दौरान पांच दिनों तक 10 सत्रों में बैठकों का दौर चला। कुशल प्रशासक रहे और राहुल गांधी के बेहद करीब प्रदेश प्रभारी के. राजू ने संगठन को ग्राम और वार्ड स्तर पर गठित करने की योजना बना डाली। अब कांग्रेस का न सिर्फ ग्रामीण स्तर पर कमिटी गठित होगी बल्कि उसे टास्क भी दिया जाएगा और उसकी मॉनिटरिंग भी होगी। इसके लिए नेताओं एवं कार्यकर्त्ताओं को प्रदेश संगठन द्वारा सौ दिन का टास्क भी दिया गया है।

पांच दिनों तक चले इस बैठक में संगठन से जुड़े नेताओं का विचार सामने आने के बाद यह स्पष्ट हो गया कि कमजोर संगठन की वजह से चुनाव में उम्मीद के अनुरूप सीटें नहीं मिलीं। कांग्रेस के प्रवक्ता सोनाल शांति उर्फ रिंकू तिवारी ने कहा कि मंथन के दौरान यह माना गया कि हमारी सांगठनिक क्षमता कमजोर है और इसी वजह से चुनाव में मनमाफिक नतीजे नहीं आये। उन्होंने बताया कि मंथन शिविर के दौरान ऐसे लोगों की भी पहचान की गई है जो चुनाव के समय में अपनी भूमिका नहीं निभाई। निश्चित रूप से वैसे लोगों पर कार्रवाई की जाएगी।

### प्रदेश कांग्रेस के लिए मंथन शिविर रहा उपयोगी

झारखंड कांग्रेस के प्रदेश मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा ने पांच दिवसीय मंथन शिविर को बेहद उपयोगी बताया है। उन्होंने कहा कि मंथन से निकले अमृत का प्रभाव यह होगा कि कांग्रेस संगठन पंचायत से लेकर पीसीसी तक मजबूत होगी। सत्ता और संगठन दोनों एक दूसरे का पूरक हैं। मजबूत संगठन से सत्ता की प्राप्ति होती है और सत्ता मिलने से संगठन को मजबूती मिलती है। सरकार के जन उपयोगी कामों को जनता के बीच ले जाने का काम संगठन करती है, अगले पांच वर्षों में यह काम कांग्रेस को करना है।

## झारखंड में फिर बदलेगा मौसम आंधी-तूफान साथ गिरेंगे ओले

खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। झारखंड में एक बार फिर मौसम अंगड़ाई लेने वाला है। दो अप्रैल के बाद से राज्य के विभिन्न हिस्सों में आंधी-तूफान के साथ बारिश व ओले गिरने की संभावना जताई गई है। वेस्टर्न डिस्टर्बेंस (पश्चिमी विक्षोभ) के कारण उत्तर भारत के 6 राज्यों में बारिश, आंधी-तूफान का अलर्ट जारी किया है। इसे लेकर मौसम विभाग ने ऑरेंज अलर्ट जारी कर दिया है।

**दो अप्रैल से मौसम लेगा अंगड़ाई :** मौसम विभाग के अनुसार, झारखंड में 2 अप्रैल से मौसम करवट लेगा। लगातार 3 दिनों तक झारखंड के अलग-अलग हिस्सों में आंधी-तूफान के साथ गरज के साथ वर्षा और वज्रपात की संभावना है। दो अप्रैल को गढ़वा, पलामू, चतरा, कोडरमा, हजारीबाग, लातेहार, लोहरदगा, रामगढ़, रांची, खूंटी, गुमला, सिमडेगा और पश्चिमी सिंहभूम में बारिश और आंधी-तूफान की संभावना है।

**तीन अप्रैल को 40-50 किलोमीटर रफ्तार से चलेगी हवा :** मौसम विभाग के अनुसार, तीन अप्रैल को झारखंड के उत्तरी-पश्चिमी और उत्तरी-मध्य भागों में आंधी-तूफान की संभावना है। इस दौरान हवा की रफ्तार 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटा रह सकती है। झारखंड के दक्षिणी और मध्य भागों में ओले गिरने की संभावना है। इस दौरान आंधी-तूफान के साथ बादल गरजेंगे और बारिश होगी। इससे गढ़वा, पलामू, चतरा, कोडरमा, हजारीबाग, लातेहार, लोहरदगा, रामगढ़, रांची, खूंटी, गुमला, सिमडेगा और पश्चिमी सिंहभूम प्रभावित होंगे।

**चार अप्रैल को बढ़ जाएगी हवा की रफ्तार :** झारखंड के दक्षिणी-पूर्वी और मध्य भागों में 4 अप्रैल को आंधी-तूफान की संभावना है। इस दौरान हवा की रफ्तार 50 से 60 किलोमीटर प्रति घंटा रह सकती है। चार अप्रैल को गढ़वा, पलामू, चतरा, कोडरमा, हजारीबाग, लातेहार, लोहरदगा, रामगढ़, रांची, खूंटी, गुमला, सिमडेगा, पश्चिमी सिंहभूम, लोहरदगा, गुमला, सिमडेगा, पश्चिमी सिंहभूम, खूंटी, रांची, रामगढ़, हजारीबाग, कोडरमा, गिरिडीह, धनबाद, बोकारो, सरायकेला-खरसावां, पूर्वी सिंहभूम, जामताड़ा, देवघर, दुमका, पाकुड़, गोड्डा और साहिबगंज जिले प्रभावित हो सकते हैं।

# पारिवारिक समारोह में भाग ले कर सीएम लौटे



खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन एक पारिवारिक समारोह में भाग लेने रविवार देर रात अपने ननिहाल सरायकेला के चांडिल अनुमंडल स्थित कांगलाडीह गांव पहुंचे। यह एक पारिवारिक कार्यक्रम था, जिसमें परिवार के सदस्य और स्थानीय नेता भी शामिल हुए। इस मौके पर श्री सोरेन ने अपने परिवार के रिश्तेदारों से मिलकर उनका हाल-चाल जाना और तस्वीरें भी खिंचवायी।

सीएम ने समारोह में भाग ले कर बाद में सीएम सुबह रांची लौट आये।

कार्यक्रम में उनकी पत्नी व विधायक विधायक कल्पना मुर्मू सोरेन, ईचागढ़ की विधायक सविता महतो और हेमंत सोरेन की माता रुपी सोरेन भी उपस्थित रहीं। वहां पहुंचने पर मुख्यमंत्री ने परिवार के छोटे-छोटे बच्चों का अभिवादन किया। सीएम के मामा के घर उनके ममेरे भाई (मामा के लड़के) के बच्चे का अन्नप्राशन समारोह था। वच्चे को आशीर्वाद दिया। गांव के लोगों के साथ फोटो भी खिचवाई। तय समय से काफी देर से स्त्री सोरेन वहां पहुंचे थे, गांव वाले बड़ी संख्या में मुख्यमंत्री और उनके परिवार के स्वागत में घंटों खड़े रहे। गांव के लोग सीएम हेमंत सोरेन की एक झलक पाने को भी आतुर दिखे।

मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को लेकर कड़ी सुरक्षा की व्यवस्था की गयी थी। चांडिल अनुमंडल क्षेत्र को सुरक्षा के दृष्टिकोण से छावनी में तब्दील कर दिया गया था।

### मकॉन हॉल में आज मनाया जायेगा उत्कल दिवस

**रांची।** ओडिया भाषी लोगों का सबसे पुराना सामाजिक-सांस्कृतिक संगठन सागरिका 2 अप्रैल को मेकॉन कम्युनिटी हॉल में उत्कल दिवस मनायेगा। उत्कल दिवस 1 अप्रैल को 1936 में ओडिशा राज्य के गठन के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। यह भाषा और संस्कृति के आधार पर एक अलग पहचान के लिये ओडिया लोगों के लंबे संघर्ष की याद दिलाता है। उत्कल दिवस 2025 को ओडिशा के लोग राज्य की समृद्ध विरासत और ऐतिहासिक महत्व को पहचानते हुये बड़े उत्साह के साथ मनायेंगे। दीप प्रज्वलन और मंत्र पाठ के बादए सागरिका का सांस्कृतिक समूह प्रसिद्ध बंदे उत्कल जननी गायेगा। सागरिका के अध्यक्ष द्वारा उद्घाटन भाषण दिया जायेगा। इसके बाद ओडिसी शिक्षिका सबिता मिश्रा द्वारा स्थापित देबाश्रुत ओडिसी नृत्य प्रस्तुत किया जायेगा। विभिन्न आयु समूहों के लिए चित्रकला और गायन से संबंधित कई प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कार वितरित किये जायेंगे। इस अवसर पर एक स्मारिका तैयार की जा रही है। जिसे कुछ दिनों बाद एक विशेष अवसर पर जारी किया जायेगा।

## फैटी लीवर मुक्त रांची अभियान का शुभारंभ 05 अप्रैल से : सेठ

**विश्व प्रसिद्ध लिवर विशेषज्ञ डॉ शरीन के मार्गदर्शन में चलेगा रांची में होगी नि:शुल्क स्क्रीनिंग, केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री ने कहा कि राजनीति मेरे लिये समाज सेवा का माध्यम है**



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने फैटी लिवर मुक्त रांची अभियान चलाने की घोषणा की है। इसके निःशुल्क स्क्रीन की घोषणा सोमवार को मोहन मार्केटिंग कॉम्पलेक्स में की है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वस्थ भारत की संकल्पना को साकार करने के लिये फैटी लिवर मुक्त रांची अभियान का शुभारंभ 05 अप्रैल से करने जा रहा हूं। रांची लोकसभा क्षेत्र पूरे देश के लिये एक मॉडल बनेगा। उन्होंने कहा कि राजनीति को समाज सेवा का बड़ा माध्यम बनाना चाहिये।

उन्होंने कहा कि फैटी लीवर के मामले में भारत की समस्या बहुत गंभीर होती जा रही है। उन्होंने कहा कि नान अल्कोहलिक फैटी लीवर की समस्या भी विकराल रूप धारण कर रही है। भारत में प्रत्येक चार लोगों में से एक लोग फैटी लीवर के शिकार हो रहे हैं। इस संख्या में तेजी से बढ़ोतरी भी हो रही है। उन्होंने कहा कि यह निश्चित रूप से हम सब के लिये चिंता का विषय है। इस दृष्टि से विश्व प्रसिद्ध लिवर रोग विशेषज्ञ डॉ एस के शरीन के समक्ष सदर अस्पताल के साथ मिलकर काम करने का प्रस्ताव रखा था। इसके आलोक में उन्होंने रांचीवासियों के लिए निः शुल्क फैटी लीवर के स्क्रीनिंग पर अपनी सहमति दे दी है। मोबाइल वैन आधारित स्क्रीनिंग प्रोग्राम के तहत शहरी और सुदूरवर्ती ग्रामीण क्षेत्रों में यह कार्यक्रम चलाया जायेगा। चार मोबाइल वैन के माध्यम से फैटी लीवर की स्क्रीनिंग शुरू होगी। हर गाड़ी में विश्व की सबसे अत्याआधुनिक मशीन लगी हुई है। एक मशीन की लागत एक करोड रुपये है। इस कार्यक्रम के तहत 18 वर्ष से अधिक आयु के सभी वयस्कों के स्क्रीनिंग की योजना है।

## दिल्ली में पहली बार मनाया जाएगा सरहुल पर्व, गूंजेगी मांदर की थाप

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** प्रकृति पर्व सरहुल की धमक इस बार दिल्ली में भी दिखेगी। झारखंड के आदिवासी और कलाकारों का जत्था दिल्ली में रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ के आवास पर आगामी 3 अप्रैल को सरहुल मिलन समारोह में शिरकत करेगा। रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ द्वारा दिल्ली में पहली बार आयोजित हो रहे इस सरहुल महोत्सव में झारखंड के एक हजार से अधिक आदिवासी कई केंद्रीय मंत्रियों के साथ भाग लेंगे।

केंद्रीय रक्षा मंत्री ने इसकी जानकारी देते हुए कहा कि सरहुल पर्यावरण को संरक्षित करने का संदेश देने वाला पर्व है, जो आज विश्व के लिए काफी महत्वपूर्ण है। झारखंड में सरहुल को अलग अंदाज में मनाने की परंपरा रही है, देश और दुनिया को इससे परिचित कराने के लिए पहली बार इसका आयोजन नई दिल्ली में किया जा रहा है।



सरहुल को लेकर राजधानी रांची समेत पूरे राज्य में उत्साह है। रांची में जगह-जगह सरहुल के संदेश वाले पोस्टर लगाए गए हैं। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने राज्यवासियों को सरहुल की शुभकामनाएं दी हैं। सरहुल के अवसर पर मंगलवार एक अप्रैल को राज्यपाल रांची विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित कार्यक्रम में भाग लेंगे, जबकि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन आदिवासी छात्रावास और केंद्रीय सरना समिति सिरम टोली के पूजा स्थल का भ्रमण कर सरहुल शोभा यात्रा में भाग लेंगे। इस अवसर पर निकाले जाने वाले भव्य जुलूस की तैयारी पूरी कर ली गई है। इधर, सरहुल जुलूस को लेकर प्रशासन ने यातायात व्यवस्था भी दुरुस्त कर दी है। मुख्य सड़क से लेकर विभिन्न मार्गों पर जुलूस का रूट निर्धारित कर दिया गया है और पुलिस जवानों की तैनाती का निर्णय लिया गया है।

## पतरातू थर्मल पावर से 680 मेगावाट बिजली मिलने में लगेंगे और डेढ़ माह

खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। पतरातू सुपर थर्मल पावर प्लांट की पहली यूनिट से 800 मेगावाट बिजली का उत्पादन डेढ़ से दो माह में होने लगेगा। पहली यूनिट मार्च के दूसरे हफ्ते में सफलतापूर्वक ग्रिड से जोड़ दी गई थी। पहले दिन के ट्रायल में 100 मेगावाट तक बिजली उत्पादन किया गया। तब यह आकलन किया गया था कि 31 मार्च तक 800 मेगावाट बिजली का उत्पादन होने लगेगा। जानकारी के अनुसार पहली यूनिट से व्यावसायिक उत्पादन शुरू होने में डेढ़ से दो महीने का समय और लगने का अनुमान है। बिजली खरीद समझौते के अनुसार उत्पादन का 85



प्रतिशत यानी 680 मेगावाट बिजली झारखंड को मिलेगी। झारखंड बिजली वितरण निगम और एनटीपीसी की संयुक्त कंपनी पतरातू विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड (पीवीयूएनएल) से दो फेज में 800 मेगावाट की पांच यूनिटों से कुल 4000 मेगावाट बिजली का उत्पादन होना है। पहले फेज में तीन यूनिटों से 2400 मेगावाट बिजली का उत्पादन किया जाएगा। इस प्रकार झारखंड को पतरातू पावर प्लांट परियोजना के पूर्ण हो जाने पर 3400 मेगावाट बिजली मिलने लगेगी। पहली यूनिट से उत्पादन शुरू होने के बाद दूसरी यूनिटों से चरणबद्ध तरीके से उत्पादन शुरू करने की कार्ययोजना है। उत्पादित बिजली को बिजली सब-स्टेशन और उपभोक्ताओं के घरों तक पहुंचाने के लिए ट्रांसमिशन लाइन का निर्माण और वितरण नेटवर्क को दुरुस्त करने का काम भी चल रहा है। ऊर्जा विभाग के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार इसकी नियमित समीक्षा कर रहे हैं। उल्लेखनीय है कि पहली यूनिट से उत्पादन शुरू होने के छह-छह माह के अंतराल में दूसरी और तीसरी यूनिट का काम पूरा होने की उम्मीद है। दूसरे चरण में चौथी और पांचवी यूनिट बनेगी।

**बिजली के क्षेत्र में आत्मनिर्भर होगा झारखंड :** झारखंड में बिजली की मांग करीब 2400 मेगावाट है। सरकार के स्तर पर तेनुघाट थर्मल पावर की दो यूनिटों से करीब 380 मेगावाट बिजली पैदा होती है। शेष बिजली सेंट्रल ग्रिड, सोलर एनर्जी कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया, स्थानीय निजी क्षेत्र के माध्यम से खरीदी जाती है। भीषण गर्मी या कड़ाके की ठंड में बिजली की मांग अत्यधिक बढ़ने पर पावर एक्सचेंज से उच्च दर पर खरीदनी पड़ती है। पतरातू से उत्पादन शुरू होने के बाद झारखंड बिजली के क्षेत्र में आत्मनिर्भर हो जाएगा। अतिरिक्त बिजली ग्रिड को बेच भी सकेगा।

> पतरातू थर्मल पावर की पहली यूनिट से ग्रिड को जोड़ा जा चुका है। अगले एक से डेढ़ माह में टेस्टिंग शुरू होने की उम्मीद है। इसके बाद बिजली का व्यावसायिक उत्पादन शुरू हो जाएगा और उम्मीद है कि उत्पादित बिजली डेढ़ से दो माह में उपभोक्ताओं तक पहुंचने लगेगी। पीवीयूएनएल और ऊर्जा विभाग के बीच समन्वय जारी है।
>
> **केके वर्मा, निदेशक झारखंड बिजली वितरण निगम**

## एक नजर में

### हेमंत सरकार में टैक्स के पैसे चढ़ गये भ्रष्टाचार की भेंट : बाबूलाल मरांडी

**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने आज राज्य सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि जब झारखंड का किसान सूरज निकलने से पहले खेतों में उतरता है, मजदूर दिनभर पसीना बहाता है। व्यापारी ईमानदारी से कर चुकाता है, तो उनकी बस एक उम्मीद होती है कि राज्य का विकास हो। ताकि उनके बच्चों का भविष्य बेहतर बन सके। उन्होंने कहा कि इसी उम्मीद और विश्वास के साथ वित्तीय वर्ष 2024-25 में जनता ने पिछले साल से 1,097 करोड़ रुपये अधिक यानी कुल 22,172 करोड़ रुपये टैक्स के रूप में सरकार को दिये। लेकिन क्या मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भी उतनी ही ईमानदारी से अपनी जिम्मेदारी निभाई। उन्होंने कहा कि टैक्स के रूप धन आज बालू और भू-माफियाओं की जेब में जा रहा है। जिन टैक्स के पैसों से समृद्ध झारखंड बनना था, वह भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार की प्राथमिकता जनता की सेवा करना नहीं। बल्कि सत्ता का दुरुपयोग कर काला धन इकळा करना है। अपने कर्तव्य से विमुख होकर सरकार न सिर्फ राज्य को पीछे धकेल रही है। बल्कि ईमानदार करदाताओं के साथ विश्वासघात भी कर रही है।

### शिक्षा मंत्री से मिला प्रगतिशील शिक्षक संघ का प्रतिनिधिमंडल

**रांची।** झारखंड प्रगतिशील शिक्षक संघ का एक शिष्टमंडल प्रदेश अध्यक्ष आनंद किशोर साहू के नेतृत्व में मंत्री रामदास सोरेन से मिला। दरअसल, विद्यालय में समय में परिवर्तन कोविडकाल के समय विद्यालय का समय संचालन में परिवर्तन किया गया था। अब विद्यालय का सामान्य सत्र 1 अप्रैल 20250 से हो रही है। ऐसी स्थिति में पुनः पुराने समय के अनुसार से विद्यालय का संचालन किया जाना चाहिये। ऐसी स्थिति में वर्तमान समय में 7 बजे से 1 बजे तक विद्यालय का संरक्षण किया जाना अव्यावहारिक है। वर्तमान में अधिकांश जिलों में ग्रेड 4 एवं ग्रेड 7 के मामले में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए झारखंड शिक्षक पात्रता परीक्षा उत्तीर्ण शिक्षकों को ही देने के लिये एनसीटीई द्वारा निर्देशित किया गया है। उक्त आदेश के आलोक में ही शिक्षकों को प्रोन्नति देने के लिये अनुरोध किया गया। संघ के प्रदेश महासचिव बलजीत कुमार सिंह ने कहा कि वर्तमान सरकार छात्र एवं शिक्षकों के हित में ध्यान रखते हुये मंत्री अवश्य ही इस पर विचार करेंगे। प्रतिनिधि मंडल में ज्ञानचंद साहू, लाल रंजीत कुमार, शंकर लकड़ा, सिद्धार्थ शंकर सिन्हा शामिल थे।

### गबन के आरोपी को विदेश जाने की मिली अनुमति

**रांची।** राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन के तहत झारखंड के स्वास्थ्य विभाग में करीब 130 करोड़ रुपए की हुई दवा घोटाले ट्रायल फेस कर रहा आरोपी श्यामल चक्रवर्ती को विदेश जाने की इजाजत सीबीआई कोर्ट ने सशर्त प्रदान कर दी है। अदालत ने उसे 20 से 25 दिनों की विदेश यात्रा की अनुमति प्रदान की है। उसकी बेटी लंदन में पढ़ाई कर रही है। पढ़ाई पूरी होने के बाद उसे आर्किटे^ र एसोसिएशन स्कूल ऑफ आर्किटे^ र में स्नातक समारोह में भाग लेने के लिये परिवार के साथ आमंत्रित किया गया है। इसी में हिस्सा लेने के लिये पिछले दिनों पासपोर्ट जारी करने का अनुरोध किया था। सीबीआई ने साल 2009 में मामले में प्राथमिकी दर्ज की है। लंदन की यात्रा 10 से 15 जून के बीच होगी। जबकि वापसी की तारीख 5 से 10 जुलाई के बीच है। विदेश से आने के बाद पांच दिनों के अंदर सशरीर उपस्थित होकर पासपोर्ट जमा करने का निर्देश अदालत ने दिया है। साथ ही, अदालत ने पासपोर्ट लेने के लिये 10 लाख रुपये का क्षतिपूर्ति बांड के रूप अपनी संपत्ति के मूल कागजात जमा करने को कहा गया है। हालांकि, सीबीआई की ओर से पासपोर्ट जारी करने का विरोध किया गया था। सुनवाई के दौरान कहा कि याचिकाकर्ता ने एक मार्च 2024 को भी गोद भराई की रस्म में सिंगापुर की यात्रा की थी।

### गुड्डू पलामू के और रतनलाल मांझी बोकारो के झामुमो अध्यक्ष बने

**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा ने राजेन्द्र कुमार सिन्हा 'गुड्डू' को पलामू का और रतनलाल मांझी को बोकारो का जिला अध्यक्ष बनाया है। सोमवार को जारी कार्यालय आदेश में कहा गया कि सभी पंचायत समितियों, वार्ड समितियों, प्रखंड समितियों तथा महानगर/नगर समिति के गठन के उपरांत पलामू और बोकारो जिला समिति का गठन किया जाता है। झामुमो के केन्द्रीय महासचिव विनोद कुमार पांडेय के हस्ताक्षर से आदेश जारी किया गया। अध्यक्ष के अलावा पलामू के बालकिशुन उरांव और सन्नू सिद्की को उपााध्यक्ष, रंजन चन्द्रवंशी (अधिवक्ता) को सचिव, अनुराग सिंह और देवानंद भारद्वाज को संगठन सचिव, रमेश कुमार सिंह को सह सचिव, विशाल कुमार सिन्हा को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। ऐसे ही बोकारो के अध्यक्ष के अलावा गिरधर महतो, मोहन मुर्मू, घुन्नू हांसदा और मो फिरदौस को उपाध्यक्ष, मुकेश कुमार महतो को सचिव व मुक्तेश्वर महतो, फैयाज अहमद को संगठन सचिव, पानबाबु केवट व यदु महतो को सहसचिव तथा पंकज जयसवाल को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। इसके साथ ही उक्त दोनों जिलों के नवनियुक्त पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि वे शीघ्र केन्द्रीय समिति के पदाधिकारियों एवं केन्द्रीय सदस्यों के साथ बैठक कर जिला समिति के विस्तार कर पदाधिकारियों के नाम की अनुशंसा कार्यालय को सूचित करें।

### रिम्स में ओपीडी आज बंद, इमरजेंसी में मिलेगा इलाज

**रांची।** रिम्स में मंगलवार को ओपीडी सेवा बंद रहेगी। मरीजों का इलाज न रुके, इसके लिए इमरजेंसी में चिकित्सक मौजूद रहेंगे। गंभीर स्थिति के मरीजों को इलाज मिलता रहेगा। इमरजेंसी जांच की सुविधा भी मिलती रहेगी।

### राष्ट्रीय युवा संसद में भाग लेने आयशा, श्वेता और रिया दिल्ली रवाना

**रांची।** राष्ट्रीय युवा संसद कार्यक्रम में भाग लेने के लिए राज्यस्तर से झारखंड की तीन विजेता प्रतिभागी सोमवार को दिल्ली रवाना हुईं। संसद भवन दिल्ली में एक से तीन अप्रैल तक राष्ट्रीय प्रतियोगिता होगी। नेहरू युवा केंद्र संगठन, झारखंड की ओर से 27 एवं 28 मार्च को पुराना विधानसभा भवन में आयोजित राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में विजेता रहीं आयशा फातिमा, श्वेता कुमारी एवं रिया गुप्ता राष्ट्रीयस्तर पर झारखंड का प्रतिनिधित्व करेंगी। नेहरू केंद्र की राज्य निदेशक ललिता कुमारी ने तीनों प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दीं। प्रतिभागियों को दिल्ली जाने के क्रम मे रांची एयरपोर्ट पर गौरव मित्तल (यूथ आयकन), शुभम शर्मा (एएसओ), विकास अहूजा व रोहित कुमार ने अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया

### पहले चरण में 334 थानों में लगेगा सीसीटीवी, 67 करोड़ आवंटित

रांची। राज्य के 334 थानों में सीसीटीवी लगाने को मंजूरी मिल गई है। पहले चरण में सीसीटीवी लगाने के लिए पुलिस मुख्यालय को 67 करोड़ का आवंटन भी गृह विभाग के द्वारा कर दिया गया है। सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर देश के सभी राज्यों को थानों, केंद्रीय एजेंसियों को भी अपने कार्यालय में सीसीटीवी लगाना है। मानवाधिकार हनन रोकने को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने सीसीटीवी लगाने का आदेश दिया था। राज्य सरकार के द्वारा सीसीटीवी लगाने की दिशा में की गई कार्रवाइयों की जानकारी भी हलफनामा के जरिए दी गई है। झारखंड देश के कुछ चुनिंदा राज्यों में है, जहां अबतक सीसीटीवी थानों में नहीं लगाया जा सका है। हाल के दिनों में मुख्य सचिव अलका तिवारी ने भी इस संबंध में सभी स्टेकहोल्डर्स के साथ बैठक की थी।

**साल 2021-22 में ही मिली थी प्रशासनिक स्वीकृति :** राज्य के 334 थानों में सीसीटीवी कैमरे लगाने के लिए 78.08 करोड़ रुपये की प्रशासनिक स्वीकृति वित्तीय वर्ष 2021-22 में ही गृह विभाग को मिली थी। सीसीटीवी लगाने के लिए पूर्व में झारखंड पुलिस भवन निगम को नोडल एजेंसी बनाया गया था। पुलिस निगम ने सीसीटीवी लगाने को लेकर डीपीआर भी तैयार किया था। थानों के प्रवेश व निकासी द्वार, हाजत, सिरिस्ता, थाना प्रभारी कक्ष में अनिवार्य रूप से सीसीटीवी लगाने की योजना है। पहले चरण के पूरा होने पर शेष थानों में सीसीटीवी लगाने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी।




जुगसलाई मस्जिद में ईद की नमाज के दौरान का दृश्य। जमशेदपुर समेत पूरे कोल्हान में ईद का पर्व सामाजिक समरसता एवं उल्लास के साथ मनाया गया।

# मारवाड़ी सम्मेलन साकची शाखा ने किया गणगौर महोत्सव का आयोजन

## राजस्थानी परिधान में सजधज कर 2000 से अधिक महिलाएं हुई शामिल

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**जमशेदपुर।** मारवाड़ी सम्मेलन साकची शाखा द्वारा आज गणगौर महोत्सव का आयोजन मानगो स्वर्णरेखा नदी पर किया गया। मारवाड़ी समाज की महिलाओं ने सामूहिक गणगौर विर्सजन किया। मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष बजरंग लाल अग्रवाल ने बताया की गणगौर पर्व मारवाड़ी समाज का प्रमुख त्योहारों लोक पर्व में से एक है। गणगौर पूजा हर साल चैत्र माह के शुक्ल पक्ष तृतीया तिथि को होती है इस दिन कुंवारी कन्या और सुहागन महिलाएं व्रत रखती है। माता पार्वती और साथ भगवान शिव की पूजा करती है। गणगौर दो शब्दों से बना है गण का अर्थ भगवान शिव और गौर का अर्थ पार्वती से है। वास्तव में गणगौर पूजन मां पार्वती और भगवान शिव की पूजा का दिन नवरात्रि के तीसरे दिन यानी चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की तृतीया को मनाया जाने वाला गणगौर का त्योहार स्त्रियों के लिए अखंड सौभाग्य प्राप्ति का पर्व है। गणगौर का पहला और सबसे महत्वपूर्ण परंपरा मिट्टी के बर्तनों कुंडा में पवित्र अग्नि से राख इकट्ठा करना और उनमें गेहूं और जौ के बीज बोना है तथा 7 दिनों के बाद महिलाएं राजस्थानी लोकगीतों को मंत्रमुग्ध करते हुए गौरी और ईसर की रंग बिरंगी मूर्ति बनाती है। मान्यता है कि कामदेव की पत्नी रति ने भगवान शंकर की तपस्या कर उन्हें प्रसन्न कर लिया तथा उन्हीं के तीसरे नेत्र से भस्म हुए अपने पति को पुनः जीवन देने की प्रार्थना की रति की प्रार्थना से प्रसन्न हो भगवान शिव ने कामदेव को पुनः जीवित कर दिया था तथा विष्णु लोक जाने का वरदान दिया उसी के स्मृति में प्रतिवर्ष गणगौर का उत्सव मनाया जाता है। गणगौर पर्व पर विवाह के समस्त नेगाचार व रस्में की जाती है। होली के दूसरे दिन से प्रारंभ होकर 16 दिनों तक गणगौर पर्व चलता है। जिसका आज गणगौर विसर्जन के साथ संपन्न हुई। मुख्य रूप से समाजसेविका सुधा गुप्ता उपस्थित थी। मारवाड़ी सम्मेलन के महामंत्री बबलु अग्रवाल ने कहा की मारवाड़ी सम्मेलन की महिलाएं राजस्थानी परिधान से सजधज कर सामूहिक गणगोर विसर्जन कार्यक्रम में उपस्थित हुई। उन्होंने कहा की मारवाड़ी सम्मेलन द्वारा आयोजित विसर्जन समारोह में शहर के विभिन्न क्षेत्रों से आई मारवाड़ी समाज की महिलाओं ने अपने-अपने गणगौर एवं जंवारा का तालाब में विसर्जन किया। नाच-गाकर, पूजा-पाठ कर हर्षोल्लास के साथ गणगौर एवं जवारा का विसर्जन किया। साथ ही एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर खुशियां मनाईं। मारवाड़ी सम्मेलन साकची शाखा की ओर से शीतल जल व शर्बत चाट इत्यादि की व्यवस्था की गई थी। उन्होने बताया की शाखा की सभी (200) ब्यावली बेटियों एवं बहुओं को शाखा की तरफ से उपहार देकर सम्मानित किया गया।

### आयोजन के सफलता में इनका रहा महत्वपूर्ण योगदान

मारवाड़ी सम्मेलन साकची शाखा के अध्यक्ष बजरंग लाल अग्रवाल, महामंत्री बबलु अग्रवाल मिनी, कोषाध्यक्ष सन्नी संघी, अभिषेक अग्रवाल गोल्डी, ओम प्रकाश रिंगसिया, दीपक पारीक, महावीर मोदी, अरुण बाकरेलवाल, लालचंद अग्रवाल, दीपक पारीक, राजकुमार चंदुका, अंशुल रिंगसिया, विजय आनंद मूनका, संदीप मुरारका, रमेश मूनका, लिप्पु शर्मा, संकर सिंघल, अशोक गुप्ता, निर्मल पटवारी, दीपक चेतानी, सांवरमल अग्रवाल, सीताराम देबुका, कमल अग्रवाल, रमेश मूनका, बजरंग अग्रवाल, राहुल चौधरी, रोहित अग्रवाल, कुशल गनेडिवाल, अशोक मोदी, नरेश मोदी, निर्मल काबरा, राहुल चौधरी, कमलेश अग्रवाल, उमेश खिरवाल, बिनीत अग्रवाल, प्रतिक अग्रवाल, विमल जालान, रमेश अग्रवाल सहित समाज बंधु गण एवं श्याम जागरण मंच टाटानगर।

स्पीड न्यूज

## ट्यूब कालोनी बारीडीह में पं पवन कृष्ण गौतम सुना रहे भागवत कथा




जमशेदपुर। ट्यूब कॉलोनी बारीडीह डीएस दुर्गा पूजा मैदान में में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के द्वितीय दिवस में आज वृंदावन से पधारे पंडित पवन कृष्णा गौतम जी महाराज के मुखारविंद से आज द्वितीय दिवस की कथा का रसपान भक्तों को कराया गया। महाराज जीके मुखारविंद से सुखदेव और परीक्षित महाराज की कथा का श्रवण भक्तों ने किया राजा परीक्षित को जब 7 दिन में मरने का श्राप मिला था तब परीक्षित को सुखदेव जी ने 7 दिन में श्रीमद् भागवत कथा सुनाकर उनको मुक्ति और भक्ति दोनों ही प्राप्त करवाई। गुरु की महिमा का वर्णन किया महाराज श्री द्वारा बताया गया की गुरु के बिना हम कोई भी कार्य अपना सिद्ध नहीं कर सकते हैं जीवन में दीक्षा गुरु बनाना अति आवश्यक है जब तक हमारे दीक्षा गुरु जी का प्रकाश जीवन में नहीं होता है तब तक की हुई की हुई पूजा पाठ सब हमारे अधूरे हैं। गुरु का प्रकाश जीवन में अवश्य होना चाहिए। ध्रुव जी जब 5 साल के थे तब गुरु की कृपा से ही उन्होंने 5 वर्ष की आयु में ही भगवान को प्राप्त किया था। ध्रुव जी महाराज ने नारद जी को अपना गुरु बनाया था नारद जी से दीक्षा प्राप्त कर उन्होंने भगवान विष्णु को प्राप्त किया।

## बोड़ाम के बांकादा में 151 लोगों ने किया रक्तदान



पटमदा। बोड़ाम प्रखंड के बांकादा मध्य विद्यालय में सोमवार को आयोजित रक्तदान शिविर में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए 151 लोगों ने काफी उत्साह के साथ रक्तदान किया। इसका आयोजन विश्व कल्याण समिति बांकादा–गागीबुरु, झारोटेफ पूर्वी सिंहभूम, बिरसा कृषि विकास ट्रस्ट बोड़ाम एवं प्रतीक फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। इसके लिए पटमदा एवं बोड़ाम क्षेत्र में पिछले कई दिनों से कई युवा वॉलेंटियर लोगो को जागरूक करते हुए तैयारी की। इसमें पटमदा, बोड़ाम, नीमडीह, चांडिल, पश्चिम बंगाल के पुरुलिया जिले एवं घाटशिला व मुसाबनी प्रखंड से भी कई शिक्षक एवं सरकारी कर्मचारियों ने कड़ी धूप के बावजूद उपस्थित होकर रक्तदान किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्य रूप से बोड़ाम प्रखंड के सांसद प्रतिनिधि शिवचरण सिंह सरदार, पंसस प्रतिनिधि प्रबोध कुमार महतो, उप प्रमुख प्रतिनिधि फनी भूषण महतो, झारोटेफ के जिलाध्यक्ष पंचानन महतो, पूर्व जिला पार्षद स्वपन कुमार महतो, ग्राम प्रधान प्रियदास सिंह, बिरसा कृषि विकास ट्रस्ट से ललिता महतो, फुचुराम महतो, पुरुषोत्तम विश्वनाथ, परेश नाथ महतो, माधव चंद्र महतो, विद्याधर सिंह, फाल्गुनी महतो, रामपद महतो, तपन महतो, भक्त मंडल, बाबूलाल महतो, नित्य मण्डल, पद्मलोचन सिंह, राजेश दास, स्वपन कर्मकार, शम्भू सिंह, दयामय बाउरी, सनातन सिंह, शिवशंकर महतो, परेश मंडल, उत्पल चक्रवर्ती, पतित पावन दत्त, अर्जुन महतो, अरिजीत सरकार, पति सिंह व रथू महतो आदि का महत्वपूर्ण योगदान रहा। इसमें अतिथि के रूप में पटमदा इंटर कॉलेज जाल्ला के प्राचार्य अरुण कुमार, पूर्व प्राचार्य पंचानन दास, समाजसेवी भीष्मनाथ महतो, विश्वनाथ महतो, पंसस धीरेन भुइयां, प्रफुल्ल महतो, प्रफुल्ल महतो, दुखुराम सिंह व जगदीश प्रसाद मंडल आदि मौजूद थे।

# पिता ने बेटा व पत्नी को ब्लेड से काटकर उतारा मौत के घाट

## चांडिल थाना अंतर्गत कपाली ओपी क्षेत्र में घटी दिल दहला देने वाली घटना

- पुलिस ने आरोपी सुखराम सिंह मुंडा को गिरफ्तार कर लिया

**खबर मन्त्र प्रतिनिधि**

**चांडिल।** सोमवार को चांडिल थाना अंतर्गत कपाली ओपी क्षेत्र में एक दिल दहला देने वाली घटना को अंजाम दिया गया। तामुलिया गांव में एक पिता ने अपनी पांच वर्षीय बेटे के साथ अपनी पत्नी को ब्लेड से काटकर मौत के घाट उतार दिया। चांडिल एसडीपीओ ने प्रेस कांफ्रेंस आयोजित कर इस इस कांड का खुलासा करते हुए बताया कि सोमवार की सुबह इस घटना को अंजाम दिया गया है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी की पहचान तमाड़ थाना क्षेत्र के अरहंगा गांव निवासी 45 वर्षीय सुखराम सिंह मुंडा वर्तमान पता कपाली ओपी के तामुलिया निवासी के रूप में हुई है। मृतिका की पहचान 25 वर्षीय रविवारी सिंह मुंडा एवं 5 वर्षीय गोलु सिंह मुंडा के रूप में हुई है। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त लोहे का गोल नुमा तावा, लोहे का जीआई पाइप तथा एक शेविंग ब्लेड बरामद किया है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।


प्रेस कांफ्रेंस आयोजित कर घटना की जानकारी देते चांडिल एसडीपीओ।

# यूसील में रिटायरमेंट के साथ ही कर्मियों को सौंपा पीएफ का चेक

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**जादूगोड़ा।** यूसिल में 70 साल बाद एक ऐतिहासिक बदलाव आया है। इधर सोमवार को यूसिल के अध्यक्ष सह प्रबन्ध निदेशक डॉ संतोष कुमार सतपति के कार्यालय में एक समारोह आयोजित मार्च महीने के अंतिम दिन यानि 31 मार्च को सेवानिवृत होने वाले छह कम्पनी कर्मियों रिटायरमेंट के अंतिम दिन मिला भविष्य निधि का चेक सौंपा गया। जिसको लेकर सुबह 11 बजे यूसिल के अध्यक्ष सह प्रबन्ध निर्देशक के कार्यालय में एक समारोह आयोजित की गई। उपमहाप्रबंधक राकेश कुमार (कार्मिक) ने सेवानिवृत कर्मचारी दिनेश सिंह, मदन सीट, को भविष्य निधि की चेक सौंपा। यहां बताते चले कि बीते दिनों यूसिल के वित्त निर्देशक विक्रम केसरी दास ने सेवानिवृत कर्मचारियों को अपने कार्यालय में बुलाकर सेवानिवृत के बाद ग्रेच्युटी, भविष्य निधि, अर्जित छुट्टी, रिटायरमेंट महीना की सैलरी भुगतान की लेकर शिकायतों को जाना व देरी में सुधार को लेकर कंपनी के सीएमडी सतपति की अध्यक्षता में एक बैठक आयोजित कर यूसिल से सेवानिवृत कम्पनी कर्मियों को उसी महीने भविष्य निधि का चेक समेत कई महत्वपूर्ण फैसले लिए गए। जिसको 31 मार्च से लागू कर दी गई। इस बाबत राकेश कुमार ने दो दिन पूर्व अधिसूचना भी जारी कर दी व इसकी कॉपी सभी विभागीय अधिकारियों को सौप दी गई।

## एक नजर में

### गेल ने नवरात्रि व ईद पर पीएंडएम मॉल में दिया स्वच्छ पर्यावरण मित्र ईंधन पीएनजी का उपहार



जमशेदपुर। गेल के महाप्रबंधक एवं प्रभारी अधिकारी गौरी शंकर मिश्रा ने सोमवार को बताया कि नवरात्रि और ईद के शुभ अवसर पर जमशेदपुर के सबसे बड़े मॉल, पी&एम मॉल में गेल ने फूड कोर्ट को स्वच्छ, सुलभ, पर्यावरण मित्र, सस्ती और सुरक्षित ईंधन पीएनजी (पाइप्ड नेचुरल गैस) की आपूर्ति कर शहर को स्वच्छ ईंधन का उपहार दिया है। शुभारंभ के दौरान गौरी शंकर मिश्रा के साथ उनकी टीम के सदस्य अमित, दुर्गा, मिथिलेश, अनु, शिबान, रिपोम, प्रदीप शर्मा, आशुतोष, शिवम तथा मॉल से सुमन भट्टाचार्य, रंजीत और उनकी टीम उपस्थित रही। मिश्रा ने बताया कि गेल जमशेदपुर में तेजी से घरों, होटलों और उद्योगों में गैस आपूर्ति बढ़ाने का प्रयास कर रहा है। यह गैस सस्ती, पर्यावरण मित्र, सुरक्षित और 24x7 सुलभ है। उन्होंने जानकारी दी कि वर्तमान में गेल द्वारा जमशेदपुर में लगभग 5000 घरों में पीएनजी की आपूर्ति की जा रही है, जबकि 48 होटल और रेस्टोरेंट में पीएनजी का उपयोग हो रहा है। इसके अलावा, 14 सीएनजी स्टेशन के माध्यम से 6000 से अधिक वाहन सीएनजी पर चल रहे हैं। शहर के पेट क्राइमेटोरियम और पार्वती घाट क्राइमेटोरियम में भी गैस की उपलब्धता सुनिश्चित की गई है, जिससे पर्यावरण को गुणात्मक लाभ मिला है। यह प्रयास लगातार जारी रहेगा और जल्द ही उद्योगों में भी गैस आपूर्ति शुरू करने का लक्ष्य है। मिश्रा ने बताया कि शहर में बिछाई गई पाइपलाइनों को चिन्हित करने के लिए मार्कर लगाए गए हैं और उनकी सुरक्षा के लिए नियमित पेट्रोलिंग की जा रही है। उन्होंने नागरिकों से इन पाइपलाइनों की सुरक्षा हेतु सहयोग और समर्थन की अपील की, ताकि शहर में निर्बाध रूप से सुरक्षित गैस आपूर्ति जारी रह सके। अंत में, उन्होंने शहरवासियों से अधिक से अधिक पर्यावरण मित्र पीएनजी और सीएनजी का उपयोग करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि लोग घरों, होटलों, उद्योगों और वाहनों में इस स्वच्छ ईंधन का लाभ उठाएं और गैस आधारित अर्थव्यवस्था को मजबूत करते हुए विकसित भारत के लक्ष्य में भागीदार बनें।

### आसपा प्रदेश अध्यक्ष काशिफ रजा ने ओल्ड ऐज होम में बांटी ईद की खुशियां



जमशेदपुर। ईद के अवसर पर सोमवार को आजाद समाज पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष काशिफ रजा सिद्दीकी ने जमशेदपुर के बाराद्वारी स्थित आशीर्वाद ओल्ड ऐज होम में बुजुर्गों के साथ ईद की खुशियां बांटी, उन्होंने कहा की आज ईद के अवसर पर हमलोग ईद की खुशियां उनके साथ बांटने आये हैं जो खुशियों से महरूम हैं। काशिफ रजा ने कहा कि ओल्ड ऐज होम आकर उनका मन दुखी है क्योंकि यहां हमें इस दुनिया में लाने वालों को उनके बच्चो ने इस उम्र में अकेला छोड़ दिया है, यह कैसे सम्भव है, इंसान इतना कैसे गिर सकता है, हमारी कोशिश है कि हम इनके दुखी मन और जीवन में इस छोटी से कोशिश के द्वारा खुशी और चेहरों पर मुस्कान ला सके। कार्यक्रम में नईम खान, फैय्याज आलम, अनूप कुमार, दिनेश कुमार, मु वसीम, शमीम अहमद, अली वाहिद, कफील अहमद, आफताब पठान, आसिफ और अन्य उपस्थित थे।

### भायली महिला मंडल का सोनारी में सामूहिक गणगौर पूजन और विसर्जन संपन्न



जमशेदपुर। शहर की धार्मिक एसं सामाजिक संस्था भायली महिला मंडल सोनारी द्वारा सोमवार को सोनारी स्थित महिला सत्संग भवन प्रांगण में हर्षोल्लास के साथ सुबह सामूहिक गणगौर पूजन का आयोजन किया गया। सुबह से ही मारवाड़ी समाज की महिलाओं और कन्याओं की भारी भीड़ पूजन के लिए उमड़ी। इस अवसर पर विवाहित महिलाओं ने अपने अखंड सौभाग्य के लिए ईसर–गौरा की पूजा की, जबकि कन्याओं ने उत्तम वर प्राप्ति के लिए 16 दिनों तक व्रत व पूजन किया। पूजन के पश्चात शाम 4 बजे दोमुहानी खरकाई–स्वर्णरेखा संगम तट पर मंडल अध्यक्ष कविता अग्रवाल के नेतृत्व में गणगौर विसर्जन संपन्न हुआ। इस दौरान महिलाओं और नवविवाहित बहुओं के लिए विशेष लाड़–मनुहार का आयोजन किया गया, जहां उपहार भेंट कर स्वागत किया गया। इस कार्यक्रम में जलपान एवं उपहार की व्यवस्था श्री श्याम भटली परिवार, जमशेदपुर द्वारा की गई थी। सामूहिक गणगौर विसर्जन के दौरान करीब 50 नवविवाहित बहनों और बेटियों को उपहार देकर सम्मानित किया गया। संगम तट पर बड़ी संख्या में महिलाओं की उपस्थिति से उत्सव का माहौल देखने लायक था। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में भायली महिला मंडल और श्याम भटली परिवार के सभी सदस्यों का योगदान रहा।

### केवीएस फन जोन ने शांति वैली में मनाया हिंदू नववर्ष



जमशेदपुर। केवीएस फन जोन के बैनर तले शांति वेली कालोनी,हुरलूंग, टेल्को में हिंदू नववर्ष 2082 हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रविन्द्र कुमार झा प्रदेश कांग्रेस कमेटी, महासचिव विशिष्ट अतिथि अरविंद कुमार लाल ने कार्यक्रम का शुरुआत किए। इस अवसर पर नरेंद्र कुमार कर्ण ने स्वागत भाषण में हिंदू नववर्ष पर अपने विचार व्यक्त किए। कांग्रेस के नेता रविन्द्र कुमार झा ने हिंदू नववर्ष और इसके अध्याय , बच्चों को इसे अपने ज्ञान में ढालने हेतु बातें कही। केवीएस फन जोन के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम में सफल प्रतिभागियों बच्चों एवं महिलाओं को विशिष्ट एवं मुख्य अतिथि के द्वारा ट्राफी एवं मेडल देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम रुपेश कुमार के द्वारा जादू दिखाया गया, जादू देख बच्चों एवं कालोनी निवासियों ने भरपूर मनोरंजन किया। मंच संचालन नम्रता श्रीवास्तव के द्वारा धन्यवाद ज्ञापन मौउ भट्टाचार्य के द्वारा किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में रेणु सिन्हा,विभा कर्ण, बबिता सिंह, वसुंधरा, संजय सिंह, राजीव रंजन, अजय शुक्ला, संदीप भट्टाचार्य, गौतम एवं अन्य के द्वारा महत्वपूर्ण भूमिका निभाया गया।

### नरवा पहाड़ में चैती दुर्गा पूजा की लेकर तैयारी जोरो पर,कई कार्यक्रमों की घोषणा



जादूगोड़ा। नरवा पहाड़ स्थित मुगार्घुटू में सार्वजनिक श्री श्री बसंती दुर्गा पूजा कमिटी की ओर से चैती दुर्गा पूजा की लेकर तैयारी जोरो पर हैं। सोमवार को कमिटी गठित कर कई कार्यक्रमों की घोषणा की गई। इस बाबत कमिटी के अध्यक्ष दिवाकर दास,सचिव धनपति दास, कोषाध्यक्ष शक्तिपदों दास ने कहा कि 3 अप्रैल को चैती मां दुर्गा का पट खुल जाएगा व भक्त जन मां दुर्गा का दर्शन कर सकेंगे। कार्यक्रम सफल बनाने में कमिटी की ओर से उपाध्यक्ष भीमसेन दास, डॉ निर्मल चांद, विश्वनाथ नायक, पतित पावन दास, कृष्णा दास, सुरजीत दास, गोपाल कृष्ण दास, विद्या सागर दास, बालाजी राव, सनत कुमार दास, धीरेन्द्र नाथ दास, सुकांत दास, सागर दास, राज दास अभिजित दास जुटे हुए हैं।

## केंद्रीय रामनवमी अखाड़ा समिति ने सोनारी क्षेत्र के अखाड़ा समितियों का किया दौरा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**जमशेदपुर।** जमशेदपुर केन्द्रीय रामनवमी अखाड़ा समिति ने सोमवार को सोनारी क्षेत्र के अनेको अखाड़ा समितियों का दौरा कर अखाड़ा के आयोजकों एंव उनके कार्यकर्ताओं से मुलाकत कर यह जानने का कोशिश किया कि इस वर्ष सोनारी क्षेत्र में राम नवमी अखाड़ा मे क्या खास होने वाला है है और अखाड़ा समितियों मे किस तरह का परेशानी होने की संभवना है। अधिकतर अखाड़ा समितियों बताया कि अखाड़ा विसर्जन रूट पर पडने वाले पेड़ की डालियों की छंटाई, नाली एंव रोड़ की सफाई, लाइट की समुचित व्यवस्था होनी चाहिए। कुछ अखाड़ा समितियों ने विसर्जन के दिन शान्ति समिति एंव थाने के द्वारा नंबर आवंटन की प्रकृया को पारदर्शी बनाने का सुझाव दिया। केन्द्रीय रामनवमी अखाड़ा समिति के अध्यक्ष अरूण सिंह ने सोनारी क्षेत्र के रहने वाले हिन्दूवादी कार्यकर्ता अनिल कुमार सिंह सोनू ठाकुर संतोष वर्मा आदित्य वर्मा राहुल भट्टाचार्य को विशेष जिमेदारी दिया और निर्देश दिया है।

# ममेरे भाई के रिसेप्शन एवं नामकरण कार्यक्रम में सह परिवार ननिहाल पहुंचे सीएम हेमंत सोरेन




**खबर मन्त्र प्रतिनिधि**

**चांडिल।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन अपनी मां रूपी सोरेन एवं पत्नी कल्पना सोरेन के साथ चांडिल के धातकीडीह स्थित अपने ननिहाल पहुंचे। इधर सिता सोरेन भी अपनी बेटी के साथ पहुंची। अपने ममेरे भाई दीपक किस्कू व रेशमी किस्कू के शादी के रिसेप्शन और उनके संतान मानव एवं तन्वी के नामकरण समारोह में पहुंचे थे। मुख्यमंत्री सपरिवार रांची से सड़क मार्ग से देर शाम धाधकीडीह पहुंचे थे। ननिहाल पहुंचने पर मुख्यमंत्री का जोरदार स्वागत किया गया। मुख्यमंत्री ने वर-वधु दीपक किस्कू एवं रेशमी किस्कू को सुखमय दाम्पत्य जीवन का आशीर्वाद दिया तथा उनके उज्जवल दाम्पत्य जीवन की कामना की। मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर सुरक्षा के चाक चौबंद व्यवस्था थी।

# पूर्णिमा साहू ने जरूरतमंदों बच्चों के बीच मनाया बेटी आराध्या का जन्मदिन

**विधायक ने कहा, आराध्या एक अच्छी इंसान बने, सेवा और परोपकार से जुड़े, यही सीख उसके जन्मदिन का उत्तम उपहार**

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**जमशेदपुर।** जमशेदपुर पूर्वी की विधायक पूर्णिमा साहू ने अपनी सुपुत्री आराध्या के जन्मदिन को जरूरतमंद बच्चों के संग मनाया। सोमवार को बमार्माइंस स्थित आदर्श सेवा संस्थान में आयोजित कार्यक्रम में विधायक पूर्णिमा साहू एवं समाजसेवी ललित दास ने संस्थान के सैकड़ों बच्चों के संग सुपुत्री आराध्या का जन्मदिन मनाया। इस दौरान बच्चों के साथ केक कटिंग कर जन्मदिन की खुशियां साझा की गई। वहीं, संस्थान के बच्चों के बीच पाठ्य सामग्री (कॉपी, किताब, बॉक्स), स्कूल बैग, वाटर बोतल, चॉकलेट एवं अन्य सामग्री भेंटकर उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं व्यक्त की गई। इस दौरान नन्हीं आराध्या नए साथियों के बीच काफी हर्षित और उत्साहित दिखी। कार्यक्रम में विधायक पूर्णिका साहू ने जन्मदिन गीत गाकर बच्चों का उत्साह बढ़ाया।

इस अवसर पर विधायक पूर्णिमा साहू ने कहा कि खुशियां बांटने से बढ़ती हैं इसी सोच के तहत आज हमने जरूरतमंद बच्चों के बीच अपनी बेटी के जन्मदिन को मनाया। आराध्या एक अच्छी इंसान बने और सेवा व परोपकार से जुड़े, यही हमारी इक्षा है। पाठ्य सामग्री पाकर संस्थान के बच्चे शिक्षा के प्रति प्रेरित होंगे। आराध्या के जन्मदिन पर हम किसी के चेहरे पर मुस्कान ला सकें, तो यही सीख उसके लिए सबसे बड़ा उपहार होगा।

# यूसिल की हॉकी टीम राजस्थान में फेयर प्ले अवॉर्ड से सम्मानित

**जादूगोड़ा।** यूसिल की हाकी टीम को फेयर प्ले अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। इधर राजस्थान के रावत भाटा में आयोजित 39वीं डीएई हॉकी मीट में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर टीम सोमवार को लौट आई। यह टीम कप्तान तपन कुमार माझी के अगुवाई में 24-28 मार्च तक रावतभाटा राजस्थान में चली हाकी प्रतियोगिता ने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए फेयर प्ले अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। यूसिल की इस कोणार्क टीम में भरत सिंह, सुदर सिंह मंगल किस्कू, कोणार्क बीरेंद्र हेम्ब्रम, नरेश मुर्मू शामिल थे। अन्य खिलाड़ी तालचर (उड़ीसा) और वीईसीसी कोलकाता की आए थे।

# 12वें छोटा नागपुर राष्ट्रीय नाट्य महोत्सव में नाटक 'कसक' की प्रस्तुति

**खबर मन्त्र ब्यूरो**


कसक के एक दृश्य में गीता कुमारी और प्रेम दीक्षित।

**जमशेदपुर।** राजधानी रांची में युवा नाट्य संगीत अकादमी रांची द्वारा 27 से 30 मार्च तक 4 दिवसीय 12वां छोटा नागपुर राष्ट्रीय नाट्य महोत्सव आयोजित किया गया था। जिसमें पूरे देश से विभिन्न राज्यों के नाट्य दल अपने-अपने राज्य के भाषीय नाटय लेकर सम्मिलित हो नाटको की प्रस्तुति दी। इस अवसर पर जमशेदपुर की युवा नाट्य दल गीता थिएटर भी अपने कलाकारों के साथ कसक नाटक लेकर रांची पहुंची। नाट्य दल ऑड्रे हाउस में कसक नाटक की प्रस्तुति दिया। कसक नाटक कर्ज में डूबे बांसुरी बजाने वाले बुधवा के गरीब परिवार की व्यथा पर आधारित है. जो गांव-गांव घुम बांसुरी बजा तथा गांव के ठाकुर के घर मेहनत-मजदूरी कर अपने परिवार का जिंदगी बसर बहुत मुश्किलों से करता हैं जिस कारण अपने परिवार की खुशी की जरूरतों को पूरा करने के लिए कर्ज तले डुब जाता है। नाटक का निर्देशन युवा थिएटर निदेशक प्रेम दीक्षित ने किया था। नाटक में बतौर मुख्य अभिनेत्री सुगनी की भूमिका गीता कुमारी, पति बुधवा की भूमिका प्रेम शर्मा, बेटी फुलवा सोनाक्षी प्रसाद , सोहन की भूमिका देवराज और नाटक के खलनायक ठाकुर की भूमिका में प्रेम दीक्षित तथा उनके साथ उनके दो चैले अंनत सरदार और राजा राव ने शानदार अभिनय किया। आपको बता दें कि उपस्थित दर्शक नाटक के दौरान रोते दिखे जिन्होंने नाटक की समाप्त के बाद सुगनी की अभिनय और दल मेहनत की बहुत प्रशंसा किया। जिस कारण से युवा नाट्य संगीत अकादमी पुरस्कार से सम्मानित किया गया। गीता थियेटर की अध्यक्ष गीता कुमारी और सचिव प्रेम दीक्षित ने कहा कि नाटकों पर वर्कशॉप कल शाम 1 अप्रैल से शुरू होगा, जिसमें शहर के अभिनय में रुचि रखने वाले युवा हिस्सा बन रहे हैं। यह वर्कशॉप एक्टिंग के विभिन्न पहलुओं पर केंद्रित रहेगा। इसमें अभिनय, संवाद, और मंच प्रदर्शन पर युवाओं को विशेष जानकारी दिया जाएगा एवं श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले किन्हीं 5 प्रतिभागीयो को गीता थिएटर की ओर से दूसरे राज्यों में आगमी अखिल भारतीय नाट्य महोत्सव में हिस्सा बनने का शानदार मौका दिया जाएगा।

## स्पीड न्यूज

### जीवन के सभी समस्याओं का समाधान रामचरित मानस में: साध्वी आरती शास्त्री



**विश्रामपुर (पलामू)।** चैत्र नवरात्र पर विश्रामपुर के ऐतिहासिक पंचमुखी मंदिर परिसर में एकम सांध्य से राम कथा प्रारंभ हुआ। राम कथा का आयोजन रामनवमी पूजा समिति ने किया है। कथा पंडाल का उद्घाटन भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी ने किया। सभी अतिथियों ने रामायण का आरती भी किया। उद्घाटन कार्यक्रम की अध्यक्षता पूजा समिति अध्यक्ष राजेश मार्शल ने किया। संचालन राजन पांडेय व विजय रवि ने किया। डॉ चंद्रवंशी ने कहा कि राम चरित मानस लोगों को जीवन जीने की कला सिखाता है। अयोध्या धाम से पधारी मानस मंदाकिनी साध्वी आरती शास्त्री ने कहा है सबसे पहले रामायण भगवन शंकर ने देवी पार्वती को सुनायी थी। उसे एक कौवे ने भी सुना जो आगे काकभुशुण्डि बने। काक भुशुण्डि ने ये कथा ऋषियों और गरुड़ को सुनायी थी। वाल्मीकि रामायण उसके बाद लिखी गयी। कहा कि रामचरित मानस में जीवन के सभी समस्याओं का समाधान है। मौके पर अध्यक्ष संजय पांडेय, विजय पांडेय, ओमप्रकाश गुप्ता गुड्डू, अच्युतानंद पांडेय, सुनील चौधरी, दामोदर यादव, गोपाल सोनी, शिव सोनी, राकेश केशरी, दिलीप चंद्रवंशी, शिव सोनी, मुकेश चौधरी आदि थे।

### पाटन प्रखंड में धूमधाम से मनी ईद



**पाटन पलामू।** प्रखंड में ईद धूमधाम से मनायी गयी। मौके पर मुस्लिम समुदाय के लोगों ने मस्जिद में नमाज अदा कर एक दूसरे गले मिले तथा ईद की बधाई एक दूसरे को दी। मौके पर वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर सह विधायक एवं युवा नेता प्रशांत किशोर ने पाटन के विभिन्न क्षेत्रों में मुस्लिम समुदाय के लोगों से मुलाकात कर ईद की बधाई दी। कहा कि ईद आपसी भाईचारा कायम करता है इसे मिल-जुलकर मनाया जाना चाहिए। वहीं युवा नेता प्रशांत किशोर ने कहा कि कोई धर्म को भाईचारा के साथ निभायें तथा एक दूसरे के पर्व में भागीदार बनें। ईद पर्व को लेकर पाटन, नावा जयपुर एवं किशुनपुर ओपी की पुलिस गशती करती रही।

### भाईचारे का संदेश देती है ईद : गुलशन



**पांकी पलामू (शिवशंकर पासवान)।** पांकी जामा मस्जिद सहित केल्हवा नौडीहा बहेरा नवडीहा टईया बसरिया रने भरी सहित ग्रामीण क्षेत्रों में ईद पारंपरिक हर्षोल्लास के साथ मनायी गयी। अहले सुबह लोगों ने नए कपड़े पहने और इत्र-सुरमा लगा कर मस्जिद पहुंचे, सुकराना नमाज पढ़ा। इसके बाद हाफीज ने ईद-उल-फितर की नमाज पढ़ायी और देश-दुनिया में अमन चैन की दुआ मांगी। मुबारकबाद देने वालों में पीपराटांड़ पुलिस प्रशासन, नौडीहा टू पंचायत मुखिया मुकेश सिंह, पगार खुर्द मुखिया पति नित्यानंद सिंह, रिंकु सिंह, सराजुद्दीन अंसारी (गुलशन) आजाद समाज पार्टी (कां) प्रखंड अध्यक्ष पांकी प्रखंड सह तहरीक ए बेदारी सदर लोहरसी मंडल ने मुबारकबाद दी।

### रामनवमी और ईद : सौहार्द की मिसाल बनी नीलांबर-पीतांबरपुर की धरती



**नीलांबर पीतांबरपुर पलामू।** प्रखंड में ईद का त्योहार हर्षोल्लास और शांतिपूर्ण मना। स्थानीय मस्जिद में हजारों लोगों ने सामूहिक नमाज अदा की और एक-दूसरे से गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी। मौके पर प्रशासन ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये थे। लेस्लीगंज थाना प्रभारी राजू गुप्ता खुद मोर्चा संभालते हुए अपने दल-बल के साथ सुरक्षा व्यवस्था की निगरानी की। वहीं थाना सदर फिरोज अंसारी और सेक्रेटरी मुन्ना खान ने ईद की नमाज के बाद सभी को बधाई दी। रामनवमी और ईद दोनों पर्वों को लेकर लोगों में खासा उत्साह है। इस बार रामनवमी और ईद के पर्व ने यह साबित कर दिया कि लेस्लीगंज की धरती हमेशा से सांस्कृतिक विविधता और धार्मिक सौहार्द की मिसाल रही है।

### ऋत्विक समाज ने किया मिलन समारोह



**पाटन पलामू।** हिंदु नव वर्ष के उपलक्ष्य में ऋत्विक समाज ने किशुनपुर के चनेया शिव मंदिर परिसर में मिलन समारोह आयोजित किया। मिलन समारोह में मंगलाचरण के साथ दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। समारोह में समाज के बारे उपस्थित लोगों ने अपने विचार व्यक्त किये। मिलन समारोह में आने वाले पीढ़ी का कैसे विकास किया जाये उस पर लोगों ने अपने अपने विचार को रखा। वक्ताओं ने बच्चों को शिक्षित करने एवं आपसी भेदभाव को भुलाकर समाज को आगे ले जाने पर बल दिया। मौके पर ऋत्विक समाज के विनोद उपाध्याय, किशुनपुर ओपी प्रभारी निलेश कुमार, प्रकाश चंद्र द्विवेदी, बबन दुबे, दिनेश दुबे, शशीकांत दुबे, अजय उपाध्याय ,राज विजय दुबे, बलराम उपाध्याय, धीरेंद्र उपाध्याय, प्रवीण दुबे, मुरारी उपाध्याय थे।

### लेस्लीगंज संकट मोचन महावीर मंदिर में रामलीला मंच का भव्य उद्घाटन



**लेस्लीगंज।** संकट मोचन महावीर मंदिर परिसर में रामलीला मंच का भव्य उद्घाटन थाना प्रभारी राजू गुप्ता, मंदिर समिति के अध्यक्ष योगेंद्र सोनी, सनातन धर्म के केंद्रीय अध्यक्ष अजीत तिवारी एवं समिति के सभी पदाधिकारियों ने भगवान श्रीराम की पूजा-अर्चना के साथ किया। थाना प्रभारी ने कहा कि मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम हमारे लिए सदैव पूजनीय और अनुकरणीय रहेंगे। उनके आदर्शों पर चलकर ही समाज में सद्भाव और नैतिक मूल्यों की स्थापना संभव है। सनातन धर्म के केंद्रीय अध्यक्ष अजीत तिवारी ने भी कहा कि यह सिर्फ एक नाटक नहीं, बल्कि हमारे संस्कारों और जीवन मूल्यों को जागृत करने का माध्यम है। संकट मोचन मंदिर समिति के अध्यक्ष योगेंद्र प्रसाद सोनी ने कहा सभी को भगवान श्री राम के मार्ग पर चलने की आवश्यकता है।

# ईद और रामनवमी मिलकर मनाना देश की खूबसूरती : अरुणा शंकर

खबर मन्त्र संवाददाता

**चैनपुर पलामू।** चैनपुर महावीर नवयुवक दल द्वारा रामनवमी पूजा की शुरूआत एकम के दिन मेदनीनगर की प्रथम महापौर अरुणा शंकर, माता हीरामणि ट्रस्ट के अध्यक्ष प्रमोद अग्रवाल, शहर के व्यवसाई गणेश गिरी, समाजसेवी कंचन अग्रवाल एवं महावीर नवयुवक दल चैनपुर के जनरल चंदू गुप्ता तथा सदस्यों ने फीता काटकर किया।





मंच पर उपस्थित अतिथि और संबोधित करतीं पूर्व महापौर अरुणा शंकर

उदघाटन के अवसर पर जनरल चंदू गुप्ता ने तलवार एवं अंग वस्त्र देकर सभी अतिथियों को सम्मानित किया। इस अवसर पर प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने कहा आज के दिन भगवान राम का जन्म हुआ था जिसे हम उनके जन्मोत्सव के रूप में मनाते हैं। प्रथम महापौर ने कहा कि रामनवमी के दिन से ही गोस्वामी तुलसीदास ने रामायण लिखना शुरू किया था जो हम हिंदुओं का सबसे बड़ा ग्रंथ है। यह पर्व हम हिंदुओं के लिए गर्व का दिन है। ी'रर पर प्रमोद अग्रवाल एवं गणेश गिरी ने सभी को रामनवमी की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि हम हिंदु इस पर्व को शांति और श्रद्धा के साथ मनाते आए हैं जो हमारे शहर के लिए मिशाल है। प्रथम महापौर ने कहा कि आज ईद और रामनवमी हम साथ मिलकर मना रहे हैं यह हमारे देश की खूबसूरती है।

# सदर थाना क्षेत्र में शांतिपूर्ण मनी ईद उल फितर कई मस्जिदों में अदा की गयी ईद की नमाज

मिन्हाज आलम

**मेदिनीनगर।** सदर प्रखंड समेत आसपास के क्षेत्रों में हर्षोल्लास व शांतिपूर्ण ईद उल फितर पर्व मनाया गया। सोमवार को इर्द पर्व को लेकर मुस्लिम समुदायों में उत्साह देखा गया। प्रखंड के अंतर्गत कौड़िया और तेलिया बांध नुरी मस्जिद में सुबह 8:40 बजे ईद उल फितर का नमाज अदा किया गया। मौके पर हाफिज जहुर आलम ने लोगों को नमाज पढ़वाया। नमाज से पहले मुस्लिम धर्मवालंबियों को लोगों ने सेवई खाकर और एक दूसरे से गले मिलकर इर्द पर्व की मुबारकबाद दी। मौके पर फितरा जकात व सदका भी निकाला गया। इर्द पर्व में सारे गिले शिकवे भूलकर एक दूसरे से गला मिलते हैं। मौके पर मौलाना हाफिज जहुर आलम ने बताया कि इस्लाम पवित्र धर्म है इसके नेक रास्ते पर चलने पर किसी भी तरह का कोई परेशानी नहीं होता है। ऐसे में सभी मुसलमान को पांच वक्त का नमाज जरूरी है। मौके पर मोहम्मद अली अंसारी, ताहिर अंसारी, गुलाब अंसारी, कलाम अंसारी, अब्दुल हसन अंसारी, जावेद अंसारी, इम्तियाज अंसारी, आशिक अंसारी, शिक्षक शकील अंसारी, जाहीद अंसारी, हाजी सुलेमान मास्टर, आबिद अंसारी समेत काफी संख्या में मुस्लिम समाज के लोग मस्जिद में उपस्थित होकर नमाज अदा की। ईद उल फितर पर्व को लेकर सदर थाना क्षेत्र में पुलिस गशत करते देखी गई। शांति व्यवस्था में सदर थाना प्रभारी संतोष गुप्ता दल बल के साथ भ्रमण करते देखे गये।



ईद की नमाज अदा करते मुस्लिम समुदाय के लोग और बच्चे।

# श्रीरामचरितमानस के अनुकरण से मानव का कल्याण : केएन त्रिपाठी

खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर।** जीवन की सभी समस्याओं का समाधान है राम चरित मानस। इस धर्म ग्रंथ के अध्ययन और अनुकरण से मनुष्य जीवन का कल्याण होता है। उक्त बातें पूर्व मंत्री के एन त्रिपाठी ने कहा। अवसर था रेड़मा ठाकुरबाड़ी में श्रीरामचरित मानस यज्ञ के 58वें अधिवेशन के उद्घाटन समारोह का। श्री त्रिपाठी ने कहा कि मानस में वर्णन मिलता है रावण का नाश राम नीति से हुआ था इसी प्रकार रामायण के प्रसंगों में जीवन की आपाधापी में आने वाले मूल समस्याओं का समाधान छुपा हुआ है। राम चरित मानस ग्रंथ के अध्ययन से मानवीय जीवन का कल्याण सुनिश्चित होता है।उद्घाटन समारोह के क्रम में वरिष्ठ कांग्रेस नेता दीनानाथ तिवारी को यज्ञ कमेटी ने शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। उद्घाटन समारोह के पश्चात पंडित पूज्य श्री गंगोत्री तिवारी जी महाराज नें कहा की सबसे पहले रामायण भगवन शंकर ने देवी पार्वती को सुनाई थी। वहां पर उस कथा को एक कौवे ने सुना जो आगे जाकर काकभुशुण्डि बने। काक भुशुण्डि ने ये कथा ऋषियों और गरुड़ को सुनाई थी। वाल्मीकि रामायण उसके बाद लिखी गयी। उन्होंने इसी प्रसंग रामायण के कई प्रसंग की विस्तार से व्याख्या किया। समारोह में श्री राम चरित मानस यज्ञ कमेटी के अध्यक्ष दिलीप तिवारी मिंटू नें सभी आंगुतकों का स्वागत करते हुए कहा कि हमारे ग्राम के लिए गर्व की बात है 58 वर्ष से निरंतर श्री राम चरित मानस यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। समारोह में अजय तिवारी अकेला, राजकमल तिवारी, प्रेमकमल तिवारी, अजय तिवारी, सत्येन्द्र तिवारी, ब्रजमोहन तिवारी, नवीन तिवारी प्रदीप तिवारी महाकाल, चंचल तिवारी, अभिषेक तिवारी, मिकू तिवारी, अप्पू तिवारी, आलोक तिवारी सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।



रेड़मा ठाकुरबाड़ी में श्रीरामचरित मानस यज्ञ के 58वें अधिवेशन का उद्घाटन करते पूर्व मंत्री व अन्य।

# छोटे-छोटे कार्यों को भी प्राथमिकता देते हैं सांसद बीडी राम : भोला पांडेय

›› सड़क पर बने गड्ढे को भरवाया गया

खबर मन्त्र संवाददाता

**चैनपुर पलामू।** प्रखंड के शाहपुर गढ़वा रोड मुख्य मार्ग विवेकानंद चौक पर गड्ढा हो जाने के कारण आये दिन दुर्घटना होती रहती थी। यहां के दुकानदार एवं रामनवमी पूजा महावीर नवयुवक दल जनरल के द्वारा सांसद विष्णु दयाल राम के प्रतिनिधि भोला पांडेय को समस्या से अवगत कराये। सांसद प्रतिनिधि ने सक्रियता दिखाते हुए सांसद विष्णु दयाल राम से दूरभाष पर बात कर क्षेत्र की जनता की भावनाओं की कद्र करते हुए इस समस्या को गंभीरता से लिए और संबंधित विभाग को निर्देशित कराकर अपनी उपस्थिति में गड्ढे को पीसीसी करवाने का सराहनीय कार्य किया। इस कार्य के लिए यहां के दुकानदार एवं रामनवमी पूजा कमेटी ने सांसद बीडी राम को तथा सांसद प्रतिनिधि भोला पांडे के प्रति आभार व्यक्त किया। मौके पर सांसद प्रतिनिधि भोला पांडेय ने कहा कि सांसद विष्णु दयाल राम सदा अपने लोकसभा क्षेत्र के समस्याओं को दूर करने के लिए दिन-रात लगे रहते हैं। किसी भी समस्या को लेकर लोकसभा में आवाज उठाकर समाधान कराते हैं। कार्य छोटा हो या बड़ा उसे प्राथमिकता देते हुए दूर करते हैं यह हम सभी के लिए गर्व की बात है। मौके पर महावीर नवयुवक दल जनरल के अध्यक्ष मुकेश जयसवाल, धर्मेंद्र जायसवाल, शेखर सिंह, दिलीप चंद्रवंशी, सुनील गुप्ता, दीपक जायसवाल आदि थे।



सड़क पर बने गड्ढे को दिखाते लोग और मरम्मत की मांग भी की।

# पलामू में वित्त मंत्री व प्रथम महापौर ने किया आकाश इंस्टीच्यूट का उद्घाटन

- पलामू में मेडिकल इंजीनियरिंग कॉलेज है लेकिन छात्र बाहर से तैयारी करते हैं : वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर
- आकाश कोचिंग की हर सुविधा पलामू के छात्रों को मिले : अरूणा शंकर

खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू प्रमंडल के विद्यार्थी जो मेडिकल, इंजीनियरिंग की तैयारी के लिए रांची या दूसरे राज्य जाकर करते हैं, उनके लिए आकाश इंस्टिच्यूट खुशखबरी लेकर पलामू आया है। इस कोचिंग संस्थान का ब्रांच पूरे देश में 400 से ज्यादा है। यह संस्था पलामू के छात्रों को सपना साकार करने के लिए रेड़मा चौक पर एक ब्रांच स्थापित किया। जिसका उद्घाटन राज्य के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर, नगर निगम की प्रथम महापौर अरूणा शंकर, जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष रामदेव यादव, निदेशक डॉ नवीन गुप्ता ने किया। वित्त मंत्री ने कहा कि पलामू प्रमंडल के विद्यार्थी मेडिकल एवं इंजीनियरिंग की तैयारी अब कम खर्च में यहीं करेंगे। प्रथम महापौर ने संस्थान के लोगों को शुभकामना दी। कहा कि पलामू में नव वर्ष पर एक नई शुरुआत हुई है, जिससे विद्यार्थियों में खुशी है।



# जनता को सड़क और बिजली सुविधा देना प्राथमिकता : वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर

- वित्त मंत्री ने पाटन के करर कला में सड़क निर्माण का किया शिलान्यास



खबर मन्त्र संवाददाता

**पाटन पलामू।** वित मंत्री राधा कृष्ण किशोर एवं युवा नेता प्रशांत किशोर ने पाटन के करर कला ग्राम में लगभग पौने तीन किलोमीटर सड़क का शिलान्यास किया। इस सड़क का निर्माण आरईओ विभाग के द्वारा तीन करोड़ संतानबे लाख रुपए की लागत से कराया जायेगा ।शिलान्यास कार्यक्रम में आरईओ विभाग के कार्यपालक अभियंता विशाल खलको, एई बिजय राम, जेई मनोज कुमार, संवेदक संतोष कुमार, समाजसेवी दया सिंह, मुखिया मनोज कुमार, राजकमल तिवारी, अरुण सिंह, ईश्वरी पाण्डेय, राजेन्द्र पाण्डेय, बलराम उपाध्याय, सुमन गुप्ता, शक्ति शंकर गुप्ता, उमाशंकर सिंह, इकवाल अंसारी, संतोष उपाध्याय, गोपाल दुबे, सुधीर यादव, मकबूल अंसारी, नारद यादव, अशोक सोनी, मनोज यादव सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

### सफल छात्र तन्मय और अभिषेक को सम्मान



**मोहम्मदगंज पलामू।** जवाहर नवोदय विद्यालय में नामांकन के लिए सफल दो छात्र तन्मय कुमार और अभिषेक कुमार को पंचायत समिति सदस्य ममता देवी ने तिलक लगाकर उनकी हौसला अफजाई की और उनके उज्वल भविष्य की कामना की है। दोनों छात्र को विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य राकेश कुमार सिंह समेत अन्य शिक्षकों ने भी उज्वल भविष्य की कामना के साथ उन्हें लेखन सामग्री भेंट कर हौसला अफजाई की है।

### नवाह्न परायण यज्ञ का समापन समारोह संपन्न



**चैनपुर पलामू।** प्रखंड के ग्राम पंचायत नरसिंहपुर पथरा में आयोजित रामचरितमानस नवाह्न परायण यज्ञ के 10वें अधिवेशन के समापन सह सम्मान समारोह आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि पूर्व जिप सदस्य बिकास चौरसिया उर्फ संटू, पूर्व मुखिया सह भाजपा नेता भीष्म चौरसिया, पंसस कमल किशोर चौरसिया, रामकरेश चौरसिया, अखिलेश चौरसिया, पूर्व पंसस इंदल चौरसिया, बबलू पथरा के पूर्व मंडल अध्यक्ष भाई शंभू राम, अरविंद, अशर्फी सोनी (सूर्य मंदिर निर्माता) उपस्थित थे। यज्ञ समिति नरसिंहपुर पथरा की ओर से सम्मानित कार्यकर्ता व उत्कृष्ट सहयोगी को सम्मानित किया गया। बिकास ने कहा कि यज्ञ धर्म होना हमारे क्षेत्र में शांति उन्नति होगी। यह अनवरत चलना चाहिए।

### आपसी भाईचारे के साथ मनायें व्रत-त्योहार प्रशासन आपकी सेवा में है: आशीष गंगवार



**हुसैनाबाद पलामू।** झारखंड में ईद, सरहुल एवं रामनवमी का त्योहार एक ही साथ होने से राज्य सरकार व जिला प्रशासन हाई अलर्ट पर हैं। उपायुक्त के निर्देश पर हुसैनाबाद अनुमंडल कार्यालय में छतरपुर एसडीएम सह आईएस आशीष गंगवार एवं हुसैनाबाद एसडीएम गौरांग महतो के संयुक्त अध्यक्षता में हाई लेबल की बैठक की गयी, जिसमें एसडीपीओ सह आइपीएस मो याकूब, हैदरनगर थाना में प्रशिक्षु एपीएएस दिव्यांश शुक्ला के एवं तीनों प्रखंडों के सभी सीओ, बीडीओ, अनुमंडल स्वास्थ्य उपाधीक्षक एवं सभी थाना प्रभारी बिजली विभाग नगर पंचायत प्रशासनिक अधिकारी समेत सभी अधिकारी उपस्थित थे। जिसमें 31 मार्च को ईद ,1 या दो अप्रैल को सरहुल 6 अप्रैल रामनवमी को देख विधि व्यवस्था

## अकीदत से अदा की गयी ईद की नमाज गले लगकर एक दूसरे को दी बधाई

- विधायक, जिप उपाध्यक्ष, चेयरमैन आदि हुसैनाबाद वासियों को दी मुबारकवाद
- ईद प्रेम व भाईचारा से गले लगाने का त्योहार : विधायक

खबर मन्त्र संवाददाता

**हुसैनाबाद पलामू।** एक माह पवित्र रमजान के बाद सोमवार को पूरे हुसैनाबाद अनुमण्डल क्षेत्र के शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में ईद उल फितर का त्यौहार मनी। रविवार को रात्रि में ही चाँद की दीदार करने के बाद सभी मस्जिदों से ईद मनाने का एलान कर दिया गया।

सोमवार सुबह से ही सभी लोग नये-नये कपड़े व इस्लामियां टोपी पहने ईदगाहों में काफी भीड़ देखी गयी। मौके पर शहर के दाता नगर स्थित ईदगाह, राज टोली मोहल्ला जामा मस्जिद, नूरी मस्जिद, ईमामन मस्जिद, मोहम्दाबाद, मिजार्पुर, बहोरन बीघा, देवरी, सुखन बिगहा, बुधुआ, बेनी कला समेत कई मस्जिदों में सोमवार को बड़ी संख्या में मुस्लिम समुदाय के लोगों ने ईद की नमाज अदा की।



## सदगुरू सदाफल देव विहंगम योग ने निकाली शोभा यात्रा

**छतरपुर पलामू।** भारतीय नववर्ष के उपलक्ष्य में सदगुरु सदाफलदेव विहंगम योग संस्थान के छतरपुर प्रखंड इकाई ने स्वर्वेद शोभा यात्रा छतरपुर के जपला रोड स्थित परी मैरेज हॉल से रविवार को निकाली। शोभा यात्रा में सद्गुरु का जयघोष गूंजता रहा। पहुंचने के बाद वहां सत्संग गोष्ठी की गयी, जिसमें आरती, वंदना, शांति पाठ के बाद प्रसाद का वितरण किया गया। श्रद्धालुओं ने अद्वितीय आध्यात्मिक सदग्रंथ स्वर्वेद की झांकी को लेकर पूरे बाजार में भ्रमण किया।

## पलामू जिले में हर्षोल्लास मनी ईद गले मिल एक दूसरे को दी बधाई

- जिले के सभी मस्जिदों में अकीकद के साथ ईद की नमाज अदा की गयी

खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले में ईद पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। वहीं जिले के सभी मस्जिदों में ईद का विशेष नमाज अकीकद के साथ अदा किया गया। मुस्लिम समाज का पवित्र महीना माहे रमजान के तहत मुस्लिम धर्मावलंबी 30 दिन का रोजा रखकर इबादत करते हैं। रोजा समाप्ति के बाद ईद पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है। भारत में ईद सउदी अरब के एक दिन बाद मनाने की परंपरा है। कारण कि रमजान के रोजा एक दिन पहले सउदी अरब में समाप्त होता है। उसके बाद वहां पर ईद मनाया जाता है। जिस दिन सउदी में ईद होता है उस दिन भारत में चांद रात होता है। उसके बाद ईद मनाया जाता है। बड़े ही अकीदत एवं सदारत के साथ लोग ईद पर्व को मनाते हैं। साथ ही एक दूसरे से गले मिले।



# सतबरवा में हर्षोल्लास के साथ अदा की गयी ईद की नमाज

खबर मन्त्र संवाददाता

**सतबरवा पलामू।** ईद उल फितर पर सोमवार को सतबरवा के जामा मस्जिद तथा ताहा मस्जिद में अकीदत और पाकीजगी के साथ नमाज अदा की गयी। नमाज के बाद मुस्लिम बंधुओं ने एक-दूसरे को गले लगाकर ईद की मुबारकबाद दी। बच्चों में ईदी पाने के लिए खासा उत्साह रहा। नमाज के दौरान सुरक्षा के कड़े इंतजाम रहे। इस दौरान प्रशासनिक व्यवस्थाएं चाक-चौबंद नजर आयी। जामा मस्जिद में इमाम तौफीक आलम मिस्बाही ने ईद की नमाज अदा कार्रवाई करवा कर देश में अमन चैन खुशहाली की दुआएं करवाई। मस्जिद में सैकड़ों की तादाद में नमाज अदा करने नमाजी पहुंचे। सभी ने देश मे अमन चैन खुशहाली की दुआएं की। इस दौरान इमाम तौफीक आलम मिस्बाही ने कहा कि ईद का त्योहार खुशियां बढ़ाने वाला त्योहार है। यह हमे साथ रहना, गरीबों की मदद करना सिखाता है। एक महीने तक लोग रोजे रखकर भूखे प्यासे रहते हैं और खुद को बुराइयों से बचाते हैं। लेकिन इसके बाद फर्ज है कि गरीबों को भी ईद की खुशियां मनाने का मौका मिले। इसलिए इन लोगों की जो मदद हो करनी चाहिए। मौके पर जिप सदस्य सुधा कुमारी, प्रमुख रीमा देवी, मुखिया रीना साहू, गिरवर राम, रिंकी यादव, कलावती देवी, संतोष उरांव, सामाजिक कार्यकर्ता आशीष सिन्हा, पूर्व जिप सदस्य चिंता देवी समेत कई पंचायत प्रतिनिधि और जनप्रतिनिधियों ने ईद की मुबारकबाद दी। इस मौके पर नौशाद आलम, मो अदनान अशरफ, मो सैफुल्लाह, मो अताउल्लाह, मो तमसिर, मो हसनैन, मो समीर, मो शाहनवाज आलम, बाबू खान, नजीर अजहर थे।





एक दूसरे को ईद की मुबारकबाद देते लोग।

# एकता गांव के एक घर में लगी आग ढाई लाख की संपत्ति जलकर खाक

खबर मन्त्र संवाददाता

**सतबरवा पलामू।** प्रखंड क्षेत्र के लेस्लीगंज थानांतर्गत एकता गांव निवासी मनोज सिंह पिता महेंद्र सिंह के घर में आग लगने से करीब ढाई लाख की संपत्ति जल कर खाक हो गया। घटना बीते रविवार की अहले करीब 4 बजे की है। बताया जाता हैं कि घर के सभी सदस्य घर में सोये हुए थे अचानक घर में आग को देख कर निंद खुली और घर के लोग सोर गुल करने लगे।

आवाज सुनकर गांव के लोग आये और आग को बुझाने का प्रयास करने लगे। आग की लपटें इतना अधिक थी कि आग पर काबू बहुत मुश्किल से पाया गया। तब तक घर में रखे अनाज, कपड़ा लकड़ी बांस तथा 5000 रुपये नगद सहित करीब ढाई लाख रुपये की संपत्ति जलकर खाक हो गया। घटना के संबंध में बताया जाता है कि घर के बगल में सटे खलिहान में रब्बी फसल खेत से काट कर रखा हुआ था जिसमें आग पकड़ लिया और धीरे धीरे आग घर को भी चपेट में ले लिया। खलिहान में आग कैसे लगी यह पता नहीं हो सका है। वहीं मुखिया मनीता देवी ने घटना पर दुख व्यक्त करते हुए कहा कि मनोज सिंह की आर्थिक स्थिति दयनीय है।

आगजनी की इस घटना से भुक्तभोगी पर दुःख का पहाड़ आ पड़ा है। खाने पीने और रहने के लिए दिक्कत हो गया है। प्रशासन घटना का आकलन करते हुए भुक्तभोगी को मुआवजा दे। इस संबंध में भुक्तभोगी ने सतबरवा सीओ को आवेदन देकर मुआवजे की मांग की गयी है।



अगलगी की सूचना के बाद मौके पर पहुंचे लोग।

# कलश स्थापना के साथ श्री रामलला मंदिर में श्री रामनवमी महोत्सव शुरू



कलश यात्रा में श्रद्धालु

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** जिला मुख्यालय स्थित श्री रामलला मन्दिर में कलश स्थापना के साथ श्री रामनवमी महोत्सव का भव्य प्रारम्भ हो गया। इसके साथ ही मथुरा वृन्दावन से पधारे विद्वान आचार्यों के निर्देशन में श्री रामचरित मानस यज्ञ भी प्रारम्भ हो गयी।

बता दें कि रविवार की सुबह आठ बजे श्री रामलला मन्दिर से बाजे गाजे एवं जयकारे के साथ भव्य कलश यात्रा निकाली गई। वृन्दावन के पधारे प्रधान विद्वान आचार्य श्री संजय कृष्ण शास्त्री, आचार्य रविन्द्र तिवारी, कृष्णा पांडेय द्वारा अभिमन्त्रित कलश को मुख्य यजमान दिलीप कमलापुरी एवं उनकी धर्मपत्नी ने अपने माथे से लगाया। इसी तरह सैकड़ो महिला-पुरूष श्रद्धालुओं ने मंदिर से कलश उठाया। कलश यात्रा रेलवे स्टेशन रोड, गढ़वा-रेहला रोड, शिव ढोंढा रोड होते हुए शिव ढोंढा मन्दिर परिसर में पहुंची। वहां शिव-पार्वती तालाब से कलश में जल भरा गया।

विद्वान आचार्यों ने वहां कलश जल की विधिवत पूजा करायी। उसके बाद कलश यात्रा पुनः श्री रामलला मन्दिर पहुंची। मन्दिर में महोत्सव के लिये बने आकर्षक और मोहक अनुष्ठान वेदी पर कलश को भावपूर्वक स्थापित किया गया। इस खुशी में वाद्ययंत्र के धार्मिक धुनों पर भक्तगणों के पैर थिरकने लगे। भगवान की भक्ति में लीन 70 पार के श्रद्धालु भी अपने आप को नहीं रोक सके। वे भी जी भर नाचे और भगवान की भक्ति में लीन हो गए। मौके पर विद्वान आचार्यों के साथ मन्दिर समिति के पदाधिकारी अलखनाथ पांडेय, सुदर्शन सिंह, धनंजय सिंह, धनंजय गोंड, विकास दुबे, धनंजय ठाकुर, जितेंद्र कमलापुरी, अनिल शर्मा, माता जी सरस्वती कुंवर, मातृशक्ति सत्संग प्रमुख माया देवी, श्यामा पांडेय, अनिल पांडेय, दिलीप कमलापुरी, आशीष अग्रवाल, सियाराम पांडेय, नगर परिषद गढ़वा की पूर्व अध्यक्ष अनीता दत्त, निवर्तमान अध्यक्ष पिंकी केशरी सहित सौकड़ों की संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे। आरती और प्रसाद वितरण के साथ कलश स्थापना का अनुष्ठान पूर्ण हुआ।

## मझिआंव एवं बरडीहा में धूमधाम से मनाई जा रही रामनवमी

खबर मन्त्र संवाददाता

**मझिआंव।** मझिआंव एवं बरडीहा प्रखंड के तमाम हिंदू बहुल क्षेत्र में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी भगवान श्री राम के जन्मोत्सव के रूप में धूमधाम से चैत रामनवमी की पर्व मनाई जा रही है। इसको लेकर श्रद्धालुओं के द्वारा चैत्र मास के प्रथम तिथि से ही मंदिरों एवं शहरों को सजाने में लगे हैं। इसी दिन मंदिरों एवं घरों में भगवान श्री राम की विधि पूर्वक पूजा की जाती है। मान्यता है कि चैत माह के नवमी तिथि को भगवान विष्णु ने भगवान श्री राम के रूप में राजा दशरथ एवं माता कौशल्या के घर अवतार लिए थे। इसलिए देश भर में अधिक उत्साह के साथ चैत्र माह में रामनवमी मनाई जाती है। इधर नगर पंचायत क्षेत्र के तमाम मंदिरों को दुल्हन की तरह सजाया गया। इसके साथ ही राधा कृष्ण मंदिर के बाल पुजारी सह अखाड़ा अध्यक्ष श्री श्री 108 बाबा केशव नारायण दास के निर्देशन में शहर के मेन रोड, ब्लॉक रोड, लोहारपूरवा आदि जगहों पर सड़क के दोनों किनारे भगवा झंडा से पाट दिया गया है। जिस कारण सारा इलाका श्रीराममय में हो गया है। इसके अलावा श्री राधा कृष्ण मंदिर में नवाहपारायण का आयोजन कर रामचरितमानस का पाठ किया जा रहा है। इसके साथ ही जगह-जगह पर लाउडस्पीकर के माध्यम से आएंगे आएंगे राम आएंगे,,, एक ही नाम और एक ही नारा जय श्री राम जय श्री राम,,, आदि भक्ति गानों की प्रस्तुति से सारा इलाका भक्ति में हो गया है। इसके अलावा बाजार समिति स्थित श्री राम जानकी अखाड़ा के अध्यक्ष मनीष कुमार गुप्ता एवं विवेक सोनी की देखरेख में सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया है। इसी प्रकार श्री हनुमंत अखाड़ा अखौरी तहले के अध्यक्ष दीपक चंद्रवंशी, श्री राम पूजा समिति लोहरपूरवा के अखाड़ा अध्यक्ष पिंटू विश्वकर्मा एवं ब्लॉक रोड स्थित शिव शक्ति संघ अखाड़ा के अध्यक्ष संजीव कुमार सिंह एवं तमाम सदस्यों के द्वारा भाईचारगी एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में रामनवमी का त्यौहार मनाने की तैयारी की जा रही है।

## जीवन के तनाव को कम करते हुए सही मार्ग दिखाने का कार्य करती है राम कथा : एसपी



उद्घाटन मौके पर एसपी व अन्य

**गढ़वा।** शहर के गढ़देवी मुहल्ला स्थित नरगिर आश्रम में चैत्र नवरात्र के अवसर होने वाले रामकथा के प्रथम दिवस कथा मंच का उद्घाटन किया गया। जिसका उद्घाटन मुख्य अतिथि एसपी दीपक पाण्डेय, अलखनाथ पाण्डेय व राकेश पाल ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। अयोध्या के पूज्य सन्त श्री बालस्वामी अवधेन्द्र प्रपन्नाचार्य एवं उनके साथ आये विद्वत आचार्यों एवं वादकों की टीम द्वारा संगीतमय कथा वाचन का प्रारंभ मंगलाचरन के साथ हुआ। मौके पर एसपी ने जिले वासियों को धूम धाम से पर्व मनाने की बात कही। साथ ही आगाह भी किया कि आप के आयोजन से किसी दूसरे को कष्ट नहीं पहुंचे। उन्होने कहा कि रामचरित मानस मे वर्णित रामजी के मयार्दापूर्ण चरित्र से लोग प्रेरणा ले और अपने जीवन मे उसे उतारने का प्रयास करें। जीवन के तनाव को कम करते हुए सही मार्ग दिखाने का कार्य करती है राम कथा। अलखनाथ पाण्डेय ने रामचरित मानस को सार्वकालिक ग्रन्थ बताया। कहा इसमें वर्णित उच्च आदर्शों को आत्मसात कर हम अपने जीवन को सुखमय बना सकते हैं। राकेश पाल ने रामकथा को सर्वाधिक लोकप्रिय कथा बताया। प्रथम दिवस की कथा मे पूज्य सन्त बालस्वामी जी ने धर्म और आध्यात्म की चर्चा करते हुए इसे आज के युग मे ज्यादा प्रासंगिक बताया। उन्होंने कहा कि पृथ्वी पर अधर्म और अनीति जब चरम पर पहुंच जाता है तो परम ब्रह्म परमेश्वर साकार रूप लेकर उसका नाश करने के लिए अवतरित होते हैं। मौके पर दीनानाथ बघेल, जयशंकर बघेल, अजय राम, गौतम चंद्रवंशी, सोनू बघेल, पवन बघेल, सुमित लाल, अजय सिंह, राकेश चंद्रा, सूरज सिंह, शिवा आदि उपस्थित थे।

# कर्म के साथ धर्म को जोड़ना था श्री कृष्ण अवतार का उद्देश्य : संजय कृष्ण

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** श्री रामलला मंदिर में चैत्र शुक्ल पक्ष प्रथम से नौ दिनों के लिए श्रीमद भागवत कथा का शुभारंभ हो गया। वृन्दावन से पधारे विद्वान आचार्य श्री संजय कृष्ण शास्त्री जी महाराज की ओजस्वी, तेजस्वी और प्रेरणादाई कथा श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर रही है। महाराज जी ने प्रथम दिन की कथा की शुरूआत भगवान श्री कृष्ण की जन्म लीला से की। श्री कृष्ण के जन्म के उद्देश्यों का विस्तार से वर्णन करने हुए आचार्य ने कहा कि श्री कृष्ण के अवतार का मुख्य उद्देश्य कर्म से धर्म को जोड़ना था। महाराज जी ने कहा कि श्री कृष्ण ने कई ऐसे प्रभावकारी कर्मों को स्थापित करने वाले महापराक्रमियों का नाश किया। जिन्होंने कर्म में धर्म का पालन नहीं किया। धर्म की प्रतिष्ठा और प्रभाव को अपने पैरों तले कुचलने का प्रयास किया। उन्होंने कहा कि धर्म की स्थापना करने ही भगवान धरती पर आए थे। उन्होंने अपने प्रभाव से यह दिखाया कि बुरे कर्म और अच्छे कर्म क्या हैं।

अच्छे कर्म धर्म का प्रतीक है तो बुरे कर्म अधर्म का। श्रीमद भागवत गीता में कर्मों का ही वर्णन है। उन्हीं कर्मों में धर्म का समावेश दिखाया गया है। भगवान ने गीता के उपदेश में अच्छे और बुरे कर्मों के प्रभाव को भी बताया है। शास्त्री जी ने कहा कि चोरी करना भी एक कर्म है। क्या इस कर्म में धर्म है। नहीं है। क्योंकि इस कार्य से कोई दुखित हो रहा है। परेशान हो रहा है। जिस कर्म से किसी को परेशानी हो। उस कर्म में धर्म नहीं हो सकता। कोई व्यक्ति भूखे को भोजन देता है, प्यासे को पानी पिलाता है, किसी को लूटने, कटने से बचाता है। यह भी कर्म है लेकिन यह धर्म से जुड़ा हुआ है। इस कर्म से किसी को कोई परेशानी नहीं हो रही है साथ ही परेशान लोगों को राहत मिल रही है। ऐसे कर्म धर्म की श्रेणी में आते हैं। इसे हम धर्म भी कह ले तो कोई परेशानी नहीं है। ऐसे कर्म ही धर्म कहलाते हैं। महाराज ने भगवान की कई कहानियों, प्रसंगों एवं वातालार्पों का उदाहरण देते हुए इस प्रसंग को सरलता पूर्वक समझाया। महाराज जी के प्रवचन के बीच-बीच में संगीतमय भजन ने लोगों का मन मोह लिया। भगवान की आरती और प्रसाद वितरण के साथ प्रथम दिन के प्रवचन कार्यक्रम का समापन हुआ। इस मौके पर महाराज जी के साथ आर्गन पर धनजी शर्मा, तबला पर मिथिलेश शर्मा, पैड पर विजय गुरु जी और बैंजो पर विजय रंजन ने संगत किया। मौके पर यजमान दिलीप कमलापुरी एवं उनकी धर्मपत्नी, सचिव धनंजय सिंह, सह सचिव सत्यनारायण दुबे, सदस्य विकास दुबे, कार्यालय मंत्री धनंजय ठाकुर, सदस्य अनिल शर्मा, श्यामा पांडेय, सियाराम पांडेय, उमेश कमलापुरी, शैलेन्द्र कमलापुरी सहित सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालुगण मौजूद थे।

## धुरकी में धूमधाम से मना ईद-उल-फितर

**धुरकी।** प्रखंड के सभी ईदगाहों में ईद-उल-फितर की नमाज सकुशल संपन्न हुई। धुरकी ईदगाह के मौलवी गयासुद्दीन अंसारी ने कहा कि इस रमजान के पाक मौके पर पूरी एक महीने रोजेदार रोजा रख कर अपने देश व अमन चैन की खुशहाली के लिए दुआ मांगते हैं। उन्होंने यह भी बताया कि अपने अमन चैन वह देश की खुशहाली के लिए सभी लोगों का फर्ज है। सुदूरवर्ती गांव व टोले में भी में भी ईद-उल फितर की नमाज जामा और नूरी मस्जिद में मुफ्ती साहब ने पढ़ाई। मुस्लिम समुदाय ने देश में अमन चैन और शांति की दुआ मांगी। बीडीओ सह सीओ जुल्फिकार अंसारी अलग-अलग ईदगाहों में मजिस्ट्रेट की प्रतिनियुक्ति की थी। ताकि ईद उल फितर शांति तरीके से मनाई जा सके। बीडीओ सह सीओ एवं धुरकी थाना प्रभारी उपेंद्र कुमार ने मौके पर सभी मुस्लिम समुदाय को ईद की मुबारकबाद दी। प्रखंड के सभी ईदगाहों में पानी व टेंट की मुकम्मल व्यवस्था की गई थी। वहीं नमाज अदा करने के बाद सभी मुस्लिम भाइयों बंधुओं ने आपस में गले मिले भाईचारे का पैगाम दिया। सभी लोगों ने भारत में अमन चैन और शांति की दुआ की।

## शांतिपूर्ण व अकीदत के साथ मना ईद का त्योहार

**कांडी।** प्रखण्ड क्षेत्र में सोमवार को ईद का त्योहार शांतिपूर्ण व अकीदत के साथ मनाई गयी। मुस्लिम बहुल सभी गांवों में ईद का पर्व धूमधाम से मनाया गया। मुस्लिम भाईयों ने अहले सुबह से ही ईदगाह जाने की तैयारी में लग गए थे। कांडी ईदगाह में सुबह 8:30 बजे नमाज अदा किया गया जहां पर हाफिज इमाम अब्दुल मजीद अंसारी ने नमाज पढ़ाया। जमुआ ईदगाह में हाफिज मनान अंसारी, पतीला नवडीहवा टोला में हाफिज गयासुद्दीन अंसारी, कुरकुटा में हाफिज मोहम्मद गुलजार, अधौरा में हाफिज इमामुद्दीन खान, सड़की हाफिज इमामुद्दीन कादरी, लमारी खुर्द ईदगाह में हाफिज सफायत अंसारी ने ईद का नमाज पढ़ाया। कांडी पंचायत मुखिया विजय राम व उप मुखिया दिलीप राम बीडीसी प्रतिनिधि अनूप कुमार, जिला परिषद प्रतिनिधि दिनेश कुमार ने कांडी ईदगाह में पहुंचकर मुस्लिम भाईयों के गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी।

## भंडरिया में ईद हर्षोल्लास के साथ संपन्न



एक दूसरे को बधाई देते लोग

### एखलास व एहतराम के साथ मना ईद का त्योहार

**भवनाथपुर।** प्रखंड क्षेत्र में ईद-उल-फितर का त्योहार, आपसी भाईचारे व सामाजिक सौहार्द के माहौल में एखलास व एहतराम के साथ मनाया गया। लोग सुबह मस्जिद पहुंचे नमाज पढ़े और गले मिलकर एक दुसरे को मुबारकबाद दी। अरसली मस्जिद सेलेकर बेलपहाड़ी, बघमनवा, चपरी, टाउनशिप, मकरी समेत अलग अलग इलाकों की दर्जनों मस्जिदों में ईद की नमाज अदा कर गले मिलकर एक दुसरे को बधाई दी। सुबह से ही लोग नए नए कपड़े पहनकर अपने अपने गांव की मस्जिद की ओर नमाज अदा करने के लिए पहुंचने लगे थे। ईद-उल-फितर के मौके पर मुसलमान भाईयों ने मस्जिदों में ईद-उल-फितर की सामूहिक नमाज अदा करते हुए खुदा का शुक्र अदा किया और अमन शांति के लिए दुआएं मांगी। इस अवसर पर बच्चे से बूढ़े तक सभी नये कपड़े व रंगबिरंगी टोपियों में सजे हुए अपने गांव की मस्जिद में नमाज के बाद एक दूसरे के गले मिलकर ईद की बधाई दी।

खबर मन्त्र संवाददाता

**भंडरिया।** प्रखंड क्षेत्र में ईद हर्षोल्लास के साथ संपन्न हो गया। इस मौके पर ईदगाहों एवं मस्जिदों में ईद उल फितर की नमाज अदा की गई। नमाज के बाद एक दूसरे से गले मिलकर ईद की मुबारकबाद पेश की गई। इस पर्व को लेकर बच्चे, बूढ़े, जवानों में काफी उत्साह देखा गया। शाम को ईद की चांद नजर आ गई थी। लोग ईद की चांद देखने के लिए भी काफी उत्साहित थे। इस मौके पर लोगों ने अपने घरों में सेवइयां बनाकर फातिहा खानी की। फिर खाने खिलाने का दौर शुरू हुआ जो देर शाम तक चलता रहा। करचाली ईदगाह में मौलाना मुख्तार आलम ने ईद की नमाज पढ़ाई। भंडरिया जमा मस्जिद में मौलवी हदीस अहमद, मदगड़ी मस्जिद में हाफिज नूर आलम, चिरैयाटांड़ ईदगाह में मौलाना मुमताज आलम ने ईद की नमाज पढ़ाई। सुरक्षा के मद्देनजर ईदगाहों और मस्जिदों में पुलिस बाल के लोग गश्ती करते देखे गए। मौके पर करचाली ईदगाह में मौलाना मुख्तार आलम ने तकरीर करते हुए कहा कि लोग एक दूसरे के गिले शिक्वे भूलकर ईद की खुशियां मनाएं। किन्हीं से कोई रंजिश हो गई हो तो उसे दूर कर ले। मौके पर हाजी सलामतुल्लाह, हाजी अमीम, हाजी शमीम, हाजी वाजुद्दीन, हाजी सलीम, जुबेर नसीम आजम, मौलाना इकबाल, मुफ्ती काशिफ रजा, हाफिज अशफाक, मौलाना इकरार, हाफिज सनाउल्लाह, फिदा हुसैन, रियासत हुसैन, भंडरिया में फरहाद खान, डॉक्टर एहतराम, खुर्शीद आलम, हदीस अहमद, मदगड़ी में मुमताज आलम, नूरे आलम, शौकत अंसारी, कुदरत अंसारी, कुतुबुद्दीन अंसारी, मुतुर्जा हुसैन सहित काफी संख्या में लोग शामिल थे।

## हजारीबाग में नल जल योजना पर भ्रष्टाचार का साया

**हजारीबाग।** सरकार द्वारा हर घर तक स्वच्छ पेयजल पहुंचाने के उद्देश्य से शुरू की गई नल जल योजना की हकीकत बेहद चिंताजनक है। इस योजना के तहत करोड़ों रुपये खर्च कर गांव-गांव में जल टावर बनाए गए, लेकिन अधिकांश जगहों पर ये टावर शोपीस बनकर रह गए हैं। कई गांवों में पानी की एक बूंद भी नसीब नहीं हो रही, जिससे ग्रामीणों का आक्रोश बढ़ता जा रहा है।

अधूरी पाइपलाइन और सूखे टावर सरकारी आंकड़ों के मुताबिक, हर 25 घरों पर एक जल टावर बनाया गया, लेकिन हकीकत यह है कि या तो टावर खराब पड़े हैं या फिर हफ्ते में सिर्फ एक-दो दिन ही पानी देते हैं। कई जगहों पर पाइपलाइन तक नहीं बिछाई गई, लेकिन भुगतान पूरा कर लिया गया। जब इस अनियमितता पर ठेकेदारों से सवाल किया गया, तो उन्होंने खुद को पेटी कॉन्ट्रैक्टर बताकर पल्ला झाड़ लिया।

**फंड के अभाव का बहाना या घोटाले की नई चाल?**

कटकमसांडी प्रखंड के पबरा गांव में नल जल योजना पर काम करने वाले ठेकेदार राकेश कुमार ने बताया कि लगभग 8 से 10 टावर खराब पड़े हैं और फंड के अभाव में उनकी मरम्मत नहीं हो पा रही है। उन्होंने कहा कि अब तक सिर्फ 60% भुगतान हुआ है और पिछले डेढ़ साल से कोई राशि नहीं मिली है।

**ग्रामीणों का गुस्सा, सरकार की चुप्पी :** कटकमसांडी, इचाक, पदमा, बरही, चौपारण, चुरचू, बड़कागांव, चरही, विष्णुगढ़ समेत कई इलाकों में जल टावर खड़े तो हैं, लेकिन पानी नहीं दे रहे। ग्रामीणों का आरोप है कि ठेकेदारों और अधिकारियों की मिलीभगत से काम अधूरा छोड़ दिया गया, लेकिन धनराशि का पूरा भुगतान कर लिया गया। सरकार ने अब तक इस पर कोई सख्त कदम नहीं उठाया, जिससे जनता में नाराजगी बढ़ रही है।

**कब मिलेगी जनता को न्याय?**

जब इस मामले पर कार्यपालक अभियंता से संपर्क किया गया, तो उनका फोन नॉट रीचेबल मिला। सवाल यह है कि क्या सरकार इस योजना को दुरुस्त करने के लिए कोई ठोस कदम उठाएगी, या फिर यह भी भ्रष्टाचार की भेंट चढ़कर जनता की उम्मीदों को तोड़ देगी?

## एक नजर में

### ईद की रौनक से गुलजार हुआ हजारीबाग

**हजारीबाग।** जिले में ईद-उल-फितर का पावन त्योहार प्रेम, भाईचारे और उल्लास के साथ मनाया गया। सोमवार की सुबह जैसे ही अजान की सुमधुर आवाज गूंजी, पूरा शहर और प्रखंड इलाका ईद की खुशियों में सराबोर हो उठा। हर तरफ एक नई उमंग, नए जोश और नई उम्मीदों के साथ लोगों ने खुदा की बारगाह में सजदा किया। ईदगाहों और मस्जिदों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी, जहां सभी ने मिलकर अल्लाह की इबादत की और अमन-शांति की दुआएं मांगी। नमाज अदा करने के बाद पूरा माहौल ईद की मुबारकबादों से गूंज उठा। हर तरफ आपसी भाईचारे और सौहार्द का अनुपम दृश्य देखने को मिला। हजारीबाग शहर से लेकर दारू प्रखंड के पिपचो, जबरा, भटभीघा, पेटो, हरली, जिनगा, मेडकुरी, कवालु, मोक्तमा, कबीलाशी और अन्य गांवों में भी ईद की रौनक देखते ही बन रही थी। घरों में खुशबूदार सिवइयों, शाही खीर और पारंपरिक व्यंजनों की महक माहौल को और भी खुशनुमा बना रही थी। इस शुभ अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधियों और समाजसेवियों ने भी लोगों को ईद की बधाइयाँ दीं।

### शहर सहित जिलाभर में उत्साह और उमंग के साथ मनाई गई ईद

**रामगढ़।** शहर सहित जिलाभर में सोमवार को ईद मनाई गई। इस मौके पर मुस्लिम समाज के लोगों ने मस्जिदों और ईदगाहों में विशेष नमाज अदा कर देश की खुशहाली और अमन चैन की दुआ मांगी। वहीं, लोगों ने विशेष नमाज अदा करने के उपरांत एक दूसरे को गले लगाकर ईद की मुबारबाद दी। इस दौरान मस्जिदों और ईदगाहों में नमाज अदा करने को लेकर मुस्लिम समाज के लोगों की भारी भीड़ दिखी। ईद से पूर्व शहर के बाजार में उत्साह का माहौल दिखा। जहां लोग सेवईयां, मेवे, नए वस्त्र और अन्य सामानों की खरीदारी करते दिखे।

### झामुमो की बैठक में सेंट्रल सौंदा पंचायत कमेटी का हुअस पुर्नगठन

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** झारखंड मुक्ति मोर्चा सेन्ट्रल सौन्दा पंचायत कमेटी का पुर्नगठन को लेकर रविवार को बैठक का आयोजन किया गया। इसमें झामुमो रामगढ़ जिला के पूर्व सचिव उदय मालाकार मुख्य रूप से उपस्थित थे। बैठक मे सर्वसम्मति से पंचायत कमेटी का पुर्नगठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष शुभम कुमार पांडेय, उपाध्यक्ष मुन्ना अंसारी व अजीत तिग्गा, सचिव अमित कुमार नायडु, सह सचिव सुनील कुमार मुंडा व इंद्रदेव भुंइया, संगठन सचिव जितेंद्र कुमार यादव, सह संगठन सचिव संतोष पासवान, कोषाध्यक्ष सोमर मुंडा, सह कोषाध्यक्ष मुन्ना अंसारी को बनाया गया। मौके पर उदय मालाकार ने कहा कि पंचायत कमेटी के पदाधिकारियों के साथ मिलकर सेन्ट्रल सौन्दा में सभी तरह के समस्याओ का समाधान कराया जायेगा।

### केतार में हर्षोल्लास और अकीदत के साथ मना ईद उल फितर

**केतार।** प्रखंड अंतर्गत बेलाबार एवं केतार ईदगाह में ईद उल फितर की नमाज बड़े हर्षोल्लास और अकीदत के साथ अदा की गई। इस मौके पर सैकड़ों की संख्या में मुस्लिम समुदाय के लोगों ने भाग लिया और ईद की खुशियों को साझा किया। नमाज अदा करने के बाद लोगों ने एक-दूसरे को गले लगाकर ईद की मुबारकबाद दी और आपसी भाईचारे व सौहार्द का संदेश फैलाया। इस अवसर पर प्रशासन की ओर से सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। थाना प्रभारी अरुण कुमार रवानी, राजस्व कर्मचारी प्रकाश राम, एएसआई संतोष राम के नेतृत्व में पुलिस बल ने पूरी मुस्तैदी के साथ व्यवस्था बनाए रखी। अंजुमन कमेटी द्वारा मदरसा परिसर में शिरनी के रूप में सेवइया की विशेष व्यवस्था की गई थी, जिसका लुत्फ दोनों समुदायों के लोगों ने उठाया।

### लक्ष्य प्राप्ति के लिए अनुशासन एवं व्यवस्थित जीवन शैली आवश्यक : रणधीर कुमार सिंह

**रजरप्पा।** रजरप्पा प्रोजेक्ट स्थित सरस्वती विद्या मंदिर में सोमवार को सादे समारोह का आयोजन कर वार्षिक परीक्षा परिणाम जारी किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सीसीएल रजरप्पा क्षेत्र के परियोजना पदाधिकारी सह विद्यालय प्रबंधकारिणी समिति के अध्यक्ष रणधीर कुमार सिंह, उपाध्यक्ष चंद्रशेखर चौधरी, प्राचार्य उमेश प्रसाद, कोषाध्यक्ष आशीष झा, राजेश कुमार, पीएस भट्टाचार्य, प्रभारी मिथिलेश कुमार खन्ना ने संयुक्त रूप से भारत माता के चित्र पर दीप प्रज्वलन व पुष्प अर्पित कर किया। अतिथि परिचय प्राचार्य उमेश प्रसाद ने किया। परीक्षा फल की प्रस्तावना एवं परीक्षा फल की घोषणा परीक्षा प्रमुख इंद्रजीत कुमार सिंह ने किया। इस दौरान कक्षा अरुण से एकादश तक के छात्र-छात्राओं के बीच परीक्षा फल वितरण किया गया। सभी कक्षाओं में क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।साथ ही पुरे सत्र में शत प्रतिशत उपस्थित होने वाले भैया बहन वर्षा कुमारी एवं मुकुंद कुमार को पुरस्कृत किया गया।

## करमडीह ने आमर को 117 रनों से हराया

**मझिआंव।** नगर पंचायत क्षेत्र के पुराना नगर पंचायत कार्यालय के समीप स्थित बाउली के मैदान में नया सवेरा नया उजाला के तत्वावधान में नाइट प्रीमियर लीग क्रिकेट टूनार्मेंट का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन डीएसपी चिरंजीवी मंडल, पुलिस निरीक्षक सुनील कुमार तिवारी, डॉ साकेत कुमार सोनी एवं युवा समाजसेवी मारुति नंदन सोनी ने संयुक्त रूप से द्वीप प्रज्वलित एवं फीता काटकर किया। उद्घाटन मैच आमर बनाम करमडीह के बीच खेला गया। टॉस जीतकर करमडीह ने पहले बैटिंग करते हुए निर्धारित ओवर में 152 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। जवाबी पारी खेलने उतरी आमर ने निर्धारित ओवर में मात्र 35 रन बनाकर ढेर हो गई। इस तरह करमडीह 117 रन से मैच जीत गई। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार रमन कुमार को 501 रुपए एवं ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया।

## अकीदत व मसर्रत के साथ मना ईद-उल-फितर

खबर मन्त्र संवाददाता



नमाज पढ़ते लोग

**गढ़वा।** जिले में ईद-उल-फितर का त्योहार अकीदत व मसर्रत के साथ मनाया गया। इस मौके पर मुस्लिम समुदाय के लोगों ने स्थानीय इदगाह, मस्जिद व मदरसों में दो रिकअत वाजिब नमाज-ए-ईद-उल-फितर अदा की। नमाज अदायगी को लेकर इन स्थलों पर सुबह से ही नमाजियों की भीड़ जमा होने लगी थी। नमाज अदा करने के बाद लोगों ने एक-दूसरे से गले मिलकर ईद-उल-फितर की बधाई दी। जिला मुख्यालय स्थित गढ़वा ईदगाह में जामा मस्जिद के पेश ईमाम हाफिज अब्दुस्समद ने नमाज-ए-ईद अदा कराई, जबकि टंडवा मस्जिद में मौलाना शाहजाद आलम मिसवाही, उंचरी मस्जिद में मुफ्ती मो. यूनुस व मदरसा तबलिगुल इस्लाम के मैदान में मौलाना लियाकत हुसैन, नवादा ईदगाह में मौलाना जुबैर, नवादा मस्जिद में मौलाना सफीउज जमा, छतरपुर मस्जिद में मौलाना नसीर, झलुआ ईदगाह में मौलाना अमीनुद्दीन, जोबरईया मस्जिद में मौलाना आफताब कादरी, मझिआंव मस्जिद में मौलाना सिद्दीक, शकरकोनी ईदगाह में मौलाना एजाज, बिडंडा मस्जिद में मौलाना सऊद आलम मिस्बाही, गुरदी ईदगाह में मौलाना जाफर, चिरौंजिया मस्जिद में मौलाना सद्दाम, जड़गढ़ ईदगाह में हाफिज परवेज, बीरबंधा मस्जिद में मौलाना शकील, बीरबंधा ईदगाह में हाफिज खालिद रजा, फरठिया में मौलाना शमशीर रजा, संग्रहे खुर्द ईदगाह में मौलाना खुर्शीद अनवर, प्रतापपुर ईदगाह में मौलाना समीउल्लाह, कल्याणपुर ईदगाह में मौलाना यूसुफ ने ईद-उल-फितर की नमाज अदा कराई। इस अवसर पर शहर व ग्रामीण क्षेत्रों के सभी नमाज अदायगी स्थलों पर इंतजामिया कमेटियों द्वारा नमाजियों की सुविधा के लिए ध्वनि विस्तारक यंत्र सहित अन्य इंतजाम किए गए थे। वहीं, पर्व के अवसर शांति व्यवस्था कायम रखने हेतु प्रशासन द्वारा सभी इबादतगाहों के पास दंडाधिकारी व पुलिस बल के जवान तैनात किए गए थे।

# मंगला शोभा यात्रा में हजारों रामभक्तों का उमड़ेगा जनसैलाब

## मंगला शोभायात्रा की तैयारी पूर्ण


जानकारी देते

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रामगढ़।** श्री श्री रामनवमी पूजा महासमिति रामगढ़ द्वारा 1 अप्रैल को आयोजित होने वाले भव्य मंगला शोभा यात्रा को लेकर सोमवार को शहर के होटल लॉ मैरिटल में प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। प्रेस वार्ता में महासमिति के मुख्य संरक्षक राजेश ठाकुर, छोटू वर्मा,अध्यक्ष धर्मेंद्र साव भोपाली, संरक्षक सरदार अनमोल सिंह और कोषाध्यक्ष आशीष सिन्हा मुख्य रूप से उपस्थित रहे। प्रेस वार्ता के दौरान राजेश ठाकुर ने बताया कि इस भव्य मंगला शोभा यात्रा में हजारों की संख्या में श्रीराम भक्त सम्मिलित होंगे। यात्रा की सभी तैयारियाँ पूरी कर ली गई हैं और महासमिति के पदाधिकारियों को सुरक्षा व्यवस्था, यातायात व्यवस्था, शीतल पेयजल एवं अन्य आवश्यक सेवाओं की जिम्मेदारी सौंपी गई है। उन्होंने यह भी कहा कि यह यात्रा ऐतिहासिक होगी। महासमिति के अध्यक्ष धर्मेंद्र साव भोपाली ने बताया कि यह शोभा यात्रा रामगढ़ जिले के विभिन्न प्रखंडों, अखाड़ों एवं मंदिरों से सभी सनातनियों और राम भक्तों का एकत्रित होकर प्रारंभ होगी। यात्रा सिद्धू कान्हू मैदान से प्रारंभ होकर चट्टी बाजार, झंडा चौक, गांधी चौक, सुभाष चौक होते हुए फुटबॉल मैदान में समाप्त होगी। फुटबॉल मैदान में सभी राम भक्तों और सनातनियों के लिए महासमिति द्वारा शीतल पेयजल एवं महाप्रसाद का वितरण भी किया जाएगा। प्रेस वार्ता में मुख्य रूप से महासमिति के मीडिया एवं सोशल मीडिया प्रमुख प्रवीण कुमार सोनू, संदीप महतो, विशाल राणा, रोहित सोनी, जितेंद्र मंडल, जीतू साव, सनी करमाली, शौर्य प्रसाद मौजूद थे।

### सर्ववेद के प्रचार को ले रिभर साईड में शोभायात्रा

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** सद्गुरू विहंगम योग संत समाज ने रविवार को रीवर साइड में सर्ववेद के प्रचार को लेकर शोभायात्रा निकाला। शोभायात्रा रिभर साइड बुधबाजार इमलीगाछ पंचायत से शुरू होकर गिद्दी, थाना कॉलोनी, हॉस्पीटल कॉलोनी, चीफ हाउस, दुर्गा मंडप होते हुए इमलीगाछ पंचायत भवन पहुंचा। शोभायात्रा में मुंद्रिका सिंह, समोद प्रजापति, श्रीकांत प्रजापति, विनोद साव, जानकी ठाकुर, विजय ठाकुर, रामाशंकर ठाकुर, राजेश ठाकुर, महेश भगत, रामजन्म शर्मा, लखन ठाकुर, दिनेश्वर प्रसाद साव, धनराज महतो, नुरू देवी, जीरा देवी, संनैना देवी, कौशल्या देवी, जयंती देवी, सुमित्रा देवी, चंद्रावती ठाकुर, लीलीवती देवी सहित दर्जनो लोग शामिल थें।

## हजारीबाग में गूंजे जय श्रीराम के जयकारे, अस्त्र-शस्त्र का वितरण

# भाईचारगी का सन्देश दे: शेफाली

**खबर मन्त्र संवाददाता**


शेफाली गुप्ता व अन्य

**हजारीबाग।** हजारीबाग की ऐतिहासिक रामनवमी की भव्यता इस बार और भी अलौकिक और दिव्य होने जा रही है। चैत्र रामनवमी के पावन अवसर पर ओम आरोहणम् संस्थान द्वारा सोमवार को बड़ा अखाड़ा परिसर में अस्त्र-शस्त्र वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जैसे ही अस्त्र-शस्त्र की विधिवत पूजा-अर्चना के बाद वितरण प्रक्रिया शुरू हुई, माहौल जय श्रीराम के नारों से गूंज उठा। रामभक्तों की आंखों में जोश और परंपरा को जीवंत करने की अटूट श्रद्धा स्पष्ट दिखाई दी। कार्यक्रम में 104 अखाड़ा धारियों को 01 तलवार एवं 11 लाठी वितरित की गई। ओम आरोहणम् संस्थान सह भाजपा नेत्री शेफाली गुप्ता ने अखाड़ा धारियों को अस्त्र-शस्त्र सौंपते हुए कहा कि यह वितरण केवल परंपरा का हिस्सा नहीं, बल्कि कला-कौशल और संस्कृति को सशक्त बनाने का माध्यम भी है। उन्होंने अपील की कि रामनवमी पर्व को नशामुक्त, सौहार्दपूर्ण और ऐतिहासिक रूप में मनाया जाए, जिससे समाज में भाईचारे और सामाजिक समरसता का संदेश जाए। इस दौरान रामनवमी महासमिति, संरक्षण समिति और रामनवमी चुनाव संचालन समिति के पदाधिकारियों एवं रामनवमी से जुड़े अन्य संगठनों के प्रमुखों को अंगवस्त्र, तलवार और लाठी भेंटकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में महंत विजयानंद दास ने कहा, ₹हमें सनातनी होने पर गर्व करना चाहिए। हमारी संस्कृति हमें एकजुटता सिखाती है। अस्त्र-शस्त्र वितरण परंपरा को अक्षुण्ण बनाए रखने और अखाड़ा कला-कौशल को बढ़ावा देने की अनूठी पहल है। रामनवमी महासमिति के अध्यक्ष बसंत यादव और पूर्व अध्यक्ष राजकुमार यादव ने भी रामभक्तों से आह्वान किया कि वे रामनवमी को पूरी श्रद्धा, एकता और भव्यता के साथ मनाएं। इस मौके पर विजय वर्मा, निशांत प्रधान, मनमीत अकेला, कुणाल किशोर दुबे, सुरेश कुमार, अनमोल साव, राजेश गोप, पवन गुप्ता सहित कई रामभक्त उपस्थित रहे। कार्यक्रम ने हजारीबाग की इंटरनेशनल रामनवमी के 105 वर्षों की भव्य परंपरा को और गौरवशाली बनाने की ओर एक नया कदम बढ़ाया।

# 6 अप्रैल को निकाला जायेगा भव्य जुलूस

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कुजू।** श्री श्री रामनवमी पूजा को लेकर महावीर मंडल कुजू बस्ती की बैठक मां मनसा मंदिर के पास मैदान में हुई। बैठक में आगामी 6 अप्रैल को धूमधाम के साथ रामनवमी पूजा मनाने व भव्य जुलूस निकालने का निर्णय लिया गया। इससे पूर्व गत वर्ष का आय-व्यय का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया गया। साथ ही पूजा के सफल संचालन के लिए कमिटि का गठन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से अध्यक्ष विनोद प्रसाद उर्फ पहाड़ी, उपाध्यक्ष नरेश प्रसाद, राहुल साहू, सचिन कुमार, अभिषेक साहू लल्ला, कुमार सागर, सचिव प्रकाश प्रसाद, सह सचिव शुभम प्रसाद, अमर साहू, रोहित प्रसाद, सुजल साहू, सह कोषाध्यक्ष श्रवण शाह का चयन किया गया।

## माता वैष्णों देवी मंदिर में बासंती नवरात्र पर पूजन अनुष्ठान जारी


अनुष्ठान में शामिल

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रामगढ़।** झंडा चौक के माता वैष्णों देवी मंदिर में बासंती नवरात्र पर पूजन व अनुष्ठान जारी है। मंदिर के पुजारी पंडित लीलाधर शर्मा द्वारा अनुष्ठान के मुख्य यजमान सुमित मारवाह व उनकी पत्नी जया मारवाह से विधिवत पूजन कराई जा रही है। आठ दिवसीय इस अनुष्ठान के दौरान 4 अप्रैल की संध्या 3:30 बजे से माता की चौकी एवं 6 अप्रैल को सुबह 8 बजे से भंडारा का आयोजन किया गया है। वहीं पंजाबी हिन्दू बिरादरी के तत्वावधान में मां वैष्णों मंडली रामगढ़ द्वारा 3 अप्रैल की रात्रि 7:30 बजे से माता की चौकी एवं 5 अप्रैल की सुबह 7:30 बजे से भंडारा का प्रसाद वितरण किया जाएगा।

इस मौके पर पूरे मंदिर परिसर को आर्टिफिशियल फूलों एवं विद्युत सज्जा कर आकर्षक ढंग से सजाया गया है। सभी कार्यक्रमों के सफल आयोजन को लेकर पंजाबी हिन्दू बिरादरी व माता वैष्णों देवी मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष एससी वासुदेव एवं महासचिव महेश मारवाह के अलावे सभी पदाधिकारी व सदस्य जोर शोर से जुटे हुए हैं।

## मिजार्पुर में सात दिवसीय रुद्र महायज्ञ कलश यात्रा के साथ प्रारंभ


कलश यात्रा में शामिल लोग

**बड़कागांव।** प्रखंड के मिजार्पुर गांव में श्री श्री 1008 सर्व कल्याण रुद्र महायज्ञ की शुरूआत भव्य कलश यात्रा के साथ हुई। हजारों श्रद्धालु नंगे पांव कलश लेकर यात्रा में शामिल हुए। यात्रा मिजार्पुर से प्रारंभ होकर सोनपुरा, शिवाडीह, सांढ़, होरम मोड़, गुरुचट्टी, बड़कागांव थाना होते हुए छावनियां पहुंची, जहां मुस्लिम समुदाय के लोगों ने श्रद्धालुओं का गर्मजोशी से स्वागत किया। इसके बाद यात्रा डुमारो नदी के तीन मोहनिया स्थल पर पहुंची, जहां विधिवत जल उठाव कर मिजार्पुर स्थित यज्ञ स्थल पर यज्ञ प्रारंभ किया गया। महायज्ञ के दौरान 31 मार्च को जल यात्रा, पंचांग पूजन, मातृका पूजन, संध्या आरती व प्रवचन आयोजित हुए। 1 अप्रैल को वेदी पूजन, अग्नि देव आह्वान, संध्या आरती और प्रवचन होंगे, जबकि 6 अप्रैल को प्राण प्रतिष्ठा, पूणार्हुति और भंडारे के साथ समापन होगा। इस अवसर पर भोजपुरी स्टार आशीष यादव और खुशी कक्कर का सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित होगा।

## दारू प्रखंड के 23 अखाड़ों को पारंपरिक अस्त्र-शस्त्र भेंट


सांसद व अन्य

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**हजारीबाग।** हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के ऐतिहासिक रामनवमी महोत्सव की परंपरा को सशक्त करने और शोभायात्रा में पारंपरिक अस्त्र-शस्त्र प्रदर्शन को बढ़ावा देने हेतु सांसद मनीष जायसवाल द्वारा अखाड़ों को पारंपरिक हथियार भेंट किए जा रहे हैं। इसी क्रम में सोमवार को दारू प्रखंड में दो वितरण शिविर आयोजित कर 23 अखाड़ों को लाठी व तलवार प्रदान किए गए। इस अभियान की शुरूआत रामदेव खरिका पंचायत से हुई, जहां 14 अखाड़ों को अस्त्र-शस्त्र भेंट किए गए। इसके बाद दारू पंचायत के सार्वजनिक दुर्गा मंडप प्रांगण में 9 अन्य अखाड़ों को पारंपरिक हथियार सौंपे गए। इस अवसर पर सांसद मनीष जायसवाल ने कहा कि हजारीबाग की रामनवमी विश्वप्रसिद्ध है, और इसमें रामभक्तों के अस्त्र-शस्त्र परिचालन व कला-कौशल प्रदर्शन की अहम भूमिका रही है। हालांकि, समय के साथ यह परंपरा कमजोर पड़ी है, जिसे फिर से सशक्त करने और नई पीढ़ी तक इस कला को पहुंचाने के लिए यह पहल की जा रही है। इस मौके पर सांसद प्रतिनिधि सत्येंद्र नारायण सिंह, वरिष्ठ भाजपा नेता खोखा सिंह, जुगनू सिंह, दारू भाजपा मंडल अध्यक्ष अशोक कुशवाहा, सांसद मीडिया प्रभारी रंजन चौधरी सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## बेरियर गिरने से एक सीसीएल सुरक्षाकर्मी घायल, रेफर


घायल सीसीएल सुरक्षाकर्मी मनोज कुमार रमाली

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** सीसीएल भुरकुंडा कोलियरी के बलकुदरा मांइस मे बेरियर गिरने से एक सुरक्षाकर्मी घायल हो गया। घायल सुरक्षाकर्मी का भुरकुंडा सीसीएल अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद गांधीनगर रेफर कर दिया गया। घटना क्रम के अनुसार रविवार की दोपहर करीब साढे बारह बजे बलकुदरा मांइस के चेक पोस्ट मे सुरक्षाकर्मी मनोज कुमार करमाली डियूटी पर थें। इसी दौरान एक कोयला लदा हाइवा वहां पहुंचा। चेक पोस्ट का बेरियर खडा नही हो रहा था। जिसे देखकर सुरक्षाकर्मी मनोज करमाली बेरियर के पीछे उठाने के लिये रखे गये पत्थर को ठीक कर खडा कर वापस आने लगा। इसी दौरान अचानक बेरियर को उठाने के लिये रखे पत्थर झटक गया और लोहे का बेरियर सुरक्षाकर्मी के उपर गिर गया। जिसके कारण सुरक्षाकर्मी घायल होकर गिर गया। घटना मे सुरक्षाकर्मी के सर और कंधा मे गंभीर चोटें आई।

# कोयलांचल भुरकुंडा, भदानीनगर, बासल में अकिदत के साथ पढ़ी गई ईद की नमाज

## एक-दूसरे के गले मिलकर दी गई पर्व की बधाई, लजीज व्यंजनों का उठाया लुत्फ, क्षेत्र की हरियाली-खुशहाली व अमन-चैन की मांगी गई दुआएं


एक-दूसरे के गले मिलकर ईद की बधाई देते बच्चे


मस्जिद में ईद की नमाज अदा करते मुस्लिम धमार्वलंबी


एकता और भाईचारगी का पैगाम देते युवक

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** भुरकुंडा कोयलांचल, भदानीनगर, बासल सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में सोमवार को ईद पर्व पूरे धुमधाम से मनाया गया। ईद के अवसर पर क्षेत्र के मस्जिद और ईदगाहों में मुस्लिम धर्मावलंबियों ने अकिदत के साथ ईद की नमाज पढ़ी। इस दौरान लोगो ने अल्लाह से अपने परिवार और क्षेत्र की हरियाली-खुशहाली, सुख-समृद्धि व अमन-चैन की दुआएं भी मांगी। इसके बाद लोगो ने एक-दूसरे से गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी। नमाज के बाद लोगो ने एक-दूसरे के घरों में जाकर लच्छेदार सेवईयां और एक से बढ़कर एक लजीज व्यंजनों का लुत्फ उठाया। कहा गया कि ईद आपसाी भाईचारगी व प्रेम का संदेश देता है। ईद को ले बच्चों में खासा उत्साह देखने को मिला। बडे तो बडे.लेकिन नन्हे-मुन्ने बच्चों ने भी एक-दूसरे के गले मिलकर पर्व की बधाई दी। कोयलांचल के भुरकुंडा जामा मस्जिद, रीवर साईड, सौन्दा डी, सेन्ट्रल सौन्दा, सीसीएल सौन्दा, भदानीनगर के महुआ टोला, चिकोर, लपंगा, सुदी, चैनगड्डा व बासल क्षेत्र के ईदगाहों सहित अन्य जगहों के मस्जिद और ईदगाहों में मौलाना और ईमाम द्वारा नमाज अदा करायी गयी। ईद को लेकर भुरकुंडा ओपी प्रभारी निर्भय कुमार गुप्ता, भदानीनगर ओपी प्रभारी ब्रहमव्रत कुमार व बासल थाना प्रभारी कैलाश कुमार दल-बल के साथ सुरक्षा व्यवस्था में मुस्तैदी से डटे रहें।

## धूमधाम से मनाया गया ईद

**कुजू।** मुस्लिम धर्मावलंबियों का त्योहार ईद-उल-फितर कुजू कोयलांचल व आस-पास के क्षेत्रों में धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस दौरान क्षेत्र के कुजू जामा मस्जिद, आजाद बस्ती, कुजू कोलियरी, तोपा, पिंडरा , डुमरबेड़ा, आरा-सरूबेड़ा,करमा, सांडी, बोंगाबार आदि क्षेत्र में मुस्लिम धर्मावलंबियों ने निर्धारित समय पर नमाज अता किया। इसके बाद एक दूसरे को गले मिलकर ईद की बधाई दिया। बाद में सेवई लच्छा का लुफ्त उठाये। इधर अंजुमन इस्लाहुल मुस्लेमीन कमिटी दिगवार ने निर्धारित समय 9: 30 बजे नमाज अदा किया। इस दौरान मौलाना शमशीर आलम साहब ने अकीदत के साथ नमाज पढ़ाया। मौके पर सदर अब्दुल अजीज, सेक्रेटरी शमीम अंसारी के अलावे बड़ी संख्या में लोग शामिल थे। उन्होंने सभी को ईद उल फितर की बधाई दी। इधर , रतवे समेत अन्य स्थानों में ईद बड़े ही सादगी के साथ मनाया गया।


कुजू जामा मस्जिद में गले मिलकर बधाई देते बच्चे

## एक नजर में

### बरही में हर्षोल्लास से मनी ईद-उल-फितर

**बरही।** बरही प्रखंड के शहरी और सुदूरवर्ती क्षेत्रों में ईद-उल-फितर का त्योहार हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। बरही, कोनरा, शादी मोहल्ला, लस्करी, अलगडीहा, बिजैया, गरजामु समेत विभिन्न गांवों में मुस्लिम समुदाय ने रमजान के रोजों के बाद ईद का जश्न मनाया। सोमवार सुबह ईदगाहों और मस्जिदों में नमाज अदा की गई। ईदगाह बरही में 7:30 बजे, मदीना मस्जिद में 7:45 बजे, मक्का मस्जिद में 8:00 बजे और जामा मस्जिद में 9:00 बजे नमाज अदा की गई।नमाज के बाद लोगों ने एक-दूसरे को गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी। इस अवसर पर अमन-चैन और भाईचारे की दुआ मांगी गई। सेवइयां बांटी गईं और घर-घर में उत्साह का माहौल रहा। बरही पश्चिमी मुखिया शमशेर आलम, टिंकू आलम समेत कई जनप्रतिनिधियों ने अधिकारियों और समाज के लोगों से मिलकर शुभकामनाएं दीं। पुलिस प्रशासन सुरक्षा व्यवस्था में तैनात रहा। कार्यक्रम में अल्पसंख्यक कल्याण महासभा के मो. कयूम, मो. जहांगीर अंसारी, पप्पू खान, सिराज खान समेत कई गणमान्य उपस्थित थे। पूरे क्षेत्र में सौहार्द और उल्लास का माहौल बना रहा, जहां सभी ने प्रेम और भाईचारे का संदेश दिया।

### नेहरू की क्षतिग्रस्त प्रतिमा पर कांग्रेस की नाराजगी

**बरही।** बरही के चोचरो पार्क में असामाजिक तत्वों ने देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की प्रतिमा को क्षतिग्रस्त कर दिया, जिससे कांग्रेस कार्यकताओं और स्थानीय लोगों में आक्रोश फैल गया। प्रतिमा का सिर तोड़कर उसे अपमानजनक स्थिति में छोड़ दिया गया। इस मामले पर कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने संज्ञान लिया और नाव से डैम पार कर टूटी प्रतिमा तक पहुंचे। उन्होंने डीवीसी के वरिष्ठ अधिकारियों से बातचीत कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई और नई प्रतिमा स्थापित करने की मांग की। कमलेश ने कहा कि महापुरुषों की प्रतिमाएं हमारी विरासत का प्रतीक हैं और उनका सम्मान किया जाना चाहिए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द नई प्रतिमा का अनावरण नहीं हुआ, तो कांग्रेस आंदोलन करने को बाध्य होगी। कांग्रेस नेता अरुण साहू ने जिला प्रशासन की निष्क्रियता पर सवाल उठाया और डीवीसी से तत्काल कदम उठाने की मांग की।इस मौके पर कांग्रेस नेता रवींद्र सिंह, मुन्ना सिंह, दीपक गुप्ता, सुरजीत नागवाला, शैलेन्द्र यादव समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। उन्होंने प्रशासन से जल्द कार्रवाई की मांग करते हुए कहा कि इस तरह की घटनाएं समाज में वैमनस्य फैलाने का प्रयास हैं, जिन्हें रोकना जरूरी है।

**कांग्रेस नेता केदार पासवान की माता का निधन :** कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग के प्रदेश अध्यक्ष केदार पासवान की माता लीलावती देवी का आकस्मिक निधन हो गया। इस दुखद समाचार के बाद राजनीतिक और सामाजिक क्षेत्र के कई नेता उनके घर हथगड्डा पहुंचे और शोक संवेदना व्यक्त की। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, मार्केटिंग बोर्ड आयोग के अध्यक्ष रवींद्र सिंह, कांग्रेस नेता अरुण साहू, मुन्ना सिंह, शैलेन्द्र यादव, दीपक गुप्ता, बिनोद कुशवाहा, सुरजीत नागवाला, मुकेश पासवान समेत कई नेताओं ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। परिवार को सांत्वना देते हुए नेताओं ने कहा कि लीलावती देवी अपने क्षेत्र में समाजसेवा के लिए जानी जाती थीं। उनके निधन से समाज को अपूरणीय क्षति हुई है। स्थानीय भाजपा नेता गणेश यादव भी परिवार से मिले और अपनी संवेदना प्रकट की। इस अवसर पर कांग्रेस और भाजपा के नेताओं ने राजनीति से ऊपर उठकर दुख की इस घड़ी में परिवार को संबल दिया। समाज के विभिन्न वर्गों ने भी शोक व्यक्त किया और कहा कि लीलावती देवी का स्नेह और मार्गदर्शन सभी को याद रहेगा।

### रामनवमी पर 6 से 8 अप्रैल तक बंद रहेंगी शराब की दुकानें

**हजारीबाग।** रामनवमी पर्व के मद्देनजर जिले में शांति व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से हजारीबाग की उपायुक्त नैंसी सहाय ने 6 अप्रैल से 8 अप्रैल 2025 तक सभी प्रकार की खुदरा शराब की दुकानें, रेस्तरां और बार सहित अन्य उत्पाद अनुज्ञप्ति प्रदत्त परिसरों को बंद रखने का आदेश जारी किया है। यह आदेश झारखंड उत्पाद अधिनियम, 1915 की धारा 26(1) के तहत जारी किया गया है। उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया है कि वे इस आदेश का सख्ती से अनुपालन सुनिश्चित करें। सहायक आयुक्त उत्पाद, हजारीबाग को इस संबंध में निगरानी रखने और आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं ताकि रामनवमी के दौरान शांति एवं सौहार्द बना रहे।

### महासमिति की बैठक संपन्न

**बड़कागांव।** प्रखंड के हरली शिव मंदिर प्रांगण में रामनवमी पूजा एवं हरली रामनवमी मेले के सफल आयोजन हेतु महासमिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता पूजा समिति अध्यक्ष महेंद्र महतो ने की, जबकि संचालन सचिव उमेश कुमार ने किया।बैठक में क्षेत्र के 32 गांवों के विभिन्न अखाड़ों के अध्यक्ष, सचिव व पदाधिकारी उपस्थित रहे। सभी ने मेले व पूजा से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की और अपनी समस्याओं से महासमिति को अवगत कराया। महासमिति ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि मेले में भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन होगा, खिचड़ी वितरण की व्यवस्था की जाएगी, साउंड व झांकी प्रदर्शन के लिए नियमों का पालन किया जाएगा और अतिथियों के स्वागत के लिए विशेष समिति का गठन किया जाएगा। बैठक में बड़कागांव विधानसभा सांसद मीडिया प्रतिनिधि उमेश दांगी, मुखिया कविता देवी, पंसस कोशिला देवी, कोषाध्यक्ष केशवनाथ महतो, खेमलाल महतो, मुखिया बासुदेव यादव, प्रो. लालदेव महतो, उपमुखिया सुनील कुमार, भीखन महतो, त्रिवेणी महतो, धानेश्वर महतो, चंदन पूरी, सबूर महतो, भुनेश्वर महतो, रामप्रसाद महतो, भागिनाथ महतो, देवनाथ यादव, सुमन गिरी, प्रमेश गिरी, वास्तव प्रसाद दांगी, जयकरण सिंह, नरेश कुमार, राजा सिंह सहित सैकड़ों रामभक्त उपस्थित थे।

### टाटीझरिया के 30 अखाड़ा धारियों को सांसद ने सौंपा पारंपरिक कला- कौशल का सामान

**टाटीझरिया।** हजारीबाग के ऐतिहासिक और विश्वविख्यात रामनवमी को लेकर हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल ने सांसद अस्त्र- शस्त्र वितरण अभियान-2025 के तहत सोमवार को मांडू विधानसभा क्षेत्र के टाटीझरिया प्रखंड के बाबा बालकनाथ मंदिर प्रांगण ने वितरण शिविर का आयोजन कर टाटीझरिया क्षेत्र के 30 अखाड़ा धारियों को पारंपरिक हथियार के रूप में लाठी- तलवार भेंट किया। सांसद मनीष जायसवाल ने प्रत्येक अखाड़ा धारियों को 2 तलवार और 21 लाठियां देकर उन्हें विलुप्त होती पारंपरिक दंड और तलवार कला प्रदर्शन को जीवंत करने एवं भाभी पीढ़ी को अस्त्र-शस्त्र परिचालन अभ्यास कराने के साथ आगामी रामनवमी जुलूस में पुरानी परंपरा को जीवंत करने का अपील किया । मौके पर विशेषरूप से हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद प्रतिनिधि सत्येंद्र नारायण सिंह, वरिष्ठ भाजपा नेता खोखा सिंह, जुगनू सिंह, टाटीझरिया भाजपा मंडल अध्यक्ष कैलाशपति सिंह, भाजपा नेता सह टाटीझरिया प्रखंड प्रमुख संतोष मंडल, मिथिलेश पाठक, उपप्रमुख रवि वर्णवाल, राजू यादव, सांसद मनीष जायसवाल के मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहें।

### सअनि सुजीत कुमार सिंह के निलंबन का विरोध कर रहे हैं हिन्दुवादी संगठन

**रामगढ़।** रामगढ़ एसपी द्वारा सहायक अवर निरीक्षक सुजीत कुमार को लाइन हाजिर किए जाने को हिंदू संगठनों ने मुद्दा बना दिया है और इसपर आंदोलन करने की चेतावनी भी सोसल मीडिया पर देखी जा सकती है। इसी मुद्दे पर हिंदू रक्षा दल के दीपक मिश्रा ने बयान जारी कर रामगढ़ के एसपी से सवाल पूछा है की जब ईद,रामनवमी और सरहुल जैसे त्योवहारों पर व्यवस्था चाक चौबंद रखने के लिए पुलिस अधिकारी सअनि सुजीत कुमार सिंह ने क्या गुनाह कर दिया था जो उन्हें लाइन हाजिर किया गया है? श्री मिश्रा ने आम जनता के बीच इस मामले को लेकर चल रही चचाओं का जिक्र करते हुए बताया की पिछले दिनों सुजीत कुमार सिंह दल बल के साथ संवेदनशील क्षेत्र में ध्वनि विस्तारक यंत्र द्वारा ईद और रामनवमी को लेकर सुरक्षा संबंधी सूचना एवं चेतावनी दे रहे थे।

# सीआई को गिरफ्तारी के बाद मिली जमानत, साजिश का लगाया गंभीर आरोप

खबर मन्त्र संवाददाता

**लातेहार।** बरवाडीह अंचल के तत्कालीन सीआई सुरेश राम को छुट्टी के दिन आवास से 23 जनवरी 2025 को घुस लेने के आरोप मे निगरानी टीम ने गिरफ्तार किया था। सुरेश राम को जमानत मिलने के बाद मीडिया को जानकारी देते हुए बताया कि इस प्रकरण में मुझे साजिश के तहत फसाया गया है। बताया कि मैं अपने क्वाटर में स्नान करने जा रहा था। उसी वक्त क्वाटर की चहारदीवारी पर दो चार लोगों को महिला के साथ खड़ा देखा। मैने नहाने के लिए बाथरूम में जा ही रहा था। इसी दौरान वो लोग मुझे पकड़ने लगे। हम जब तक कुछ समझ पाते तब तक पांच छः लोग पहुँच कर मुझे पूरी तरह पकड़ लिया और खींचातानी करते हुए मुझे पटक दिया जिससे मेरा दाहिना पैर का अंगूठा फट गया और छाती मे भी जोरदार चोट लगी है। लगभग 45 मिनट बाद पुलिस पहुँचती है। तब स्पष्ट होता है की निगरानी टीम के कर्मी द्वारा ऐसा हरकत किया जा रहा है। जिसके बाद मुझे जबरन वाहन मे बैठाया जाता है। उक्त वाहन में पहले से रखे हुए पैसों से मुझे पटक कर हाथ में रगड़ा जाता है। प्रकरण के लिए बनाए गए मजिस्ट्रेट जिला शिक्षा अधीक्षक द्वारा केमिकल उक्त पैसों से रगड़ा जाता है। निगरानी कार्यालय पलामू मे पहुँचने के बाद मेरा हाथ को धोया गया। मुझे हार्ट का इलाज भेलोर से चलता है। और निगरानी विभाग द्वारा मुझे काफी ट्रॉचर किया गया। जेल मे काफी दिनों तक मेडिसिन चलता रहा। जिसमे मेडिकल टीम का बेहतर योगदान रहा। यदि घुस लेते निगरानी टीम पकड़ी तो घटना स्थल का घुस लेते वीडियो फुटेज होना चाहिए। छुट्टी के दिन क्वार्टर से पुरे प्रकरण मे साजिश के तहत मुझे फसाया गया है। पुरे प्रकरण मे साजिशकर्ता और गलत तरीके से साथ देने वाले को विरुद्ध जल्द ही चल-अचल सम्पति की जांच एंव मानहानि का मुकदमा माननीय उच्च न्यायलय झारखंड में याचिका दायर करवाया जायेगा।

## झारखंड के मुख्यमंत्री से निष्पक्ष जांच का गुहार


जानकारी देते सीआई।

वही माननीय मुख्यमंत्री से विनम्र आग्रह करते हुए कहा कि जो जटिल प्रक्रिया के द्वारा अधिकारियों के द्वारा निष्पादन में विलंब किया जाता है पहले मैन्युअल तब ऑनलाइन इस प्रकरण को उच्च स्तरीय जांच की मांग किया है साथ ही मैन्युअल करेक्शन स्लिप बरवाडीह अंचल में लंबित है और ग्रामीण अंचल कार्यालय का चक्कर लगाकर लंबे समय से परेशान हैं, अधिकारियों की लापरवाही से आम जनमानस इसका दंश झेल रहे हैं सैकड़ो आवेदन जो मैन्युअल रूप से निष्पादित हो चुका है। उसका ऑनलाइन नहीं किया जा रहा है। उन्होंने अधिकारियों और ऑपरेटर के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। उपरोक्त बातें सीआई सुरेश राम द्वारा जानकारी दी गई। मिडिया इसकी पुष्टि नहीं करता है सारी बातें विभागीय जांच का विषय है।

### उपायुक्त से विशेष आग्रह

लातेहार उपायुक्त से आग्रह करते हुए सुरेश राम ने कहा कि लातेहार जिला के बरवाडीह अंचल मे ऑनलाइन म्यूटेशन निष्पादन से पहले अंचलाधिकारी द्वारा मैन्युअल किया जाता है, जिसका रिपोर्ट हम दे चुके हैं। मेरे द्वारा पैसा लेने का आरोप बिल्कुल निराधार है। इसलिए इसे निष्पक्षता से उच्चस्तरीय जांच की मांग करता हूं। अंचलाधिकारी द्वारा मैन्युअल को स्वीकृति देने में इतना विलंब क्यों रखा। स्वीकृति के बाद अंचलाधिकारी के उपस्थिति में ऑनलाइन होता है, जो जटिल प्रक्रिया है।

## ईद का त्यौहार शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न


ईद का बधाई देते लोग।

**चंदवा।** शहर समेत ग्रामीण इलाकों में ईद का त्यौहार सोमवार को शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हो गया। चंदवा शहर एवं मुस्लिम बाहुल्य इलाकों में स्थित मस्जिदों में तय समय अनुसार ईद की नमाज अदा की गई। सुबह से ही मुस्लिम धर्मावलंबियों के बीच ईद की खुशी छाई थी। सुबह से ही लोग तैयार होकर ईद की नमाज अदा करने मस्जिद ईदगाह पहुंचे थे। ईद की विशेष नमाज अदा करने के लिए विशेष तैयारी की गई थी। जहां लोगों ने नमाज अदा कर अमन चैन की दुआ मांगी। लोगो ने एक दुसरे से गले लगकर व सेवईयां खाकर खुशियां मनाया। चंदवा के जामा मस्जिद से लेकर बेलवाही, कामता, शुक्र बाजार, मदीना मस्जिद, कुजरी, चकला, हुचलु, बोदा, ब्रह्मणी, तिलैयाटांड, माल्हन समेत अलग अलग जगहों पर ईद की नमाज अदा की गई। सामाजिक कार्यकर्ता अयूब खान ने बताया कि ईद का त्योहार एकता और भाईचारे का पैगाम लेकर आता है। मुस्लिम धर्मावलंबियों का यह सबसे बड़ा पर्व है जिसे मीठी ईद भी कहते है। ईद का अर्थ दुसरो के साथ खुशियां बाटना भी है। इधर ईद के मध्य नजर लातेहार एसपी कुमार गौरव के निर्देशन में पुनि सह थाना प्रभारी रणधीर कुमार की अगुवाई सभी जगहों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। मुस्लिम बहुल इलाकों में अंचलाधिकारी जयशंकर पाठक, बीडीओ चन्दन प्रसाद एवं पुलिस निरीक्षक रणधीर कुमार के नेतृत्व में मजिस्ट्रेट के साथ पुलिस बल की तैनाती की गई थी।

## एक वर्षो से शोभा की वस्तु बनी है जलमीनार, ठेकेदार ने आदेशों को किया अनदेखा

# कारवाई के लिए अधिकारियों को लिखा जायेगा : एसडीओ

खबर मन्त्र संवाददाता

**बरवाडीह।** बरवाडीह प्रखंड के छेचा पंचायत अंतर्गत चपरी ग्राम में लालू राम के घर पर पेयजल आपूर्ति के लिए अधिष्ठापित की गई जल मीनार बीते एक साल से शोभा की वस्तु बनकर खड़ी है। प्रशासनिक आदेशों के बावजूद ठेकेदार ने इसे चालू करने की कोई पहल नहीं की, जिससे आम जनता को पानी की किल्लत का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों ने शिकायत की कि इस जल मीनार का निर्माण लाखों रुपये की लागत से हुआ था, लेकिन यह अब तक उपयोग में नहीं लाई जा रही है। पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के अधिकारियों द्वारा कई बार ठेकेदार को निर्देश दिए गए, लेकिन अब तक कोई समाधान नहीं निकला।


शोभा की वस्तु बनी जलमीनार।

### जनता परेशान, प्रशासन बेखबर

ग्रामीणों ने बताया कि पानी की समस्या लगातार बनी हुई है, लेकिन सरकार और प्रशासन कोई ठोस कदम नहीं उठा रहे। हमने कई बार अधिकारियों से गुहार लगाई, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही है। जबकि गर्मी में पानी की किल्लत के कारण ग्रामीण बेहाल है।

### क्या है प्रशासन का रुख

इस मामले में जब पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के सहायक अभियंता प्रशांत पाण्डेय से संपर्क किया गया, तो उन्होंने कहा कि उक्त जलमीनार को दुरुस्त करने के लिए ठेकेदार को कई बार निर्देशित किया जा चुका है, जल्द ही आवश्यक कार्रवाई के लिए वरीय अधिकारियों को लिखा जाएगा।

### कब मिलेगा जनता को लाभ?

स्थानीय लोग अब आंदोलन करने की तैयारी में हैं और मांग कर रहे हैं कि या तो प्रशासन जल्द से जल्द जल मीनार को चालू करे या फिर संबंधित ठेकेदार पर सख्त कार्रवाई करे। इधर मामले को लेकर ठिकेदार से दूरभाष पर संपर्क करने पर उन्होंने फोन नहीं रिसीव किया। अब पूरे मामले में देखना यह होगा कि क्या यह जलमीनार लोगों के लिए उपयोगी बनेगी या फिर सरकारी लापरवाही की एक और मिसाल बनकर रह जाएगी।

## ग्रामीणों ने सीएमपीडीआई के सर्वेयर को बनाया बंधक, पुलिस ने छुड़ाया

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र के चितरपुर ग्राम में सोमवार को सेंट्रल माइन प्लानिंग एंड डिजाइन इंस्टीट्यूट (सीएमपीडीआई) के सर्वेयर को ग्रामीणों ने बंधक बना लिया। मिली जानकारी के अनुसार बिहार के रहने वाले दो सर्वेयर अभिषेक कुमार एवं अमित प्रसासर ग्राम मुज्जफरपुर,बिहार निवासी चितरपुर गांव में कार में बैठकर ड्रोन के माध्यम से सर्वे का कार्य कर रहे थे ।जहां गांव के लोगों ने उन्हें देखकर दोनों को बंधक बना लिया। जिसकी सूचना प्राप्त होते ही बालूमाथ थाना प्रभारी अमरेंद्र कुमार के निर्देश पर बालूमाथ पुलिस टीम मौके पर पहुंची और दोनों सकुशल ग्रामीणों के चुंगल से मुक्त कराया। पुलिस के अनुसार किसी भी सर्वेयर को ग्रामीणों ने कोई नुकसान नहीं पहुंचाया था। वही ग्रामीणों के अनुसार इस गांव में कोयला उत्खनन के लिए किसी निजी कंपनी को जिम्मा मिला है। जिसका वे लोग विरोध कर रहे हैं। पूर्व में भी गांव में इस तरह का सर्वे करने पहुंचे टीम को ग्रामीणों ने भगा दिया था। ज्ञात हो की सीएमपीडीआई कोयला समेत अन्य भूमिगत खनिजो पर शोध करने का कार्य करती है।

## हर्षोल्लास के साथ मनाई गई ईद का त्यौहार


नमाज अदा करने के बाद मौजूद लोग।

**सरयू।** नवनिर्मित सरयू प्रखंड के जामा मस्जिद में मौलाना मो० अजीमुद्दीन के नेतृत्व में 8 : 30 बजे ईद फितर के नमाज अकीदत के साथ अदा किया गया। वही सरयू, रोल, पतरातु समेत बारेसांढ़.में हर्षोल्लास के साथ ईद का त्यौहार मनाई गई। नमाज अदा करने के बाद मुस्लिम धर्मावलंबी के लोगों ने देश दुनिया के लिए अमन चैन की दुवा मांगी। वही एक दूसरे के गले मिल कर ईद का मुबारक बाद दिए। पर्व को शांतिपुर्ण सम्पन्न कराने को लेकर सुरक्षा बलों की तैनाती मस्जिद से लेकर चौंक चोराहों तक थी। मौके अब्दुल कुदूस, मोहम्मद हुसैन, नयुम अख्तर, मोजिब आलम, अख्तर हुसैन, नसीम शाह, सौहेल राजा, जमिल अख्तर, अनवर खलीफा, सदीक मियां, इजरायल खलीफा, सादीक खान, सबीर खान, तसवार आलम, मुस्ताक खलीफा, मो इमराज, समेत काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

## प्रशासक के निर्देश के बाद चापाकल का किया गया मरम्मती

**लातेहार।** शिव पूरी मोहल्ला स्थित खराब पड़े चापाकल को नगर पंचायत प्रशासक राजीव रंजन के निर्देश के बाद सोमवार को मरम्मती किया जा रहा है। मिस्त्री ईश्वरी यादव ने बताया कि विभाग के पदाधिकारियों के निर्देश पर डेड पड़े चापाकल की मरम्मती कर चालू किया जा रहा है। ताकि गर्मी के मद्देनजर मोहल्ला वासी एवं आने जाने वाले राहगीरों को परेशानी न हो और पीने समेत अन्य कार्यों के लिए पानी उपलब्ध हो सके। बताते चले कि उक्त चापाकल अतिक्रमण का शिकार हो गया था और पिछले कई माह से बिल्कुल डेड हो गया था। इस चापाकल से मोहल्ला समेत लगने वाले मंगलवारी बाजार के सैकड़ों लोग आश्रित है। जिन्हें पीने का पानी उपलब्ध होता है। इसे लेकर मोहल्ला वासियों द्वारा नगर प्रशासक को आवेदन देकर उक्त चापाकल को दुरुस्त कर चालू कराने की मांग की गई थी।

## टोरी फाटक पर एक को दूसरे कार ने आपाधापी में चपेट में लिया, हुई हाथापाई, पुलिस ने कराया मामला शांत


- प्रेलवे फाटक पर ट्रैफिक नियंत्रण की व्यवस्था नदारत, अक्सर होती है नोंक-झोंक

खबर मन्त्र संवाददाता

**चंदवा।** बरकाकाना बरवाडीह रेलखंड अंतर्गत टोरी जंक्शन पूर्वी केबिन स्थित रेलवे समपार फाटक उतरी छोर पर सोमवार की दोपहर फाटक पर फंसे एक कार को दूसरे कार ने आपाधापी में चपेट में ले लिया। इसके बाद दोनों वाहनों में सवार लोगों के बीच नोंकझोंक व हाथापाई की स्थिति बन आई। लोगों ने बताया कि एक कार पर सवार कुछ महिलाएं अपने परिवार के साथ रांची से चंदवा के नगर मंदिर आए थे जहां से पूजा कर लौट रहे थे, जबकि दूसरे कार में कुछ युवा बैठे थे, जिनकी कार दूसरे कार को किनारे से रगड़ दिया, दूसरे कार में सवार लोगों द्वारा इसका विरोध किया गया, इसके बाद मामला हाथापाई तक पहुंच गया, मामले को बढ़ता देख स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना चंदवा थाना और रेल पुलिस को दी, जिसके तुरंत बाद पुलिस मौके पर पहुंची व मामला शांत कराया व अपनी सुरक्षा में लेकर महिला एवं कार सवार लोगों को गंतव्य के लिए रवाना किया। बता दें कि एनएच 99 रांची-चतरा मुख्य मार्ग अंतर्गत चंदवा स्थित टोरी रेलवे फाटक पर लगने वाले जाम से लोग त्राहिमाम हैं। मिनट दर मिनट फाटक बंद होने के कारण लगने वाले जाम व फाटक पर ट्रैफिक नियंत्रण को लेकर कोई व्यवस्था नहीं रहने के कारण लोग छोटे बड़े वाहनों को जिसे तैसे खड़े कर देते हैं, ऐसे में जाम में फंसे फंसे वाहनों के बीच आपाधापी के कारण अक्सर लोगों के बीच विवाद व नोंकझोंक हो जाती है, कई बार तो मामला हाथापाई व मारपीट तक पहुंच जाता है। बावजूद इसके न ही रेल प्रशासन व न ही स्थानीय प्रशासन की ओर से कोई पहल किया गया है। जिस कारण वाहन चालकों का मनमाना रवैया जारी है।


मामला शांत कराती पुलिस।

## शांतिपूर्ण तरीके से नमाज अदा की गयी



**बारियातू।** प्रखंड मुख्यालय सहित इटके, शिबला, साल्वे, रत्नादाग, फुलसु, नावाडीह समेत विभिन्न ईदगाहों व मस्जिदों में सोमवार को ईद उल फितर की नमाज बड़े अकीदत के साथ अदा की गई ।मुख्यालय स्थित जामा मस्जिद में सुबह 9 :15 बजे हाफिज शहजाद के नेतृत्व में नमाज अदा कराई गई, जबकि इटके ईदगाह में 9 :00 बजे मौलाना शमसाद, साल्वे जामा मस्जिद में 8 :45 बजे हाफिज रफिउल्लाह, नूरी मस्जिद में 8 :30 बजे मौलाना अबुशहमा, शिबला जामा मस्जिद में 8 :30 बजे हाफिज शमसेर, फुलसु ईदगाह में 8 :45 बजे हाफिज शमीम, नावाडीह मस्जिद में 9 :00 बजे हाफिज इरफान, बठेठ जामा मस्जिद में 9 :00 बजे हाफिज महताब फैजी, तथा रत्नादाग जामा मस्जिद में 8 :30 बजे हाफिज आरिफ बिल्लाह की अगुवाई में नमाज अदा कर अमन–चैन की दुआ मांगी गई। ईद उल फितर के मौके पर शांति और सौहार्द बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन ने कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की थी। थाना प्रभारी देवेंद्र कुमार दल–बल के साथ पूरे प्रखंड क्षेत्र में गश्त करते दिखे। नमाज अदा करने के बाद लोगों ने एक–दूसरे को गले लगाकर ईद की मुबारकबाद दी। साथ ही, अपने हैसियत के मुताबिक गरीबों और जरूरतमंदों को दान भी दिया। नमाज से पहले मस्जिदों के इमामों ने रमजान और ईद उल फितर के महत्व पर रोशनी डालते हुए कहा कि यह महीना खुदा की रहमतों और बरकतों से भरा होता है। इस दौरान की गई इबादत और मांगी गई दुआएं जल्द कबूल होती हैं। इस मौके पर बालुमाथ पुलिस अनुमंडल पदाधिकारी बिनोद रवानी, थाना प्रभारी देवेंद्र कुमार, पुअनि रितेश तिग्गा एसआई राजकिशोर प्रसाद, रमेश राम, राजेंद्र गंझू, लाल आशीष नाथ शाहदेव, कामेश्वर भोगता, सुरेश गंझू, उर्मिला देवी, शांति देवी, राजीव भगत, मो. होजैफा, नंदू उरांव, मुंशी साव, मुन्ना खान, ललिता देवी सहित कई गणमान्य लोग ईदगाहों, मस्जिदों और घरों में जाकर लोगों को ईद की बधाई दी।

## रवि ने महावीर मंदिर को दिया शीतल जल प्याऊ


शीतल प्याऊ देते रवि गंझु।

**चंदवा।** स्वर्गीय रामदेव गंझु की स्मृति में उनके पुत्र सह झामुमो नेता रवि गंझु के द्वारा महावीर मंदिर प्रांगण में आए हुए भक्तों एवं मोहल्ला वासियों के लिए शीतल पेयजल की व्यवस्था के लिए वाटर कूलर मंदिर समिति को उपलब्ध कराया। जिसका शुभारंभ सोमवार को रवि गंझु के द्वारा किया गया, साथ ही उन्होंने मंदिर निर्माण में भी सहयोग करने की बात कही है। इस कार्यक्रम में मंदिर कमेटी के मंटू केसरी, उमेश शाह, शेखर सुमन, रंजन चौधरी, विक्की चौधरी, मनोज कुमार, राजन पांडे, शिव केसरी, राजू सिंह समेत कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## प्राथमिक विद्यालय हुण्डरू के बच्चो ने किया शैक्षणिक भ्रमण


भ्रमण के दौरान बच्चे।

**लातेहार।** राजकीयकृत प्राथमिक विद्यालय हुण्डरू के छात्रो ने दो दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण के दौरान नेतरहाट आवासीय विद्यालय, सनसेट, सनराईज, नाशपाती बगान के साथ लोध जलप्रपात, सुग्गाबांध, जलप्रपात आदि पर्यटन स्थानो का भ्रमण किया एवं पिकनिक का आनंद लिया। भ्रमण मे विद्यालय के प्रधानाध्यापक हीरा प्रसाद यादव, शिक्षक संजीव कुमार चंद्र, प्रमोद कुमार पांडेय, रसोईया उषा देवी, मीना देवी शामिल थे। शिक्षको ने शैक्षणिक संस्थान एवं पर्यटन स्थल के बारे बच्चो से विस्तारपूर्वक चर्चा किए। वही प्रधानाध्यापक हीरा प्रसाद यादव ने कहा कि शैक्षणिक भ्रमण से बच्चो में नया उत्साह उमंग एवं ताजगी आती है। इस भ्रमण से बच्चे काफी उत्साहित एवं खुश हुए।

## अम्बेडकर जयंती मनाने को लेकर्र बैठक



**बारियातू।** प्रखंड स्थित बारीखाप जतराटांड मे कैलाश राम की अध्यक्षता में बैठक की गई। बैठक मे भारत रत्न शिल्पकार संविधान निमार्ता बाबा साहेब डॉ. भीम राव अम्बेडकर जी की जयंती मनाने का निर्णय लिया गया। अगली बैठक 4 अप्रैल को 11 बजे रखा गया है। जिसमे कमिटी चुनाव करने के साथ कार्यक्रम के रूप रेखा तय को लेकर विशेष विचार विमर्श किया जायेगा। उक्त बैठक में प्रखंड क्षेत्र के अधिक से अधिक संख्या में गणमान्य बुद्धि जीवियों का आने की अपील की है। मौके पर राजू रामवृक्ष लोहरा, सकेंन्द्र राम, दीपक लोहरा, पूरण राम, भोला राम, कुलदीप राम, रामलाल भगत, विकास रंजन सहित कई लोग मौजूद थे।

## वार्षिक परीक्षा सत्र 2024-25 की परिणाम एवं पुरस्कार वितरण का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता

**बारियातू।** प्रखंड मुख्यालय स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में सभी कक्षाओं अरुण से अष्टम तक का सत्र 2024- 25 का वार्षिक परीक्षा परिणाम एवं पुरस्कार वितरण किया गया। कार्यक्रम की प्रारंभ मुख्य अतिथि विद्यालय समिति के अध्यक्ष किशोर प्रसाद, विशिष्ट अतिथि उपाध्यक्ष राजीव कुमार समिति सदस्य प्रमोद उरांव, एवं प्रधानाचार्य जीतेन्द्र राम ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती ओउम् एवं भारत माता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं पुष्पार्चन कर किए। उपस्थित पदाधिकारी को आचार्या खुशबू कुमारी एवं सोनाली कुमारी ने स्वागत गीत गाकर स्वागत किया। वार्षिक परीक्षा सत्र 2024-25 की परिणामों की घोषणा परीक्षा प्रमुख शशि कुमार सिंह ने किया कक्षा अरुण में प्रथम स्थान साक्षी कुमारी 77 द्वितीय स्थान तनवी कुमारी 72 तृतीय स्थान नयन कुमार 72 कक्षा उदय में प्रथम स्थान शौर्य उरांव 84 द्वितीय स्थान प्राची कुमारी 83 तृतीय स्थान अमित कुमार 83 कक्षा प्रथम में प्रथम स्थान कश्यप प्रसाद 79 द्वितीय स्थान अक्षत कुमार 71% तृतीय स्थान कोमल कुमारी 70 कक्षा द्वितीय में प्रथम स्थान दिव्या कुमारी 75 द्वितीय स्थान शौर्य कुमार गुप्ता 71 तृतीय स्थान अर्पित राज 66 कक्षा तृतीय में प्रथम स्थान प्रियांशु कुमार 75 द्वितीय स्थान लक्ष्मी प्रिया 71 तृतीय स्थान अभिराज सिंह 70 कक्षा चतुर्थ में प्रथम स्थान प्रिंस कुमार 86 द्वितीय स्थान श्रेयांश कुमार 75 तृतीय स्थान अनिकेत कुमार 74 कक्षा पंचम में प्रथम स्थान छोटी कुमारी 83 द्वितीय स्थान अनु कुमारी 77 तृतीय स्थान परिधि रानी 76 कक्षा षष्ठ में प्रथम स्थान अंशु कुमारी 81 द्वितीय स्थान काजल कुमारी 76 तृतीय स्थान रीया कुमारी 70 कक्षा सप्तम में प्रथम स्थान सचिन कुमार 78 द्वितीय स्थान अनुराग कुमार 76 तृतीय स्थान रुचि सिन्हा 74 कक्षा अष्टम में प्रथम स्थान आयुष कुमार 89 द्वितीय स्थान कशिश कुमारी 87 तृतीय स्थान प्रियांशी कुमारी 83 प्रतिशत प्राप्त किया उपस्थित पदाधिकारीयो के द्वारा प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त भैया /बहनें को पुरस्कृत किया गया।


पुरस्कार वितरण करते लोग।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विद्यालय समिति के माननीय अध्यक्ष किशोर प्रसाद ने छात्रों को उत्साह वर्धन करते हुए कहा कि इसी प्रकार आप अपने लगन और मेहनत से जीवन में प्रगति करें और अपना एवं अपने परिवार, विद्यालय समाज एवं देश को प्रगति के राह पर ले जाएं। उपाध्यक्ष राजीव कुमार ने अपना आशीर्वचन दिया। उन्होंने कहा कि जितना कठिन मेहनत करोगे जीते उतने ही शानदार होगी। धन्यवाद ज्ञापन समिति सदस्य प्रमोद उरांव ने किया मंच संचालन लक्ष्मण राम ने किया। कार्यक्रम को सफल करने में आचार्या वीणा देवी, खुशबू कुमारी, लक्ष्मी मंडल वंदना सिन्हा सोनाली कुमारी, किरण देवी का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## पत्रकार संघ की हुई बैठक रूपेन्द्र बने अध्यक्ष


रूपेन्द्र जायसवाल।



**हेरहंज।** प्रखंड मुख्यालय हेरहंज स्थित बस स्टेंड दुर्गा मंडप परिसर में हेरहंज पत्रकार संघ की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता विकास जायसवाल ने किया। बैठक में पत्रकार के एकजुटता एवं पत्रकारों को समाचार संकलन करने में हो रहे परेशानी पर विस्तृत चर्चा हुई। साथ ही आये दिन पत्रकारों के ऊपर हमला और पड़ताड़ना पर भी चर्चा की गई। ततपश्चात सर्वसम्मति से हेरहंज पत्रकार संघ की नई कमिटि का गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष रूपेन्द्र जायसवाल, कोषाध्यक्ष चन्द्रकान्त जायसवाल और सचिव प्रदीप यादव को बनाया गया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष रूपेंद्र जायसवाल ने संगठन मे शामिल सभी मित्रो का आभार व्यक्त कर कहा की मुझे पुन: एक बार फिर जिम्मेवारी दी है उसे मै हर सम्भव पत्रकार हित मे निभाने का काम करूंगा। उन्होंने यह भी कहा की पत्रकार जिस कदर समाज के हर बात को सामने लाने का काम करते है और प्रतिदिन हर तरह की खबरों को लाकर हमे सूचना देते है। वह कठिन भरा होता है। बैठक में मुख्य रूप से विकास जायसवाल, रूपेन्द्र जायसवाल, प्रदीप यादव, चन्द्रकान्त जायसवाल, नितेश जायसवाल, सोनु गुप्ता,मनीष कुमार गुप्ता, कैलास ठाकुर उपस्थित थे।

## मनिका में भाकपा माले के द्वारा प्रखंड स्तरीय सम्मेलन का किया गया आयोजन

# 13 सदसीय नयी कमेटी का किया गया गठन

- पार्टी को मजबूत बनाने के लिए गांव-गांव में कैडर तैयार करने की आवश्यकताः बिरजू

खबर मन्त्र संवाददाता

**मनिका।** मनिका प्रखंड मुख्यालय अंतर्गत एसबीआई रोड स्थित लोहिया भवन परिसर में दिन सोमवार को भाकपा माले के द्वारा प्रखंड कमिटी सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में भाकपा माले जिला सचिव कॉमरेड बिरजू राम व अन्य अतिथि के रूप में जिला नेता गोपाल प्रसाद, कमलेश सिंह, रमेश कुमार, कृष्णा सिंह, सुनीता मेहरा, सामाजिक नेता भुखन सिंह, दिवाकर यादव और बतौर प्रवेक्षक राजेंद्र सिंह शामिल हुए। वहीं पार्टी का विस्तार कर मजबूती के लिए कॉमरेड अजय यादव, भुखन सिंह, अयोध्या यादव, गुलाब सिंह, इंद्रदेव सिंह, रामधानी सिंह, दिवाकर यादव एवं राजमती देवी, समेत अन्यों के बीच चर्चा किया गया। मौके पर कॉमरेड बिरजू राम ने कहा की कार्यकर्ता किसी भी पार्टी की रीढ़ होता है,इस लिए हमें गांव-गांव में माले का सदस्य बना कर कैडर तैयार करने की आवश्यकता है एवं निचली इकाई पार्टी ब्रांच और लोकल कमीटी को मजबूत करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि आज पुरे देश और राज्य में देश विरोधी एवं जन विरोधी भाजपा और पूंजीपतियों का दादा गिरी चल रहा है, खास कर झारखंड में जल, जंगल और जमीन पर कॉर्पोरेट पूंजीपतियों का गिद्ध के जैसे दृष्टि लगा हुआ है, हमें गरीबों के साथ मजबूत एकता बनाते हुए माले को मजबूत करना है और लूट के खिलाफ विकास के लिए मजबूत लड़ाई लड़ते हुए शहीदों के सपनों को सकार करना होगा। उन्होंने कहा कि आज लातेहार जिला में मनरेगा एवं अन्य योजनाओं में करोड़ों का लूट जारी है,गरीब ठगे जा रहे हैं हमें गांव-गांव में इंकलाब का आवाज बुलंद करना होगा,यह सम्मेलन से चुनी गई नई कमिटी मजबूत आंदोलन का रूप रेखा तैयार करेगा यही मेरा शुभ कामना है। वहीं कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियों के द्वारा पार्टी को मजबूत बनाने के उद्देश्य से बड़ा आंदोलन करने पर बल दिया गया। साथ ही सभी के सहमति से पांच सदसीय मंडल संचालन का गठन करते हुए 13 सदसीय नई कमिटी का गठन किया गया। जिसमें मुनेश्वर सिंह, इंद्रदेव सिंह, नागेंद्र राम, धनेश्वर सिंह, रामधानी सिंह, सविता देवी, जय प्रकाश राम, अयोध्या यादव, बंधन सिंह, सुरेश उरांव, बिना देवी, अजय यादव एवं गुलाब सिंह को मनोनीत किया गया।



कार्यक्रम में उपस्थित लोग।

## एक दूसरे को गले मिलकर धूमधाम से मनाई गई ईद

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र के बालूमाथ, सेरेगड़ा, मसियातु, मुरपा, बालू, मारंगलोईया, गणेशपुर समेत कई पंचायत व गांव में हर्षोउल्लास व धूमधाम के साथ ईद पर्व मनाई गई। बालूमाथ ईदगाह में मौलाना मजहर द्वारा ईद की नमाज अदा कराई गई। नमाज खत्म होने के बाद सभी लोग एक दूसरे से मिलकर ईद की शुभकामनाएं दी। वही लोग एक दूसरे के घरों में जाकर सेवइयां का लुफ्त उठाया। बालूमाथ के सदर हाजी शब्बीर ने कहा कि यह पूरे 1 महीने तक पाक पूर्वक रोजा रखने के बाद ईद मनाई जाती है। इस पर्व में पूरे साल की कमाई का 2'5% रकम निकाल कर गरीबों के बीच बांटा जाता है। ताकि गरीब लोग भी अच्छे से ईद मना सके। आज के दिन गरीब हो या अमीर सभी कोई नए–नए कपड़े पहनते हैं एवं एक दूसरे को सेवइयां खिलाकर गले मिलकर हंसी–खुशी यह पर्व को मानते हैं। इस दौरान बालूमाथ पुलिस प्रशासन चौकस नजर आई। बालूमाथ पुलिस इस्पेकर परमानन्द बिरुवा, थाना प्रभारी अमरेंद्र कुमार, बालूमाथ अंचलाधिकारी विजय कुमार, सब इंस्पेक्टर गौतम कुमार, अमित कुमार, रंजन कुमार समेत, कई पुलिस पदाधिकारी व दंडाधिकारी सभी ईदगाह एवं नमाज अदा करने वाले मस्जिद के पास मौजूद रहे। इधर सुबह से 12 :00 दिन तक हाईवा पर नो एंट्री लगा दिया गया था। ताकि लोग सुविधा पूर्वक ईदगाह में आना–जाना कर सके। मौके पर ईद की शुभकामनाएं देने वालों में मोतिउर रहमान, मो. अत्ताउल्लाह, मो. शमीम, जावेद अख्तर, कौशर अली, मो. अरबाज, मो. तौकीर, अब्दुल भाई, जहूर अंसारी, आमिर हयात, नोसाद आलम, मो मुज्जमिल, मो मीनू, मो दानिश, छोटा अनवर,समेत कई लोग शामिल थे।

# हर्षोल्लास के साथ मना ईद त्योहार

## पुलिस और प्रशासन की मौजूदगी में सुरक्षा व्यवस्था, एक-दूसरे को गले लगा दी बधाई

स्पीड न्यूज

### बोकारो में ईद सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न

**बोकारो।** बोकारो के शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में ईद सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई। मस्जिदों में लोगों ने नमाज अदा कर एक दूसरे से गले मिलकर ईद की बधाइयां दी। समाज के हर समुदाय के लोगों ने गले मिलकर ईद की बधाइयां एवं शुभकामनाएं दी तथा सेवइयां एवं मिष्ठान का आनंद लिया। अर्द्धशहरी तथा ग्रामीण क्षेत्र में भी उल्लास पूर्ण वातावरण में ईद का त्यौहार संपन्न हुआ।

### आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति से लोग हुए भाव-विभोर



**बोकारो।** संस्कार भारती की बोकारो जिला इकाई की ओर से सेक्टर 4 स्थित जगन्नाथ मंदिर परिसर में चैत्र नवरात्रि के अवसर पर भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। संस्कार भारती के बोकारो जिला इकाई के अध्यक्ष अमरजी सिन्हा व महामंत्री स्वरूप शेखर पाण्डेय ने सभी को हिन्दू नववर्ष व चैत्र नवरात्रि की शुभकामनाएं दीं। अध्यक्ष अमरजी सिन्हा महामंत्री स्वरूप शेखर पांडेय के साथ ही मंत्री अर्चना चौधरी साहित्य प्रमुख अरुण पाठक नृत्य प्रमुख रजनी पाढ़ी वरिष्ठ संगीतज्ञ पं बच्चन जी महाराज हिमांशु शेखर मिश्रा संजीव मजूमदार प्रभा मोहनन नायर नृत्यांगना श्रीपर्णा घोष गुनगुन मजूमदार तनुश्री रीता देवी दीपिका कुमारी ज्ञान अलंकृत रेवंत जयेंद्र गौर प्रसाद आनंद कुमार ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से सभी को आनंदित किया।

### सनातन का संदेश ले स्कूली बच्चों ने निकाली प्रभातफेरी



**बोकारो।** सनातन संस्कृति और समृद्ध परंपरा का ध्वजवाहक बन सरस्वती शिशु विद्या मंदिर 9डी में विद्यालय के भैया-बहनों ने घोष दल के साथ सेक्टर 9 में प्रभातफेरी निकाली जिसमें विद्यालय प्रबंधकारिणी समिति के सह सचिव जीपी सिंह एवं प्राचार्य राजेंद्र कामत तथा सभी आचार्य व दीदी सम्मिलित हुए। प्रभातफेरी के बाद उपस्थित सभी भैया-बहनों को एवं आचार्य-दीदी को शरबत एवं मिष्ठान वितरित किया गया एवं नवम एवं एकादश के भैया-बहनों का परीक्षा परिणाम वितरित किया गया। इसमें प्रत्येक कक्षा से प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को सम्मानित किया गया। वाटिका शिशु वर्ग बाल वर्ग किशोर वर्ग एवं तरुण वर्ग में वर्ग सह अव्वल स्थान प्राप्त करने वाले भैया-बहनों को अलग से सम्मानित किया गया।

### पदाधिकारियों व सदस्यों की बैठक संपन्न



**बोकारो।** बोकारो इस्पात जनता मजदूर संघ के पदाधिकारी सदस्यों की बैठक सेक्टर 3 टू टैंक गार्डन में तारकेश्वर महतो तारा बाबू की अध्यक्षता में सफलतापूर्वक संपन्न हुई जिसमें मुख्य रूप से बोकारो स्टील प्लांट प्रबंधन को दिए गए 20 सूत्री मांग पत्र के आलोक में वार्ता का समय निर्धारित नहीं करने पर सभी सदस्यों ने एकमत से प्रबंधन की कड़ी आलोचना की। संघ के महामंत्री सुमन सिंह ने कहा कि मजदूरों एवं कामगारों की मांग को प्रबंधन गंभीरता से ले। संयुक्त महामंत्री आशा देवी ने कहा कि बी एस एल प्लांट के अनाधिशासीयों के पदों का पून: निर्धारण के मांग को स्वीकार करने के लिए प्रबंधन का स्वागत एवं कर्मचारियों को बधाई दी। बैठक में उपस्थित सदस्यों में मुख्य रुप से पुष्पा मिश्रा मंजु सिंह मिनाक्षी सिंह राम सागर शर्मा बिंदेश्वर बम श्याम कुमार गोकुल प्रशाद मिथुन कुमार रजनी देवी सुरेश प्रशाद सुमीत सिंह आदि थे।

## ईद मिलन समारोह में शामिल हुए विधायक आलोक सोरेन



लोगों को ईद की शुभकामनाएं देते विधायक आलोक सोरेन

**शिकारीपाड़ा।** स्थानीय विधायक आलोक सोरेन दुमका जिले के शिकारीपाड़ा प्रखंड मुख्यालय में सोमवार को ईद मिलन समारोह का आयोजन हुआ। जिसमें स्थानीय विधायक आलोक कुमार सोरेन ने भाग लिया। झारखंड मुक्ति मोर्चा द्वारा आयोजित इस मिलन समारोह के प्रमुख कार्यकर्त्ता शिकारीपाड़ा के पंचायत अध्यक्ष अब्दुल अंसारी थे। इस मौके पर पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष चुंडा हेम्ब्रम, कोषाध्यक्ष कलीमुद्दीन अंसारी, प्रोफेसर गुलाम रसूल, तमीज अंसारी, संटु सिंह, ललका मियां, अजीज मियां, मुस्तफा मियां, कादीर मियां, अंगूर अंसारी सहित अन्य उपस्थित हुए। विधायक ने मीठी सेवाइयों और मिठाई का आनंद लिया। उन्होंने कहा कि ईद का यह त्यौहार आपसी सद्भाव और भाईचारे का संदेश देता है। इस मोके पर शिकारीपाड़ा विधानसभा समेत राज्य के लोगों को ईद मुबारकबाद दिया । उन्होंने उपस्थित लोगों के गले मिलकर-हाथ मिलाकर ईद की बधाई दी।

खबर मन्त्र संवाददाता

**गोड्डा।** जिले में ईद-उल-फितर का त्योहार हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। मुस्लिम समुदाय के लोग मस्जिदों में नमाज अदा करने के लिए एकत्र हो रहे हैं। इस मौके पर प्रशासन द्वारा कड़ी सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। विधि व्यवस्था को बनाए रखने के लिए गोड्डा के विभिन्न प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों की टीम की तैनाती की गई है। अनुमंडल पदाधिकारी बैधनाथ उरांव, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अशोक प्रियदर्शी, पुलिस उपाधीक्षक (प्र०) कुमार गौरव, थाना प्रभारी दिनेश कुमार



महली, सर्किल इंस्पेक्टर मधुसूदन मोदक, मेजर धर्मेन्द्र राम, कार्यपालक दंडाधिकारी अभय कुमार झा, दंडाधिकारी बबन कुमार सिंह, पु०अ०नि० भोला दास, कृष्णा कुमार साह, रामसूरत यादव आदि इस दौरान सुरक्षा और शांति व्यवस्था बनाए रखने में जुटे हुए हैं। ईद के इस मौके पर शहर में सुरक्षा बढ़ाई गई है, ताकि सभी श्रद्धालु इस धार्मिक अवसर का उल्लासपूर्ण माहौल में पालन कर सकें। प्रशासन का कहना है कि सभी संबंधित अधिकारियों के द्वारा निरंतर निगरानी रखी जा रही है और कानून व्यवस्था को बनाए रखने के लिए हर कदम उठाए जा रहे हैं। ईद की खुशी में जनजीवन सामान्य रूप से चल रहा है और लोग एक-दूसरे को शुभकामनाएं देते हुए त्यौहार का आनंद ले रहे हैं।

## प्रेम व भाईचारे का पर्व ईद सौहादर्यपूर्ण महौल संपन्न

**दुमका।** प्रेम और भाईचारे का प्रतिम पर्व ईद शांतिपूर्ण एवं सौहादर्यपूर्ण महौल में सोमवार को संपन्न हुई। सुबह से ईद को लेकर मुस्लिम समाज के लोगों में उत्साह दिखी। नए-नए कपड़े पहन छोटे-छोटे बच्चे, युवा एवं बुजुर्गो को ने ईदगाहों में सामूहिक रूप से ईदी की नवाज अदा किया। इसके बाद एक-दूसरे को गले लगा ईद की बधाईया दी। इसके बाद सेवई और मिठाईयां खिला एक-दुसरे को ईद की बधाई दी। बड़े-बुजुर्गो ने छोटे-छोटे बच्चे को ईद के अवसर पर ईदी देकर शुभकामनाएं दिया। इसके बाद अपने-अपने रिस्तेदारों को घरों में जाकर एक-दूसरे को बधाईयां दिया।



नवाज अदा करते मुस्लिम समाज के लोग

## बोकारो पुलिस लाइन में सरहुल उल्लासपूर्वक सम्पन्न





खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** बोकारो स्टील सिटी के सेक्टर 12 स्थित पुलिस लाइन में पुलिस उप महानिरीक्षक सुरेंद्र झा एवं पुलिस अधीक्षक मनोज स्वगीर्यारी की उपस्थिति में आदिवासी युवकों एवं युवतियों के साथ धूमधाम से उल्लासपूर्ण वातावरण में सरहुल पर्व मनाया गया। उक्त सरहुल महोत्सव में डीआईजी एवं एसपी के साथ पुलिस के सभी पदाधिकारियों ने भाग लिया। सर्वप्रथम आदिवासी महिलाओं ने दोनों पुलिस पदाधिकारियों को तिलक लगाकर उनका स्वागत किया। तत्पश्चात सभी एक दुसरे को सरहुल की शुभकामनाएं देते हुए मांदर की थाप पर थिरकते रहे। मौके पर डीआईजी श्री झा एवं एसपी श्री स्वगीर्यारी ने कहा कि सरहुल प्रकृति के साथ उल्लास का पर्व है। हमें इसे सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाते हुए प्रकृति के संरक्षण पर भी ध्यान देने की जरूरत है।

### धूमधाम से रामनवमी मनाने को लेकर बैठक आहूत

**बेरमो /तेनुघाट कोर्ट।** तेनुघाट में रामनवमी धूमधाम से मनाने को लेकर पहाड़ी शिव मंदिर में मंगलवार एक अप्रैल को बैठक होगा। बताया गया कि इस बैठक में रामनवमी पर तेनुघाट में जुलूस निकालने पर भी चर्चा होगी। इसमें रामनवमी पूजा को भव्य रूप से मनाने पर भी चर्चा की जाएगी। साथ ही बैठक में रामनवमी पूजा को लेकर कमिटी गठन करने पर भी चर्चा होगी।

### त्रिदिवसीय आचार्य कार्यशाला का आयोजन

**बेरमो।** विद्या भारती योजनानुसार कस्तूरबा श्री विद्या निकेतन ढोरी में त्रिदिवसीय आचार्य कार्यशाला की शुरूआत सोमवार से हो गयी। कार्यशाला का उद्घाटन संकुल स्तरीय संयोजक अमित कुमार सिंह, गणपति देवी सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के संरक्षक बृज बिहारी पांडेय, विद्यालय समिति के सचिव धीरज कुमार पांडे एवं प्रधानाचार्य रण सुमन सिंह ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर मां सरस्वती,भारत माता एवं ओम पर पुष्पार्चन कर किया।

### बेरमो कोयलांचल में भाईचारे के साथ मना ईद

**बेरमो।** बेरमो कोयलांचल के विभिन्न क्षेत्रों में सोमवार को ईद की धूम रही। लोगों ने ईद का त्योहार हर्षोल्लास के साथ शांतिपूर्ण ढंग से मनाया। मुस्लिम समुदाय के लोगों ने मस्जिद व ईदगाह में नमाज अदा की। नमाज के दौरान पूरे विश्व में अमन चैन की दुआ मांगी गई। इसके बाद लोगों ने एक दूसरे के गले मिलकर ईद की बधाई दी। निर्धारित समय पर सभी लोगों ने एक साथ नमाज अदा की। फुसरो, करगली, संडेबाजार, जरीडीह बाजार, जारंगडीह, कथारा,बोकारो थर्मल आदि इलाकों में भी ईद की नमाज अकीदत के साथ अदा की गई। त्योहर को लेकर मुस्लिम बहुल इलाकों में चहल पहल देखी गई। मौके पर विधि व्यवस्था को लेकर पुलिस को मुस्तैद देखा गया। दिल को साफ कर पुरानी रंजिश भूलकर त्योहार मनाना चाहिए। एक दूसरे के घर जाकर लजीज पकवानों का स्वाद चखा।

## झरना नल जंगल में एक युवक का नरकंकाल मिला



खबर मन्त्र संवाददाता

**बेरमो।** पेटरवार थाना क्षेत्र के बगजोबरा झरना नल जंगल में सोमवार की सुबह एक युवक का नरकंकाल मिला। जंगल मे पत्ता तोड़ने गए लोगों ने सबसे पहले नरकंकाल को देखा। इसके बाद इसकी सूचना पेटरवार पुलिस को दी गयी।

सूचना पर पेटरवार थाना प्रभारी राजु कुमार मुंडा सशस्त्र बल के साथ मौके पर पहुंचकर कंकाल बरामद किया। वहीं घटनास्थल पर खोपड़ी, जबड़ा एवं दो हड्डी बरामद हुई। पेटरवार थाना पुलिस नरकंकाल को जब्त कर थाना लाकर मामले की छानबीन में जुट गई है। बताया जा रहा है कि नरकंकाल लगभग 4 माह पूर्व लापता युवक का है। नरकंकाल के पास पड़े जींस पेंट टीशर्ट मोली धागा देखकर उसके मामा एवं ग्रामीण इसकी पहचान 20 वर्षीय दीपक रजवार के रूप में की है। मृतक के मामा विनोद रजवार ने इसे हत्या का आरोप लगाते हुए जांच की मांग की है। बतातें चलें कि विष्णुगढ़ थाना क्षेत्र के अचल जामुन गांव निवासी 20 वर्षीय दीपक रजवार पतकी पंचायत के बगजोबारा गांव में दो साल से अपने ननिहाल में रहकर पढ़ाई कर रहा था। बीते 11 दिसंबर से लापता था। उसके स्वजनों के काफी खोजबीन के बावजूद कोई सुराग नही मिलने पर 14 दिसंबर को उसके स्वजनों ने गुमशुदगी का मामला दर्ज कराया था। इस संदर्भ में थाना प्रभारी राजू कुमार मुंडा ने बताया कि जब्त नर कंकाल को फोरेंसिंक जांच के लिए भेजा जाएगा साथ ही डीएनए जांच कराई जाएगी। इसकी रिपोर्ट आने के बाद ही मामला स्पष्ट हो सकेगा।

### बांसती दुर्गा मंदिर में माँ ब्रह्मचारिणी की हुई पूजा

**फुसरो।** पिछरी बस्ती स्थित सार्वजनिक बासंती दुर्गा मंदिर में सोमवार को चैती दुर्गा पूजा दूसरे दिन माँ ब्रह्मचारिणी की पूजा की गयी। यहां पुरोहित पंडित नरेश पांडेय व मंदिर के पुजारी पवन पाठक ने मुख्य यजमान मुकेश मिश्रा को पूजा अर्चना कराया। मंदिर में कलश स्थापना कर दुर्गा सप्तसती पाठ जारी रहा। बताया गया कि दूसरे दिन माँ ब्रह्मचारिणी की पूजा की जा रही है।

## सफल, सांसारिक जीवन-निर्वाह करते हुए मन- मंदिर में प्रभु की स्थापना, उनको जानना, मानना व उनके प्रति समर्पण का भाव ही प्रधान है: राजन जी महाराज

खबर मन्त्र संवाददाता

बोकारो। बोकारो इस्पात नगर के सेक्टर 4 स्थित मजदूर मैदान में श्री राम कथा आयोजन ट्रस्ट बोकारो द्वारा आयोजित श्री राम कथा में प्रतिदिन श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ता जा रहा है। कथा वाचन के दौरान राजन जी महाराज ने प्रभु श्री राम के बाल लीला की अद्भुत कहानी रोचकपूर्ण अंदाज में सुनाई। उन्होंने राजा दशरथ के चारों पुत्रों के नामकरण संस्कार का प्रसंग सुनाते हुए कहा कि भगवान तो अनंत सुख के प्रदाता हैं।

कई बार भौतिकता के लबादे में जकड़ा, व्यक्ति किसी उद्देश्य की असफलता पर यह महसूस करता है कि भगवान बड़ा दुख दे रहे हैं जबकि सच्चाई यह है कि भगवान तो हमेशा आनंद ही देते हैं। दुख तो हमारे कर्मों का प्रतिफल होता है, हमें हमारे कर्मों के प्रारब्ध को स्वीकार करना चाहिए। सदैव सत्कर्म करते रहने से हमारे कर्मों का प्रतिफल तदनुरूप मिल सकेगा। राजन जी महाराज ने श्री राम के बाल लीला एवं अयोध्या नगरी में श्री राम के जन्मोत्सव पर बधाई गायन का उदाहरण देते हुए बताया कि उस

### भगवान हमेशा आनंद देते हैं, जीवन में दुःख- सुख की प्राप्ति तो हमारे कर्मों का प्रतिफल व प्रारब्ध



समय अयोध्या का ऐसा दिव्य माहौल था कि भगवान सूर्य देव को भी कुछ पल के लिए ठहरना पड़ गया था। उन्होंने राजा दशरथ के चारों पुत्रों का शाब्दिक अर्थ सहित आध्यात्मिक अर्थ की सहज रूप में सप्रसंग व्याख्या की। राजन जी महाराज ने सभी को स्वच्छ पर्यावरण के प्रति सचेत किया और घर के हर मंगल अवसर पर वृक्षारोपण व पौधारोपण की सलाह दी। उन्होंने कहा कि प्रकृति ने हमें मुफ्त में हवा, पानी इत्यादि अति उपयोगी चीजें प्रदान की है। इतना तो हमारा कर्तव्य बनता है कि अपने व भावी पीढ़ियों के निमित्त उसके संरक्षण हेतु हम घर के हर मंगल अवसर पर एक पौधा लगा कर अपना आभार प्रकट करें। राजन जी महाराज द्वारा कथा सुनाने के दौरान- राजा जी खजनवा दे द, रानी जी गहनवा दे द.... आदि भजन की प्रस्तुति पर श्रद्धालु झूम उठे। क्या पुरुष !क्या महिला ! क्या बच्चे ! क्या युवा ! क्या वृद्ध सभी ने झूमते हुए आनंद की लहरों में गोता लगाया। उन्होंने बताया कि जब जब धर्म की हानि होती है, दुर्जनों की ओर से सज्जनों पर अपराध बढ़ता है और गौ- माता व प्रकृति पर अत्याचार/अनाचार होता है- तब तब प्रभु अवतार लेकर सज्जनों की पीड़ा हरते हैं और प्रकृति को संरक्षित करते हैं। राजन जी महाराज ने कहा कि माता पार्वती ने सती- जन्म के संशय को मिटाने खातिर महादेव से प्रभु महिमा के बारे में जिज्ञासा की तो महादेव ने माता की जिज्ञासा को संवाद स्वरूप में लेते हुए उनके हर जिज्ञासा का समाधान किया। बताया कि महादेव कहते हैं- एक गंगा मेरी जटा में है जो तट पर रहने वाले लोगों का उध्दार करती है और एक गंगा, मुख से श्री राम महिमा कथा के रूप में निकलती है जिससे समस्त विश्व का कल्याण होता है। माता पार्वती को श्री राम महिमा कथा सुनाने के पहले उनका धन्यवाद किया। वजह यह थी कि माता पार्वती के कारण श्री राम महिमा कथा को कालांतर में आम लोग भी सुनकर मुक्त होंगे। श्री राजन जी महाराज ने कहा कि प्रकृति के अनुकूल रहने पर सज्जन पुरुष पर ही भगवद कृपा होती है, प्रकृति को गंदा करने वाले या प्रदूषित करने वालों पर ईश्वर भी नाराज होते हैं क्योंकि भगवान ने ही प्रकृति/ब्रह्मांड का निर्माण किया है। जैसे हम घर को साफ सुथरा रखते हैं - उसी तरह मोहल्ले, समाज, नगर व नदी- वन आदि धरोहर को स्वच्छ व संरक्षित रखें। यह भी भगवान की सेवा है। राजन जी महाराज ने कहा कि प्रभु भजन का अर्थ यह कतई नहीं है कि दिन-रात मंदिर में बैठे रहें। यथार्थ में स्वस्थ व समुचित तरीके से सांसारिक जीवन-निर्वाह करते हुए मन- मंदिर में प्रभु को स्थापित करते हुए उनको जानने और मानने तथा समर्पण का भाव ही प्रधान है। राजन जी महाराज द्वारा कथा वाचन के दौरान प्रभु चरण में भावपूर्ण गीत व भजन की प्रस्तुति पर भक्ति- सरोवर में श्रद्धालुओं ने जमकर गोता लगाया औ? आनंदित हुए। श्री राम कथा आयोजन ट्रस्ट के शिवकुमार अग्रवाल ने बताया कि श्री राम कथा के श्रवण के लिए बोकारो एवं चास समेत जिला के विभिन्न क्षेत्र से ही नहीं बल्कि जमशेदपुर रांची व अन्य समीपवर्ती क्षेत्रों से भी श्रद्धालु पधार रहे हैं। श्री अग्रवाल ने बताया कि आयोजन समिति, श्रद्धालुओं की सुविधा- सुरक्षा एवं व्यवस्था हेतु पूरी तरह प्रतिबद्ध एवं सक्रिय है। इस आध्यात्मिक कार्यक्रम में समाज व शहर के लोगों का सहयोग अपेक्षित है।

खबर एक नजर में

### युवक का अपहरण, 4 लाख फिरौती की मांग, अपहरणकर्ता गिरफ्तार

**दुमका/निज संवाददाता।** युवक को अपहरण कर 4 लाख रुपए की फिरौती की मांग करने के दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने अपहरणकताओं के पास से अपहृत युवक को भी सकुशल बरामद कर लिया है। अपहरण की यह घटना रविवार को नेतृपहाड़ी के पास हुई थी। युवक के बड़े भाई अशोक कुमार दास के बयान पर मुफस्सिल थाना में दोनों आरोपी बलिया डंगाल के सुब्रोत मंडल एवं रसिकपुर नागडीह निवासी बिट्टू कुमार मंडल के विरुद्ध अपहरण की प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस ने सोमवार को दोनों को केन्द्रीय कारा भेज भी दिया है। बरामद युवक राजीव कुमार पाकुड़ जिला के महेशपुर थाना अन्तर्गत शिवरामपुर का निवासी है। भाई अशोक कुमार दास का बयान है कि उसका छोटा भाई राजीव कुमार रसिकपुर स्थित एक दिनेश लॉज में रहकर शिक्षक प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहा था। 30 मार्च की रात में भाई के एक मित्र अंकित कुमार ने फोन कर बताया कि उसके भाई को कहीं अज्ञात जगह पर कुछ लोगों ने बंधक बनाकर रखा हुआ है। उक्त लोग पैसे की मांग कर रहा है। वे तुरंत दुमका पहुंचे और सोमवार को दिन के करीब 11 बजे उनके मोबाइल से फोन आया और कहा गया कि तुम्हारा भाई हमारे पास है। 4 लाख रुपया फिरौती के रुप में मांग की गई। उक्त रुपए को शाम तक बताए जगह पर पहुंचा दिया जाए। फिरौती की रकम नहीं मिलने पर अपहरणकर्ताओं ने धमकी देते हुए कहा कि तुम्हारे भाई को साइबर फ्रॉड के केस में फंसाकर पुलिस को सौंप देंगे। साथ ही अपरहणकताओं ने धमकी देते हुए कहा कि समाज में भाई की इज्जत को खराब कर देंगे। ऐसी धमकी मिलने पर अशोक ने पुलिस से सम्पर्क किया। पुलिस ने टेक्नीकल सेल की मदद से दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने युवक को भी बरामद कर लिया है। पुलिस पूरी मामले की जांच पड़ताल करने में जुट गयी है।

### बेरमो के सभी क्षेत्रों में हर्षोल्लास के साथ ईद का त्योहार सम्पन्न

**फुसरो।** बेरमो क्षेत्र में ईद का त्योहार सोमवार को आपसी भाईचारा, सांप्रदायिक सौहार्द के साथ शांतिपूर्ण माहौल में मनाया गया। मस्जिदों और ईदगाहों में ईद की नमाज अदा की गयी। इसके बाद लोगों ने एक-दूसरे से गले मिल कर बधाई दी। एक-दूसरे के घर जाकर भी ईद की बधाई दी। सेवई और लजीज व्यंजनों का आनंद लिया। कई जगह मेला भी लगा। बिनोद बिहारी महतो फुटबॉल ग्रॉउड करगली, पुराना बीडीओ ऑफिस स्थित मदरशा गुलशने मस्जिद, रहीमगंज स्थित जमा मस्जिद, भेड़मुक्का, पटेल नगर की मदनी व मक्का मस्जिद, फुसरो रहीमगंज जमा मस्जिद, गुलशने अजमेर पुराना बीडीओ ऑफिस, राजाबेड़ा शाह मौहल्ला मस्जिद, राजाबेडा अंसारी मोहल्ला मस्जिद, सेंट्रल कॉलोनी मकोली आदि में सैकड़ों लोगों ने अकीदत के साथ नमाज अदा की और देश व दुनिया के सुख-शांति के लिए दुआ मांगी। बिनोद बिहारी महतो फुटबॉल मैदान में काफी संख्या में लोगों ने नमाज अदा की। हाफिज एहशानुल हौदा ने नमाज अदा करायी। बच्चों ने नये कपड़े पहन कर ईद की नमाज घर में पढ़ने के बाद बड़ों से ईदी ली। इसके बाद ईद की खुशी मनाते हुए खूब मस्ती की। यहाँ बेरमो थाना के एसआई मनोहर मंडल, सचिन कुमार दल-बल के साथ विधि- व्यवस्था में लगे रहे।

### ईद आपसी प्रेम व भाईचारे को बढ़ाने वाला त्योहार है: मंत्री योगेंद्र

**बेरमो/ललपनिया।** ईद के शुभ अवसर पर गोमिया प्रखण्ड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत कोदवाटांड़ और कासियाडीह में सोमवार को अल्पसंख्यक समुदायो की ओर से ईद मिलन समारोह का आयोजन किया गया।यहां मौके पर बतौर मुख्य अतिथि के तौर पर गोमिया के विधायक सह झारखंड के पेयजल एवं स्वच्छता तथा उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग मंत्री योगेन्द्र प्रसाद शामिल हुए। मौके पर उन्होंने उपस्थित सभी लोगों को ईद-उल-फितर की दिली मुबारकबाद दी।इस दौरान उन्होंने कहा कि यह पावन त्योहार प्रेम, भाईचारे, आपसी सौहार्द, सामाजिक एकता और सहयोग की भावना को मजबूत करने का संदेश देता है। कहा ईद आपसी प्रेम व भाईचारे को बढ़ाने वाला त्योहार है। त्योहार को शांतिपूर्ण तरीके से व आपसी गिले शिकवे

### पेज 1 का शेष

#### नमाज के बाद...

**दिखा गजब का उत्साह :** इस्लाम धर्मावलंबियों के सबसे बड़े त्योहार ईद-उल-फितर को लेकर खासा उत्साह रहा। सुबह से ही नए-नए कपड़े पहनकर बच्चे, बुजुर्ग और युवाओं ने अपने-अपने घरों के पास के ईदगाहों और मस्जिदों में सामूहिक रूप से ईद की नमाज अता की। नमाजियों की सुविधा के लिए अलग-अलग ईदगाहों और मस्जिदों में ईद की नमाज का समय अलग-अलग निर्धारित किया गया था। नमाज अदा करने के बाद ज्यादातर लोग कब्रिस्तान में जाकर अपने पुरखों की कब्र पर फातिहा भी पढ़ा।

#### आज निकलेगी...

सरहुल शोभायात्रा का मुख्य केंद्र केंद्रीय सरना स्थल सिरमटोली होगा। यहां शोभायात्रा में शामिल सभी लोग अपने खोड़हा के साथ आयेंगे और सरना स्थल की परिक्रमा कर वापस अपने गंतव्य स्थान के लिए लौट जायेंगे। शोभायात्रा के स्वागत के लिए रांची शहर के विभिन्न चौक-चौराहों पर आकर्षक तोरण द्वार सहित स्वागत मंच विभिन्न सामाजिक-राजनीतिक व धार्मिक संगठनों द्वारा बनाये गये हैं। जनजातीय क्षेत्रीय भाषा विभाग में सुबह 10.30 बजे सरहुल महोत्सव होगा।

**पूरे झारखंड में उल्लास : चमरा लिंडा-** प्रकृति पर्व के उल्लास में पूरा झारखंड झूम रहा है। सखुआ के सुगंधित फूल से राज्य की फिजा महक रही है। आदिवासी समुदाय पिछले कई दिनों से अखड़ा में सरहुल को लेकर मांडर की थाप पर नृत्य अभ्यास कर रहा है। झारखंड में बोलना ही गीत और चलना ही नृत्य माना जाता है। राची विवि के दीक्षांत मंडप में नव सरना युवक संघ द्वारा आयोजित सरहुल पूर्व संध्या समारोह को संबोधित करते हुए कल्याण मंत्री चमरा लिंडा ने कहा कि सरहुल आदिवासियों का प्रकृति पर्व है, जो उनकी पूजा-पाठ, धर्म, संस्कृति और सरय फूल की महत्ता से जुड़ा हुआ है। उन्होंने कहा कि युवा पीढ़ी अपनी जड़ों जोड़ने में सरहुल के महत्व को समझना बेहद आवश्यक है। वहीं कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि आदिवासी समाज हमेशा सामूकिता पर विश्वास करता है। उन्होंने कहा कि आदिवासी सभ्यता काफी समृद्ध हैं।

केंद्रीय सरना समिति के अध्यक्ष अजय तिर्की ने बताया कि आदिवासी समुदाय के लिए उल्लास, समृद्धि और प्रकृति के प्रति अपनी आस्था प्रकट करने का महत्वपूर्ण अवसर है। सिरमटोली सरना स्थल पर हजारों सरना धर्मावलंबी सरहुल शोभायात्रा में भाग लेंगे। समारोह के मुख्य अतिथि सीएम हेमंत सोरेन होंगे। इस पावन अवसर पर सभी आदिवासी समुदाय के लोग सरना मां से आशीर्वाद लेने के लिए माथा टेकेंगे और मन्नत मांगेंगे।

**सरहुल शोभायात्रा दिशा-निर्देश :** वहीं केंद्रीय सरना समिति के अध्यक्ष फूलचंद तिर्की ने बताया कि प्रकृति पूजा के इस महापर्व को लेकर जनमानस में भारी उत्साह है। सरहुल पर्व को शांति और हर्षोल्लास के साथ मनाने के दिशा-निर्देश जारी किये गये हैं। महिलाएं लालपाड़ साड़ी तथा पुरुष धोती-गंजी पहनकर शोभायात्रा में शामिल हों। पारंपरिक वाद्य यंत्रों के साथ नृत्य-संगीत करें। नशे का सेवन नहीं करें। छोटे बच्चों के पॉकेट में उनका नाम और पता लिखकर अवश्य रखें। डीजे साउंड सिस्टम का उपयोग न किया गाये। सभी श्रद्धालु सरहुल महापर्व को सफल एवं गरिमामय बनाये रखें।

**आपातकालीन नंबर :** 9199967174( फूलचंद तिर्की, अध्यक्ष, केंद्रीय सरना समिति), संजय तिर्की -9546116979, प्रमोद एक्का -62993 7119, सोहन कच्छप-89691 01781, सत्यनारायण लकड़ा-72618 24259

# ऑपरेशन ब्रह्मा: एनडीआरएफ टीम ने मांडले के उह्ला थीन मठ में बचाव अभियान किया शुरू

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** भारत की एनडीआरएफ टीम ने म्यांमार के मांडले स्थित उह्ला थीन मठ में बचाव अभियान शुरू कर दिया है, जहां शुक्रवार को आए विनाशकारी भूकंप के बाद लगभग 170 बौद्ध भिक्षु अभी भी मलबे में फंसे हुए हैं। भारतीय सेना की टीम एक चयनित स्थल पर अपनी चिकित्सा सेवा स्थापित करने की तैयारी कर रही है। विदेश मंत्रालय ने ऑपरेशन ब्रह्मा पर एक अपडेट में कहा कि हम स्काई विला में एनडीआरएफ की टीम तैनात करने की भी कोशिश कर रहे हैं, जहां 11-11 मंजिलों वाले चार टावर ढह गए हैं। टावरों में कई विदेशी हैं; या म्यांमार सरकार जिस किसी अन्य साइट पर विचार करेगी, वहां टीम तैनात की जा सकती है।



विदेश मंत्रालय ने कहा कि राहत सामग्री राज्य महानायक समिति (म्यांमार की दूसरी सबसे बड़ी समिति) के महासचिव को भी दी जाएगी, जहां लगभग 2,000 भिक्षु मठ के बाहर बैठे हैं (जो घायल नहीं हैं, लेकिन उनके पास जाने के लिए कोई जगह नहीं है और कोई बुनियादी सुविधाएं भी नहीं हैं)। इसने कहा कि हमारी टीमें मंडाले पैलेस, महा मुनि पैगोडा, एमआईआईटी तथा अन्य ऐसे स्थानों पर भी तैनात की जाएंगी जहां भारी क्षति हुई है। बयान में कहा गया कि हम भारतीय समुदाय के सदस्यों को रहने एवं भोजन के लिए सहायता प्रदान कर रहे हैं। रिपोर्टों के अनुसार, स्काई विला अपार्टमेंट ब्लॉक के मलबों में 90 से अधिक लोगों के फंसे होने की आशंका है। उल्लेखनीय है कि 28 मार्च को दोपहर में मंडाले के उत्तर-पश्चिम में 7.7 तीव्रता का भूकंप आया, जिसके कुछ ही मिनटों बाद 6.7 तीव्रता का दूसरा झटका लगा। भूकंप के कारण म्यांमार के बड़े हिस्से में इमारतें नष्ट हो गईं, पुल गिर गए और सड़कें क्षतिग्रस्त हो गईं। देश के दूसरे सबसे बड़े शहर और 17 लाख से अधिक लोगों के घर मांडले में भारी तबाही हुई। उह्ला थीन मठ में 180 से अधिक भिक्षु, वरिष्ठ स्तर की भिक्षुणी छह दिवसीय परीक्षा दे रहे थे, जब शुक्रवार को भूकंप आया। भूकंप के कारण इमारत के एक हिस्से की तीन मंजिलें एक के ऊपर एक गिर गईं। रिपोर्टों के अनुसार शुक्रवार और शनिवार को कुल 21 लोगों को जीवित बचा लिया गया तथा रविवार सुबह तक मठ से 13 शव बरामद किये गये।

# पीएम मोदी 19 को कश्मीर तक जाने वाली वंदे भारत ट्रेन को दिखाएंगे हरी झंडी : जितेन्द्र सिंह

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 19 अप्रैल को कटरा से जम्मू-श्रीनगर वंदे भारत ट्रेन सेवा का उद्घाटन करेंगे, जो 272 किलोमीटर लंबी उधमपुर-श्रीनगर-बारामूला रेलवे लिंक परियोजना के पूरा होने का प्रतीक होगा। कल रविवार को जम्मू में पत्रकारों से बात करते हुए केंद्रीय मंत्री सिंह ने कहा, प्रधानमंत्री मोदी 19 अप्रैल को उधमपुर पहुंचेंगे। वह दुनिया के सबसे ऊंचे रेलवे पुल का दौरा करेंगे और उसका उद्घाटन करेंगे। इसके बाद वह कटरा से वंदे भारत ट्रेन को हरी झंडी दिखाएंगे।



बता दें, जम्मू-कटरा-श्रीनगर वंदे भारत एक्सप्रेस कटरा से परिचालन शुरू करेगी, क्योंकि जम्मू रेलवे स्टेशन पर अभी नवीनीकरण का काम चल रहा है। अधिकारियों के अनुसार, रेल संपर्क परियोजना पिछले महीने पूरी हो गई थी। वहीं, कटरा-बारामूला मार्ग पर ट्रेन का ट्रायल रन सफलतापूर्वक किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि रेलवे सुरक्षा आयुक्त ने जनवरी में कटरा और कश्मीर के बीच ट्रेन सेवा को मंजूरी दी थी।अधिकारियों ने कहा कि वंदे भारत एक्सप्रेस से जम्मू और श्रीनगर के बीच यात्रा का समय काफी कम होने की उम्मीद है, जिससे इस क्षेत्र के लिए आधुनिक और कुशल रेल सेवा उपलब्ध होगी।

दरअसल, ट्रेन के शुरू होने से कश्मीर के लिए सीधी रेल कनेक्टिविटी की लंबे समय से चली आ रही मांग पूरी होगी।वर्तमान में, घाटी के भीतर संगलदान-बारामूला मार्ग और कटरा से देश भर के विभिन्न गंतव्यों तक ट्रेन सेवाएं सीमित हैं। अधिकारियों ने कहा कि कश्मीर को रेल से जोड़ने की महत्वाकांक्षी परियोजना 1997 में शुरू हुई थी, लेकिन चुनौतीपूर्ण भूवैज्ञानिक, स्थलाकृतिक और मौसम संबंधी स्थितियों के कारण इसमें कई देरी हुई।

## स्पीड न्यूज

### पीएम के संभावित मधुबनी दौरे को लेकर बैठक

**मधुबनी।** बिहार के मधुबनी में आगामी 24 अप्रैल को होने वाली प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की संभावित यात्रा के मद्देनजर सोमवार को प्रशासनिक इन्तजाम सहित अन्य तैयारी को लेकर केन्द्रीय मंत्री राजीव रंजन कुमार सिंह उर्फ ललन सिंह,उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने अधिकारियों के संग बैठक की। बैठक में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार मंत्रिमंडल के सदस्य नीतीश कुमार मिश्रा (उद्योग मंत्री), बिहार के मुख्य सचिव अमृत लाल मीणा, बिहार के डीजीपी विनय कुमार समेत राजग के नेता और जिले के प्रशासनिक पदाधिकारी भी मौजूद रहे। डीआईजी, डीएम, एसपी के साथ विधायक और सांसद भी मौजूद थे। हालांकि, इनमें जदयू की ओर से केंद्रीय मंत्री ललन सिंह के अलावा अन्य कोई और नहीं दिखा।

### नेपाल : राजतंत्र समर्थक आंदोलन पहाड़ों से मैदानों तक फैला



**काठमांडू/रक्सौल।** भ्रष्टाचार, बेरोजगारी और महंगाई जैसी समस्या का समाधान राजा की शरण में मिल जाने की उम्मीद में लोकतंत्र को समाप्त कर राजतंत्र की वापसी के लिए संघर्ष शुरू करने वाले दुनिया के पहले देश नेपाल में यह आंदोलन अब पहाड़ से उतरकर मैदान की ओर फैलने लगा है। भारत के सीमवर्ती राष्ट्र नेपाल में राजतंत्र की वापसी का आंदोलन बहुत कम समय में ही देशव्यापी विस्तार पाने लगा है। बेरोजगारी और महंगाई से उत्पन्न नाराजगी युवा कंधों पर सवार होकर पहाड़ी क्षेत्रों से उतरकर मैदानों इलाकों में फैलने लगी है। इसके ठीक विपरीत लोकतंत्र की स्थापना का आंदोलन मैदानी क्षेत्रों से निकलकर पहाड़ों इलाकों की ओर गया था।

# वक्फ विधेयक पर लोगों को गुमराह करने की राजनीति नहीं, बहस करें: किरन रिजिजू

एजेंसी

नयी दिल्ली। केन्द्रीय अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री किरन रिजिजू ने वक्फ विधेयक के विरोध करने वालों की सोमवार को कड़ी आलोचना करते हुए, उनसे विधेयक पर लोगों को गुमराह करने की राजनीति करने के बजाए, चर्चा करने की अपील की। श्री रिजिजू ने राजधानी में एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि यह विधेयक गरीब मुसलमानों के हक में है और यह जमीन पर कब्जा करने वालों के खिलाफ है। उन्होंने कहा कि इस विधेयक पर संसद में विस्तार से चर्चा होगी और विरोधी इस पर चर्चा करें , झूठ न फैलाएं। मंत्री ने कहा कि यह लोगों को बरगलाया जा रहा है कि सरकार इस विधेयक के जरिए कब्रिस्तानों, दरगाहों और मस्जिदों की जमीन छीन लेगी। उन्होंने कहा कि इससे बड़ा कोई और झूठ नहीं हो सकता है। लोगों को इस तरह से गुमराह करने वाले लोग समाज के लिए खतरा हैं और लोगों को उन पर नजर रखनी चाहिए। श्री रिजिजू ने कहा कि ऐसे ही लोगों ने नागरिकता (संशोधन) अधिनियम का भी विरोध किया था और फैलाया था कि इससे मुसलमानों की नागरिकता छीन ली जाएगी। उन्होंने सवाल किया कि क्या एक साल में किसी भारतीय मुसलमान की नागरिकता छीनी गयी है? श्री रिजिजू ने कहा कि इस तरह लोगों को गुमराह करने की हरकत शरारतपूर्ण है और इसे स्वीकार नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा



कि भारत एक धर्मनिरपेक्ष देश है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को इस बारे में स्पष्ट सोच है, 'सबका साथ, सबका विकास। मंत्री ने कहा कि हिंदू, मुस्लिम, सिख, बौद्ध, ईसाई और पारसी सभी मिलकर भारत को और अच्छा देश बनाएंगे। उन्होंने कहा कि वक्फ विधेयक को लेकर ईद जैसे त्योहार का इस्तेमाल कुछ लोगों ने राजनीति के लिए किया और आज लोगों को वक्फ विधेयक के खिलाफ काली पट्टी पहनकर नमाज के लिए उकसाया। श्री रिजिजू ने सवाल किया कि ईद जैसे पवित्र त्योहार का इस्तेमाल राजनीति के लिए करना ठीक है?

मंत्री से केरल के ईसाई धर्मगुरुओं की केरल बिशप कौंसिल द्वारा की गई उस अपील के बारे में भी पूछा गया, जिसमें कौंसिल ने वक्फ बोर्ड की मौजूदा व्यवस्था के ठीक किए जाने की जरूरत को रेखांकित किया है। श्री रिजिजू ने कहा कि क्या केरल के सांसदों को बिशप कौंसिल की चिंता पर ध्यान नहीं देना चाहिए। उन्होंने इस सुझाव को हास्यापद बताया कि बिशप कौंसिल के रुख के पीछे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) का हाथ है।

## मुसलमान बहकावे में नहीं आयें : शाहनवाज

नयी दिल्ली। संसद में इस सप्ताह वक्फ संशोधन विधेयक पेश किये जाने की अटकलों के बीच भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने आज देश के मुस्लिम समाज को आगाह किया कि उन्हें कांग्रेस के ईकोसिस्टम द्वारा नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) की तर्ज पर वक्फ को लेकर भड़काने की कोशिश की जा रही है ताकि देश को कमजोर किया जा सके इसलिए मुस्लिम समाज को बहकावे में नहीं आना चाहिए। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं पूर्व केन्द्रीय मंत्री सैयद शाहनवाज हुसैन ने ईद के अवसर पर उनके निवास पर पधारे पत्रकारों से बातचीत में कहा कि ऐसी रिपोर्टें आयीं हैं कि ईद के मौके पर मस्जिदों में नमाज के वक्त कई जगह लोग काली पट्टी बांध कर नमाज पढ़ने आये हैं। उन्होंने कहा कि वक्फ संशोधन विधेयक को लेकर कांग्रेस का ईकोसिस्टम फिर से सक्रिय हो गया है और उन्हें उसी तरह से भड़काने की कोशिश की जा रही है जैसे सीएए को लेकर और कृषि कानूनों को लेकर भड़काया गया था और कुछ लोग वक्फ के नाम पर बेसिरपैर का हंगामा कर रहे हैं। श्री हुसैन ने कहा कि रमजान के बाद ईद खुशी का मौका होता है। इबादत के बीच सियासत कहां से आ गयी। उन्होंने काली पट्टी बांध कर आने वालों को चेतावनी दी कि वे मस्जिद को राजनीति का अड्डा नहीं बनायें। मस्जिद में खुदा और बंदे के बीच का रिश्ता होता है। सियायत की कोई गुंजाइश नहीं होती है। उन्होंने कहा कि मुस्लिम समाज बहकावे



में नहीं आयें। ऑल इंडिया मजलिसे इत्तेहादुल मुस्लमीन के नेता असदुद्दीन ओवैसी एक आलीशन जिंदगी जीते हैं। उनका आम मुसलमानों से कोई लेना देना नहीं है। वह हिन्दू और मुसलमानों के बीच लड़ाई-झगड़ा करवा कर अपनी राजनीति चमकाते हैं। वह इसी लक्ष्य को लेकर काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि वक्फ संशोधन विधेयक में किसी भी मजार, दरगाह, मस्जिद, ईदगाह या कब्रिस्तान को छीना नहीं जा रहा है। बल्कि गरीब मुसलमानों को उसका लाभ मिले, इसका प्रावधान किया गया है। इसलिए इसके विरोध का कोई कारण ही नहीं है। उन्होंने कहा कि आज बहुत थोड़े लोगों ने काली पट्टी बांधी थी जबकि बहुसंख्यक मुसलमानों ने कोई पट्टी नहीं बांधी और सामान्य रूप से हर्षोल्लास के साथ नमाज अदा की। इस तरह से काली पट्टी वालों की हार हुई है।





VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची
Verma's® Today®
शृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar – II | ₹ 120 | English Grammar – II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान!


## दंतेवाड़ा मुठभेड़ में 25 लाख की इनामी नक्सली रेणुका ढेर

**दंतेवाड़ा।** छत्तीसगढ़ में लगातार तीसरे दिन सोमवार को भी सुरक्षा बलों ने माओवादी संगठन को करारा झटका दिया जब दंतेवाड़ा और बीजापुर की सीमा पर हुई मुठभेड़ में 25 लाख की इनामी महिला माओवादी रेणुका उर्फ बानु ढेर कर दी गयी। जवानों ने महिला नक्सली के शव के साथ इंसास राइफल और भारी मात्रा में गोला बारूद भी बरामद किया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, दंतेवाड़ा और बीजापुर में सुरक्षाबलों के जवानों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ चल रही है। मुठभेड़ अभी भी जारी है और जवानों के वापस आने के बाद अंतिम आंकड़े जारी किए जाएंगे। ऐसे में अंदाजा लगाया जा रहा है कि, जवानों को एक बार फिर बड़ी सफलता मिली है। इस बीच छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री एवं गृहमंत्री विजय शर्मा ने बताया कि आज दंतेवाड़ा मुठभेड़ में 25 लाख की इनामी महिला माओवादी रेणुका उर्फ बानु मारी गई। उन्होंने कहा,ह्लभटके हुए लोगों से पुनः अपील है कि नक्सलवाद के काले अंधकार को छोड़ें और लोकतंत्र के प्रकाश से उज्ज्वल समाज की मुख्यधारा में शामिल हों। विष्णुदेव सरकार आपका स्वागत करती है! गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ के बीजापुर व दंतेवाड़ा जिलों में रविवार को 65 माओवादियों ने सुरक्षाकर्मियों के सामने आत्मसमर्पण कर नक्सली संगठन को करारा झटका दिया। दंतेवाड़ा जिले में जारी लोन वराटू (घर वापस आइए) अभियान से प्रभावित होकर 15 नक्सलियों ने सरेंडर कर दिया है।

# भारत की सार्वजनिक शिक्षा प्रणाली का 'नरसंहार' समाप्त होना चाहिए: सोनिया

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस नेता सोनिया गांधी ने सोमवार को मोदी सरकार की शिक्षा नीति की आलोचना करते हुए कई गंभीर आरोप लगाये। अंग्रेजी अखबर 'द हिंदू' में प्रकाशित लेख द '3सी दैट हॉन्ट इंडियन एजुकेशन टुडे में गांधी ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 की शुरूआत ने सरकार की वास्तविकता को छिपा दिया है जो भारत के बच्चों और युवाओं की शिक्षा के प्रति बेहद उदासीन है। सोनिया ने अपने लेख में कहा कि ये तीन 'सी' आज भारतीय शिक्षा को परेशान कर रहे हैं। सार्वजनिक शिक्षा प्रणाली में यह 'नरसंहार' समाप्त होना चाहिए। सोनिया गांधी ने लेख में लिखा, पिछले दशक के दौरान केंद्र सरकार



के ट्रैक रिकॉर्ड ने स्पष्ट रूप से प्रदर्शित किया है कि शिक्षा के क्षेत्र में वह केवल तीन मुख्य एजेंडा के कार्यान्वयन को लेकर चिंतित है। केंद्र सरकार के पास सत्ता का केंद्रीकरण; शिक्षा में निवेश का व्यावसायीकरण और निजी क्षेत्र को आउटसोर्सिंग, तथा पाठ्यपुस्तकों, पाठ्यक्रम और संस्थानों का सांप्रदायिकरण। गांधी ने आरोप लगाया कि पिछले 11 वर्षों में इस सरकार की कार्यप्रणाली की पहचान अनियंत्रित केंद्रीकरण रही है। इसके सबसे हानिकारक परिणाम शिक्षा के क्षेत्र में हुए हैं। उन्होंने कहा कि केंद्रीय शिक्षा सलाहकार बोर्ड, जिसमें केंद्र और राज्य सरकारों के शिक्षा मंत्री शामिल हैं, की सितंबर 2019 से कोई बैठक नहीं हुई है। उन्होंने कहा कि एनईपी 2020 के माध्यम से शिक्षा में आमूलचूल परिवर्तन को अपनाने और लागू करने के बावजूद सरकार ने एक बार भी इन नीतियों के कार्यान्वयन पर राज्य सरकारों से परामर्श करना उचित नहीं समझा. उन्होंने लेख में दावा किया, यह सरकार अपनी आवाज के अलावा किसी अन्य की आवाज पर ध्यान नहीं देती, यहां तक कि उस विषय पर भी जो भारतीय संविधान की समवर्ती सूची में है।